www.navpradesh.com

दैनिक **नवप्रदेश**

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, शनिवार 30 मार्च 2024, वर्ष-9 अंक- 348 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

बंदे में कोई बात तो है। बदनाम होकर भी सारी दुनिया में उसका नाम हो गया है। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अमेरिका और जर्मनी ने भी सवाल उठा दिया है। घुंघरू सेठ कभी ये गा रहे हैं कि - मेरे पैरों में घुंघरू बांध दें तो फिर चाल देख ले....। कभी वे गुनगुना रहें हैं कि - मैं ऐसा झूम के नाची आज की घुंघरू टूट गए...। दोनों ही सूरत में वे मीडिया की सुर्खियां बटोरने में सफल हो रहे हैं। यदि वे नेता की जगह अभिनेता होते तो शर्तिया सर्वश्रेष्ठ अभिनय के लिए आस्कर पुरस्कार के प्रबल दावेदार बनते।

भूपेश उवाच संयोग या प्रयोग

यशवंत धोटे

रायपुर/नवप्रदेश। राजनांदगांव लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बैलेट पेपर से चुनाव वाले बयान से कांग्रेस में किसका नफा या नुकसान हुआ या हो रहा है इस पर राजनीतिक प्रेक्षकों की रायशुमारी चल रही है। इस बयान को लेकर भाजपा की शिकायत के बाद रायपुर से लेकर दिल्ली तक चुनाव आयोग सतर्क हो चुका है। संवैधानिक तौर पर यह तो सही है कि 384 से अधिक प्रत्याशी हो जाने से आयोग को बैलेट पेपर से चुनाव कराना होगा, लेकिन ठीक चलते चुनाव में इस तरह की कवायद व्यवहारिक तौर पर असंभव सी लगती है। वह भी तब जब कांग्रेस के बैंक खाते सीज हो रहे हों। अर्थाभाव के चलते बड़े-बड़े नेता चुनाव लड़ने से डर रहे हों।

वैसे भी पांच साल में कार्यकर्ताओं को आर्थिक तौर पर इतना सक्षम ही नहीं होने दिया कि निर्दलीय चुनाव लड़ने के लिए वह पैसे खर्च कर सके। राजनांदगांव के कार्यकर्ता सुरेन्द्र दाउ ने सबकी ओर से बता ही दिया कि पांच साल क्या हाल रहा। बघेल के इस बयान या कथित कवायद से राजनीतिक तौर पर कांग्रेस के प्रत्याशियों का कितना नफा या नुकसान हो रहा है यह देखने वाली बात है।

दरअसल मीडिया की हेडलाइन यह तो अच्छी लगती है कि दुर्ग से बाहर जाकर लोग चुनाव लड़ रहे हैं तो दुर्ग का दबदबा है, लेकिन इसके स्याह पक्ष को कितने लोग देख या समझ रहे हैं कि पांच साल सरकार चलाने के बाद राज्य की 11 लोकसभा सीटों पर ऐसे कायकर्ता क्यों नही तैयार किए गये जो वहां के हों और वहीं चुनाव लड़ने की ताकत रखते हों।

यह लिखने या दिखाने वाले को गोदी मीडिया और बोलने वाले को भाजपा स्लीपर सेल कह देने से क्या जिम्मेदारी से बचा जा सकता है। दरअसल अपने विधानसभा क्षेत्र पाटन में कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू के लिए चुनाव प्रचार में दिए गए इस भाषण से दुर्ग लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी आहत हैं, लेकिन बोल पाने की स्थिति में नहीं हैं। किसी राष्ट्रीय पार्टी के सिम्बाल से पहली बार चुनाव लड़ रहे राजेन्द्र साहू इससे पहले कांग्रेस को हराने के लिए ही चुनाव लड़ते या काम करते रहे हैं। यह कोई नई बात इसलिए नहीं है कि दुर्ग की कांग्रेस की राजनीति की यही नियति है।

कांग्रेस को दफन करने के सारे नारे यहीं से निकले और पूरे देश में छा गए, लेकिन 2018 में भूपेश बघेल के मुख्यमंत्री बनने के बाद से कांग्रेस की सत्ता व संगठन में राजेन्द्र इतने खास रहे कि अब लोकसभा के प्रत्याशी हैं। अब यह महज संयोग है या प्रयोग यह समझ से परे है कि आज उनके लिए कार्यकर्ताओं के लाले पड़ गये हैं। भिलाई विधानसभा के विधायक देवेन्द्र यादव बिलासपुर लोकसभा के प्रत्याशी बनते ही अपनी पूरी फौज को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

लोकतंत्र का चीरहरण करने वालों पर होगी कार्रवाई : राहुल

नई दिल्ली, (वार्ता)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने कहा है कि लोकतंत्र का चीरहरण करने वाले लोगों पर जरुर कार्रवाई होगी। गांधी ने शुक्रवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय को अपना काम करना चाहिए और अगर ये लोग अपना काम करते तो यह नहीं होता। गांधी ने कहा, ÷किसी न किसी दिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार बदलेगी तो 'लोकतंत्र का चीरहरण' करने वालों पर कार्रवाई ज़रूर होगी। उन्होंने कहा और ऐसी कार्रवाई होगी कि दोबारा फ़िर किसी की हिम्मत नहीं होगी, ये सब करने की। ये मेरी गारंटी है।

केजरीवाल ने तानाशाही ताकतों को ललकारा है : सुनीता केजरीवाल

नई दिल्ली, (वार्ता)। दिल्ली के मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कहा कि उनके पति के रोम-रोम में देशभक्ति है। उन्होंने देश के सबसे भ्रष्टाचारी और तानाशाही ताकतों को ललकारा है।

सुनीता ने शुक्रवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि गुरुवार को अरविंद केजरीवाल ने कोर्ट में अपना पक्ष रखा था। पूरे देश ने सुना। अगर किसी ने अरविंद केजरीवाल के कोर्ट में रखा गया पक्ष नहीं सुना है तो वो जरूर सुनें। उन्होंने कोर्ट के सामने जो कुछ बोला, उसके लिए बहुत हिम्मत चाहिए।

केजरीवाल के समर्थन में आगे आया संयुक्त राष्ट्र : आप

नई दिल्ली, (वार्ता)। आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा है कि पार्टी के संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के समर्थन में अब संयुक्त राष्ट्र भी आगे आ गया है। आप ने शुक्रवार को कहा कि विश्व स्तर पर श्री केजरीवाल के समर्थन में उठ रही आवाजें इस बात का प्रमाण हैं कि उन्होंने सच्ची जनसेवा और क्रांतिकारी विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता कैसे पूरी की है। आप की पंजाब इकाई ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सी-विजिल एप से मिलीं 79 हजार शिकायतें

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने सी-विजिल एप को आचार संहिता का उल्लंघन को चिन्हित करने के लिए एक प्रभावशाली उपकरण बताया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद से इस एप के माध्यम से 79,000 से अधिक शिकायतें मिलीं है। आयोग ने आगे बताया कि 99 प्रतिशत से अधिक शिकायतों का समाधान कर दिया गया है । उनमें से 89 प्रतिशत का समाधान 100 मिनट में किया गया है।

आयोग ने बताया कि 58,500 शिकायतें अवैध बैनर होर्डिंग्स को लेकर दर्ज की गई थी, जबकि 1,400 शिकायतें पैसे, उपहार बांटने और शराब वितरित करने के संबंध में थे। वहीं तीन प्रतिशत शिकायतें संपत्ति को नष्ट करने को लेकर थी। डराने-धमकाने की 535 शिकायतों में से 529 का समाधान हो चुका है।

लोकसभा 2019 के निर्वाचित सांसदों की एडीआर रिपोर्ट

मौजूदा लोकसभा सांसदों में सबसे ज्यादा

अपराधिक मामलों में नंबर 1 पर भाजपा दूसरे पर कांग्रेस सांसद

नई दिल्ली/रायपुर/नवप्रदेश। 17वीं लोकसभा में मौजूद सांसदों के अपराधिक मामलों पर एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स और नेशनल इलेक्शन वॉच ने 2019 के लोकसभा चुनाव के निर्वाचित 543 सांसदों विश्लेषण किया और एक सांसद देवेन्द्र सिंह भाजपा का विश्लेषण नहीं हो पाया क्योंकि उनके हलफनामे ठीक से अपलोड नहीं हो पाए है और बाकी 28 सीटें खाली है। इस विश्लेषण में 2019 के लोकसभा चुनाव और उसके बाद हुए उप-चुनावों से पहले उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत किए गए हलफनामों पर आधारित है।

गंभीर आपराधिक मामलों वाले राज्यवार लोकसभा सांसद

- उत्तर प्रदेश के 76 सांसदों में से 33
- महाराष्ट्र के 46 सांसदों में से 13
- ओडिशा 40 सांसदों में से 16
- पश्चिम बंगाल से 40 सांसदों में से 22
- तमिलनाडु से 39 सांसदों में से 11
- कर्नाटक से 28 सांसदों में से 6
- केरल के 20 सांसदों में से 8
- आंध्र प्रदेश के 22 सांसदों में से 8
- तेलंगाना के 13 सांसदों में से 5
- हिमाचल प्रदेश के 4 में से 2 सांसदों ने अपने हलफनामे में अपने खिलाफगंभीर आपराधिक मामले घोषित किए।

225 सासंदों पर मामले

मौजूदा सांसदों में से 225 सांसदों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं।

09 सांसदों पर हत्या का केस

9 मौजूदा सांसदों ने हत्या से जुड़े मामलों की घोषणा की है। इनमें से 5 मौजूदा सांसद बीजेपी से, 1 सांसद कांग्रेस, बीएसपी, वाईएसआरसीपी से हैं और एक सांसद निर्दलीय है।

149 गंभीर आपराधिक मामले

149 मौजूदा सांसदों ने गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं जिनमें हत्या, हत्या का प्रयास, सांप्रदायिक वैमनस्य, अपहरण, महिलाओं के खिलाफ अपराध आदि से संबंधित मामले शामिल हैं।

पार्टीवार आपराधिक मामले वाले मौजूदा सांसद :

बीजेपी के 294 मौजूदा सांसदों में से 118, कांग्रेस के 46 मौजूदा सांसदों में से 26, डीएमके के 24 मौजूदा सांसदों में से 11, 19 मौजूदा सांसदों में से 8, एआईटीसी से जेडी (यू) के 16 मौजूदा सांसदों में से 12 और वाईएसआरसीपी द्वारा मैदान में उतारे गए 17 मौजूदा सांसदों में से 8 ने अपने हलफनामे में अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की।



पार्टी के अनुसार गंभीर आपराधिक मामले वाले सांसद

■ भाजपा के 294 मौजूदा सांसदों में से 87, ■ कांग्रेस के 46 मौजूदा सांसदों में से 14, ■ डीएमके के 24 मौजूदा सांसदों में से 7, ■ 4 एआईटीसी के 19 मौजूदा सांसदों में से, ■ जेडी के 16 मौजूदा सांसदों में से 8, ■ वाईएसआरसीपी द्वारा मैदान में उतारे गए 17 मौजूदा सांसदों में से 7 ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं।

महिला अपराध-16, 3 सांसदों पर बलात्कार की धारा

16 मौजूदा सांसदों पर महिलाओं के खिलाफअपराध मामलों की घोषणा की है। 16 मौजूदा सांसदों में से 3 मौजूदा सांसदों ने बलात्कार (आईपीसीधारा-376) से संबंधित मामलों की घोषणा की है।



28 मौजूदा सांसदों जिन पर है हत्या का केस

28 मौजूदा सांसदों ने हत्या के प्रयास के मामलों की घोषणा की है। इनमें से 21 मौजूदा सांसद बीजेपी से हैं और कांग्रेस, एआईटीसी, बीएसपी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, वाईएस आरसीपी, राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी और विदुथलाई चिरुथिगल काची से एक-एक सांसद हैं।

चुनाव के बीच कांग्रेस को झटके पे झटका!

पहले हाईकोर्ट से.. अब इनकम टैक्स का

- देश की सबसे पुरानी पार्टी की आर्थिक चिंताएं बढ़ी
- आईटी ने थमाया 1700 करोड़ का नोटिस
- इससे पहले हाईकोर्ट ने याचिका खारिज कर दी थी

नई दिल्ली। कुछ महीने से देखा जाए तो कांग्रेस में परेशानियों की सूची बढ़ती जा रही है। कारण चाहे जो भी हो, पर पार्टी दिक्कतों से सामना कर रहे हैं। देश में लोकसभा चुनाव से पहले ही कांग्रेस की आर्थिक मुश्किलें बढ़ गई हैं। पहले हाईकोर्ट से, अब आयकर विभाग ने कांग्रेस पार्टी को 1700 करोड़ का नोटिस थमाया है।

बता दें इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने कांग्रेस की याचिका खारिज कर दी थी। लोकसभा चुनाव से पहले ही सबसे पुरानी पार्टी की आर्थिक चिंताएं बढ़ गई हैं। आयकर विभाग की नई मांग 2017-18 से 2020-21 के लिए है। इसमें जुर्माना और ब्याज दोनों शामिल हैं।

कार्रवाई अलोकतांत्रिक और अनुचित- कांग्रेस

यह रकम और बढने की संभावना है। आयकर विभाग 2021-22 से 2024-25 तक आय के पुनर्मूल्यांकन का इंतजार कर रहा है। यह रविवार को समाप्त हो जाएगा। कांग्रेस के वकील विवेक तन्खा ने कहा कि पार्टी कानूनी चुनौती पेश करेगी। उन्होंने आयकर विभाग की कार्रवाई को अलोकतांत्रिक और अनुचित बताया।

हाईकोर्ट ने कांग्रेस की याचिका खारिज कर दी

दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को कांग्रेस की याचिका खारिज कर दी। इस याचिका में कर अधिकारियों ने चार साल की अवधि के लिए कर पुनर्मूल्यांकन कार्यवाही शुरू की थी। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा और न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव की पीठ ने कहा कि याचिकाएं उसके पहले के फैसले के अनुरूप खारिज कर दी गईं, और एक और वर्ष के लिए पुनर्मूल्यांकन शुरू करने में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया गया। मौजूदा मामला आंकलन वर्ष 2017 से 2021 तक का है। कांग्रेस ने याचिका में तर्क दिया कि आयकर अधिनियम की धारा 153सी के तहत ■ शेष पृष्ठ 6 पर

'कर आतंकवाद' से चुनाव जीतना चाहती है भाजपा

कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर 'कर आतंकवाद' से लोकसभा चुनाव जीतने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। पार्टी ने शुक्रवार को कहा कि इसके विरुद्ध न्यायपालिका में अपील की जाएगी और सड़क पर संघर्ष होगा। पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने पार्टी मुख्यालय में एक विशेष संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार सरकारी संस्थाओं का प्रयोग कर विपक्षी पार्टियों को लगातार कमजोर कर रही है। आयकर विभाग समेत कई अन्य संस्थाओं का प्रयोग कर विपक्षी दलों और उनके नेताओं को परेशान किया जा रहा है।

हमें बाहरी ताकत की मदद की आवश्यकता नहीं

आयकर विभाग की कार्रवाई का सामना कर रही कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी को किसी बाहरी ताकत की मदद की आवश्यकता नहीं है और उसे भारतीय लोकतंत्र तथा न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है। कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने यहां पार्टी मुख्यालय में एक विशेष संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत का लोकतंत्र और न्यायपालिका बहुत मजबूत है तथा पार्टी को उन पर पूरा भरोसा है।

हर हफ्ते देनी होगी गेहूं के स्टॉक की जानकारी

- खाद्य सुरक्षा प्रबंधन के तहत जमाखोरी रोकने की कवायद में मंत्रालय का आदेश

नई दिल्ली, (वार्ता)। सरकार ने खाद्य सुरक्षा प्रबंधन और जमाखोरी और सट्टेबाजी को रोकने के लिए सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में व्यापारियों, थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, बड़े खुदरा विक्रेताओं के साथ प्रसंस्करण कंपनियों को आगामी एक अप्रैल से अगले आदेश तक प्रत्येक शुक्रवार को गेहूं की अपनी स्टॉक की स्थिति की घोषणा करने के लिए कहा है।

उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने आज कहा कि इस निर्णय के तहत सभी संस्थाओं को यह जानकारी मंत्रालय के विशेष पोर्टल पर अनिवार्य रूप से नियमित तथा उचित रूप से प्रकाशित करनी होगी।

गूगल का बड़ा एक्शन हटाए 1.2 करोड़ अकाउंट

नई दिल्ली (ए.)। गूगल ने विज्ञापन दिखाने के नाम पर फर्जीवाड़ा करने वालों पर कड़ा एक्शन लिया है। गूगल की ओर से ऐसे करीब 1.2 करोड़ गूगल अकाउंट को ब्लॉक कर दिया गया है, जो गूगल की विज्ञापन नीति का उल्लंघन करके अपने विज्ञापन यूजर्स को दिखा रहे थे। गूगल का कहना है कि नियमों के उल्लंघन की वजह से मैलवेयर और फर्जीवाड़े की बढ़ने की सूचनाएं मिल रही थी, जिसकी जांच के बाद उन गगूल अकाउंट को हटाया गया है, जो नियमों को बायपास करके विज्ञापन जारी कर रहे थे। गूगल की ओर से यह जानकारी उसकी वार्षिक विज्ञापन सुरक्षा रिपोर्ट के हवाले से जारी की गई है।

गरमा-गरम

सामरिक... बार्ज नौका को ठाणे के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम शिपयार्ड, मेसर्स सूर्यदिप्ता प्रोजेक्ट्स प्रा. लिमिटेड ने बनाया

गोला बारूद, टारपीडो ले जाने वाली बार्ज नौका नौसेना के बेड़े में शामिल

नई दिल्ली, (वार्ता)। गोला बारूद, टारपीडो तथा मिसाइलों को समुद्र में एक स्थान से दूसरे स्थान पर लाने - ले जाने में सक्षम तीसरी बार्ज नौका एलएसएएम-18 गुरुवार को नौसेना के बेडे में शामिल हो गयी। नौसेना ने शुक्रवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि इस बार्ज नौका को ठाणे के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम शिपयार्ड, मेसर्स सूर्यदिसा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ने बनाया है।

रक्षा मंत्रालय ने इन नौकाओं के निर्माण के लिए मेसर्स सूर्यदीसा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ पांच मार्च 2021 में एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे। इन नौकाओं के भारतीय नौसेना में शामिल होने से नौसेना की संचालन क्षमता को बढाने एवं अभियानों को पूरा करने में तेजी आयेगी। इन नौकाओं से बांधों , घाटों और बाहरी बंदरगाह पर भारतीय नौसेना के जहाजों के लिए सामान, गोला-बारूद के परिवहन, लदान तथा चढ़ाने-उतारने की सुविधा मिलेगी।

विशाखापत्तनम की नौसेना ने तैयार किया मॉडल

ये छोटे जहाज नौसेना नियमों और भारतीय शिपिंग रजिस्टर के विनियमन के तहत स्वदेशी रूप से तैयार तथा निर्मित किए गए हैं। डिजाइन चरण के दौरान बार्ज नौकाओं का मॉडल परीक्षण विशाखापत्तनम की नौसेना विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला में किया गया था। ये बार्ज नौकाएं भारत सरकार की 'मेक इन इंडिया' पहल की गौरवशाली ध्वजवाहक हैं।

उद्देश्यों को पूरा करने सशस्त्र बलों में हो एकजुटता : नौसेना प्रमुख

नई दिल्ली, (वार्ता)। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने राष्ट्रीय सैन्य उद्देश्यों को हासिल करने के लिए सशस्त्र बलों में एकजुटता और एकीकरण के महत्व पर बल दिया है।नौसेना के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि एडमिरल कुमार ने गुरुवार को स्टाफ कॉलेज वेलिंगटन का दौरा किया और 79 वें स्टाफकोर्स में भाग ले रहे सशस्त्र बलों के शीर्ष अधिकारियों को संबोधित किया।

नौसेना प्रमुख ने भारत की समुद्री विरासत और हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्रीय विशिष्टता स्थापित करने में देश के भूगोल के महत्व को रेखांकित किया। एडमिरल कुमार ने समुद्री डकैती के विरूद्ध चलाये जा रहे मिशनों सहित भारतीय नौसेना द्वारा हाल ही में चलाए गए कुछ अभियानों के बारे में विस्तार से चर्चा की।

मौजूदा सांसदों के दिए वित्तीय हलफनामे का एडीआर ने किया विश्लेषण

2019 लोकसभा चुनाव में जीते 25 सांसद अरबपति, जिनमें भाजपा के सबसे ज्यादा 9 सांसद

नई दिल्ली/रायपुर/नवप्रदेश। 17वीं लोकसभा में मौजूद सांसदों के अरबपति मौजूदा सांसदों का पार्टीवार प्रतिशत का एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स और नेशनल इलेक्शन वॉच ने विश्लेषण किया। इन सभी 514 में से मौजूदा सांसदों का विश्लेषण किया गया तो इसमें देखा गया कि 25 प्रतिशत सांसद अरबपति हैं। अरबपति मौजूदा सांसदों में प्रमुख दलों में बीजेपी के 294 सांसदों में से 9, कांग्रेस के 46 सांसदों में से 2, वाईएसआरसीपी के 17 सांसदों में से 2, टीआरएस के 5 सांसदों में से 2, एसएडी के 2 सांसद, डीएमके के 24 सांसदों में से 1, एआईटीसी के 19 सांसदों में से 1, एसएचएस के 13 सांसदों में से 1, टीडीपी के 2 सांसदों में से 1, बीजेडी के 12 सांसदों में से 1, बीएसपी के 8 सांसदों में से 1, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के 4 सांसदों में से 1 और 7 निर्दलीय सांसदों में से 1 ने 100 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति घोषित की है।

नकुलनाथ
एमपी-छिंदवाड़ा-कांग्रेस,
6,60,19,46,757

डीके सुरेश
कर्नाटक-बैंगलुरू-कांग्रेस,
3,38,89,20,717

कनुमुरु रघुरामकृष्ण राजू
आंध्रप्रदेश-नरसापुरम-आईएनडी
3,25,94,05,378

औसत संपत्ति : लोकसभा 2019 चुनाव के लिए प्रति मौजूदा सांसद की औसत संपत्ति रु. 20.71 करोड़।

सबसे कम घोषित संपत्ति वाले मौजूदा सांसद

वहीं 17वीं लोकसभा में मौजूद सांसदों में सबसे कम संपत्ति वालों सांसदों में गोड्डेति माधवी आंध्र प्रदेश वाईएसआरसीपी, चंद्राणी मुर्मू ओडिशा बीजद, साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर मध्य प्रदेश भोपाल बी जे पी से है जिन्होंने सबसे कम संपत्ति अपने हलफनामें में दर्ज की है।

अरबपति मौजूदा सांसदों वाला राज्य

- उत्तर प्रदेश के 76 सांसदों में से 3 (4 प्रतिशत)
- महाराष्ट्र के 4-6 सांसदों में से 3 (7 प्रतिशत)
- प. बंगाल के 40 सांसदों में से 1 (3 प्रतिशत)
- कर्नाटक के 28 सांसदों में से 3 (11 प्रतिशत)
- तेलंगाना से 13 सांसदों में से 3(23 प्रतिशत)
- ओडिशा से 21 सांसदों में से 1 (5 प्रतिशत)
- दिल्ली से 7 सांसदों में से 1 (14 प्रतिशत)
- आंध्र प्रदेश से 22 सांसदों में से 4 (18 प्रतिशत)
- तमिलनाडु के 39 सांसदों में से 1 (3 प्रतिशत)
- मध्य प्रदेश के 24 सांसदों में से 1 (4 प्रतिशत)
- राजस्थान के 21 सांसदों में से 1 (5 प्रतिशत)
- उत्तराखंड के 5 सांसदों में से 1 (20 प्रतिशत)
- पंजाब के 13 सांसदों में से 2 (15 प्रतिशत) ने रुपये से अधिक की संपत्ति घोषित की है। 100 करोड़ की राशि की घोषणा की है।

मौजूदा सांसदों का शिक्षा विवरण

122 मौजूदा सांसदों ने अपनी शैक्षणिक योग्यता 5 वीं पास और 12 वीं पास के बीच घोषित की है, जबकि 375 (73 प्रतिशत) मौजूदा सांसदों ने स्नातक या उससे ऊपर की शैक्षणिक योग्यता घोषित की है। 1 मौजूदा सांसद ने खुद को घोषित किया है न्याय संगत बनो साक्षर, 1 मौजूदा सांसद ने खुद को साक्षर घोषित किया है इनमें से कुछ अनपढ़ हैं। वहीं 15 मौजूदा सांसद डिप्लोमा धारक हैं।

मौजूदा सांसदों का आयु विवरण

189 (37प्रतिशत) मौजूदा सांसदों ने अपनी उम्र 25 से 50 साल के बीच घोषित की है, जबकि 325 (63 प्रतिशत) मौजूदा सांसदों ने अपनी उम्र 51 से 85 साल के बीच घोषित की है।

सांसदों का लिंग विवरण

514 मौजूद सांसदों में से 75 मौजूदा सांसद महिलाएं हैं जबकि 439 मौजूदा सांसद पुरुष हैं।

पार्टी-वार औसत संपत्ति:

प्रमुख दलों में विश्लेषण किए गए भाजपा के 294 मौजूदा सांसदों की प्रति सांसद औसत संपत्ति 15.65 करोड़ रुपये है, कांग्रेस के 46 मौजूदा सांसदों की औसत संपत्ति 32.59 करोड़ रुपये है, 24 डीएमके के मौजूदा सांसदों की औसत संपत्ति 25.93 करोड़ रुपये है, वाईएसआरसीपी के 17 मौजूदा सांसदों की औसत संपत्ति 25.93 करोड़ रुपये है। उनकी औसत संपत्ति 41.42 करोड़ रुपये है और 19 एआईटीसी मौजूदा सांसदों की औसत संपत्ति 41.42 करोड़ रुपये है। 13.46 करोड़।

उच्च संपत्ति वाले मौजूदा सांसद :

25 मौजूदा सांसदों ने 100 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति घोषित की है।

उच्च देनदारियों वाले मौजूदा सांसद:

कुल 140 मौजूदा सांसदों ने रुपये की देनदारी घोषित की है। 1 करोड़ और उससे अधिक, इन 140 मौजूदा सांसदों में से 37 सांसदों ने अपने हलफनामे में देनदारी घोषित की है। 10 करोड़ से अधिक की राशि देनदारी में दर्शित है। उच्च देनदारियों वाले शीर्ष 3 मौजूदा सांसदों के नाम नीचे दिए गए हैं। इन सांसदों में माला राज्य लक्ष्मी शाह उत्तराखंड भाजपा से सांसद, मलूक नागर उत्तर प्रदेश बसपा से सांसद, कनुमुरु रघु राम कृष्ण राजू आंध्र प्रदेश आईएनडी से सांसद है।

लोकसभा चुनावी वॉच

वाराणसी में पीएम मोदी के सामने कांग्रेस ने अजय राय को उतारा

__लखनऊ।__ लोकसभा चुनाव के ऐलान के बाद सभी दलों ने अपना प्रचार-प्रसार तेज कर दिया है। यूपी में इस बार कांग्रेस का गठबंधन समाजवादी पार्टी से है। सपा से गठबंधन के तहत कांग्रेस पार्टी के हिस्से में रायबरेली, अमेठी सहित कुल 17 लोकसभा सीटें आई हैं। कांग्रेस पार्टी ने अमेठी & रायबरेली लोकसभा सीट पर अभी तक प्रत्याशी घोषित नहीं किए हैं। सपा द्वारा जिन सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए गए हैं, उनमें वाराणसी लोकसभा सीट शामिल है, जहां से पीएम नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं। आइए आपको बताते हैं कांग्रेस ने यूपी में अपने हिस्से में आई लोकसभा सीटों पर किसे-किसे प्रत्याशी बनाया है।

झारखंड में बीजेपी ने AJSU को दी केवल एक सीट

__रांची।__ झारखंड में लोकसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने आजसू से गठबंधन किया है। बीजेपी नेता अरुण सिंह ने इसकी जानकारी X के जरिए दी। उन्होंने बताया कि झारखंड में बीजेपी 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी जबकि आजसू एक लोकसभा सीट पर अपना प्रत्याशी उतारेगी। अरुण सिंह ने X पर पोस्ट कर कहा, भारतीय जनता पार्टी ने झारखंड की जनता के हित में भाजपा एवं आजसू के पुराने एवं नैसर्गिक गठबंधन के तहत इस बार लोकसभा के चुनाव में झारखंड के 13 लोकसभा संसदीय क्षेत्र पर भाजपा के प्रत्याशी तथा एक संसदीय क्षेत्र गिरिडीह में आजसू पार्टी को लड़वाने का निर्णय किया है। उन्होंने इसी पोस्ट में आगे कहा कि यह गठबंधन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत, स्वावलंबी भारत, समर्थ भारत के संकल्प को मजबूत करेगा।

बागियों ने बिगाड़ा 'भीम' का खेल पूर्व मंत्री पर दांव आजमाएगी सपा

__सुलतानपुर।__ एक ओर प्रत्याशी की परिचयात्मक बैठक गठबंधन दल के पार्टी कार्यालय हो रही थी, दूसरी ओर विरोध में लामबंद सपा का एक खेमा हाईकमान के दरबार में हाजिर था। प्रत्याशी बदले जाने को लेकर पूरा जोर भी लगा दिया। अब इस खेमे को विश्वास भी हो गया है कि प्रत्याशी बदल दिया जाएगा। शुक्रवार तक इसकी घोषणा भी हो सकती है। हालांकि, इन दावों की पुष्टि नई सूची जारी होने के बाद ही हो सकेगी। आइएनडीआइए गठबंधन में सुलतानपुर लोकसभा सीट सपा के खाते में गई है। पार्टी की ओर से बीते दिनों जारी तीसरी सूची में अंबेडकरनगर के भीम निषाद को प्रत्याशी घोषित किया गया था। इस घोषणा के बाद से ही जिले के नेताओं में भीतरखाने नाराजगी देखी जा रही थी।

मंडी की जनता दिखा देगी...

हिंदी सिनेमा की एक्ट्रेस और लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार कंगना रनौत हिमाचल प्रदेश के मंडी पहुंची हैं. मंडी लोकसभा सीट से ही बीजेपी ने उनको चुनाव लड़ने के लिए टिकट दिया है. कंगना ने यहां पर एक रोड शो किया, जिसमें लोगों की भारी भीड़ नजर आई.

रायपुर लोकसभा चुनाव 2024

दिलचस्प और रोमांचक होगा बृजमोहन विकास उपाध्याय के बीच मुकाबला

सुकांत राजपूत

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर की लोकसभा सीट पर बीजेपी और कांग्रेस पार्टी में कांटे की टक्कर हो सकती है। भाजपा ने जहां इस सीट से बृजमोहन अग्रवाल को टिकट दिया है तो वहीं कांग्रेस ने विकास उपाध्याय को मैदान में उतारा है। दोनों की शख्सियतों में खासी समानता है। दोनों ही प्रत्याशी लोकल हैं और लोकसभा क्षेत्र में मिलनसार नेता की छवि भी एक जैसी है। हालांकि उम्रदराज़ी, काबिलियत और सियासी सफर में बृजमोहन की तुलना में विकास काफी दूर नज़र आते हैं। लेकिन उनकी युवा, जुझारू और तीन बार के मंत्री को करारी शिकस्त देने वाली बखत लोकसभा रायपुर के चुनावी मुकाबले को दिलचस्प और रोमांचक भी बनाएगी।

दोनों ही नेताओं के बीच कांटे की टक्कर होने की उम्मीद जताई जा रही है। हालांकि सियासी पंडित ऐसा नहीं मानते। उनके मुताबिक इस बार भी बृजमोहन की जीत का अंतर इतिहास बनाएगा, जबकि कांग्रेसी राजनीति के प्रकांड कहते हैं विकास यूथ, ब्राम्हण और उनकी आसानी से उपलब्ध हो जाने वाली छवि खासी टक्कर देगी। क्योंकि दोनों ही लोकल नेताओं में सियासी

सियासी गाज़ी हैं भाजपा के बृजमोहन अग्रवाल

भाजपा ने रायपुर सीट पर आठ बार के विधायक रहे बृजमोहन अग्रवाल को प्रत्याशी बनाया है। बृजमोहन अग्रवाल को सूबे की सियासत का गाज़ी कहा जाता है। अविभाजित मध्यप्रदेश में पटवा सरकार में भी मंत्री रहे। इसके बाद रमन सरकार के तीनों कार्यकाल में वह मंत्री रहे हैं। एक मई 1959 को रायपुर में जन्मे बृजमोहन अग्रवाल ने एलएलबी की डिग्री भी ली है। मध्य प्रदेश विधानसभा द्वारा उन्हें सर्वश्रेष्ठ विधायक का पुरस्कार भी प्रदान किया जा चुका है। बता दें कि 1977 में बृजमोहन अग्रवाल ने मात्र 16 साल की उम्र में ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की सदस्यता ले ली थी। इसके बाद वर्ष 1981 और 1982 के दौरान वे छात्रसंघ के अध्यक्ष भी रहे। 1984 में उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली।

रायपुर लोस सीट एक नजर

- रायपुर लोकसभा में 50 हजार फर्स्ट टाइम वोटर
- इस बार 23 लाख 63 हजार मतदाता
- पुरुष की तुलना में महिला वोटर्स की संख्या ज्यादा
- पुरुष मतदाता की संख्या 11 लाख 81 हजार 135
- 11 लाख 82 हजार 251 महिला मतदाता हैं
- वहीं, थर्ड जेंडर 305 वोटर हैं

रायपुर लोकसभा से जुड़े आंकड़े

- इस लोकसभा सीट में कुल 9 विधानसभा क्षेत्र हैं
- रायपुर लोकसभा में 2383 मतदान केंद्र हैं
- शहरी मतदान केंद्र की संख्या 1231 हैं
- ग्रामीण मतदान केंद्र की संख्या 1156 हैं
- पहली बार वोट देने वाले की संख्या 50 हजार 483 हैं
- 50 साल से अधिक मतदाताओं की संख्या 11420 हैं
- दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 17281 हैं
- रायपुर लोस सीट पर सर्विस वोटर्स 640 हैं

12 अप्रैल को जारी होगी अधिसूचना

- रायपुर लोकसभा सीट के लिए 12 अप्रैल को अधिसूचना जारी की जाएगी
- नामांकन की अंतिम तारीख 19 अप्रैल
- नामांकन की समीक्षा तिथि 20 अप्रैल
- उम्मीदवारों का नाम वापस लेने की तिथि 22 अप्रैल है
- मतदान की तिथि 7 मई
- मतगणना की तारीख 4 जून निर्धारित की गई है

कांग्रेस को विकास उपाध्याय पर भरोसा

एक तरफ भाजपा ने जहां बृजमोहन अग्रवाल को चुनाव में उतारा है तो वहीं कांग्रेस ने पार्टी के कद्दावर नेता रहे विकास उपाध्याय को लोकसभा की टिकट दी है। विकास उपाध्याय रायपुर जिले की पश्चिम विधानसभा सीट से विधायक रह चुके हैं। इतना ही नहीं उन्होंने तीन बार के मंत्री रह चुके राजेश मूणत को चुनाव में करारी शिकस्त दी थी। छात्र जीवन से ही वे राजनीति में उतर गए। कांग्रेस की छात्र विंग एनएसयूआई से जुड़ गए। इसके बाद उन्होंने एनएसयूआई के ब्लॉक अध्यक्ष से लेकर प्रदेश अध्यक्ष तक का सफर पूरा किया। छात्र जीवन के बाद विकास उपाध्याय कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव भी रहे। राजनीति में उनका ये सिलसिला लगातार आगे बढ़ता रहा और आज वे विधायक के बाद लोकसभा प्रत्याशी बनाए गए हैं।

रायपुर सीट का क्या रहा है इतिहास

रायपुर लोकसभा सीट की बात करें तो यहां पर कई दशकों से भारतीय जनता पार्टी का वर्चस्व रहा है। यहां पर बीजेपी के रमेश बैस 7 बार सांसद रह चुके हैं। रमेश बैस 1989 में रायपुर सीट से पहली बार सांसद बने। इसके बाद 1991 में हुए चुनाव में कांग्रेस के विद्याचरण शुक्ल को रायपुर सीट से सांसद बनने का मौका मिला। दोबारा जब 1996 में लोकसभा चुनाव हुए तो रमेश बैस ने जीत हासिल की। इस चुनाव के बाद से रमेश बैस ने कभी पीछ मुड़कर नहीं देखा। बैस ने 1996 के बाद 1998, 1999, 2004, 2009 और 2014 में लगातार रायपुर सीट पर जीत हासिल की। हालांकि 2019 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने रायपुर सीट पर सुनील सोनी को उम्मीदवार बना दिया और उन्होंने भी यहां पर भारतीय जनता पार्टी को जीत दिलाई। वहीं इस बार 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने बृजमोहन अग्रवाल को टिकट दिया है।

2019 के लोकसभा का यह था रायपुर सीट का परिणाम

बता दें कि साल 2019 के लोकसभा के चुनाव में भाजपा की उम्मीदवार सुनील सोनी को 8 लाख 37 हजार 902 वोट मिले थे। वहीं कांग्रेस के उम्मीदवार प्रमोद दुबे को 4 लाख 89 हजार 664 वोट मिले थे?

9 विस सीटों में से 8 पर बीजेपी का दबदबा

साल 2023 के विधानसभा चुनाव में रायपुर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाली 9 सीटों में से जिसमें रायपुर पश्चिम, रायपुर उत्तर, रायपुर दक्षिण, रायपुर ग्रामीण, आरंग, धरसीवा, अभनपुर और भाटापारा बलौदा बाजार विधानसभा की सीट शामिल है। इनमें आठ विधानसभा सीट में भारतीय जनता पार्टी का कब्जा है। वहीं एक विधानसभा सीट भाटापारा जहां कांग्रेस पार्टी से विधायक हैं।

आपातकाल के बाद कांग्रेस के हाथ से फिसली रायपुर सीट

शुरू से ही रायपुर की धमक से दिल्ली हिल जाया करती थी। रायपुर लोकसभा क्षेत्र जहां से विद्याचरण शुक्ल, पुरुषोत्तम लाल कौशिक और रमेश बैस जैसे दिग्गज नेता दिल्ली में रायपुर की जनता की आवाज को बुलंद करते थे। साल 1952 से लेकर 1971 तक लगातार रायपुर लोकसभा सीट कांग्रेस के कब्जे में रही है।, लेकिन आपातकाल का वह दौर जब बदला तब 1981 से साल 1989 के लोकसभा चुनाव को अगर छोड़ दिया जाए, तो रायपुर लोकसभा सीट भाजपा कभी नहीं हारी है। साल 1996 में भारतीय जनता पार्टी से चुनाव लड़ने वाले रमेश बैस पहली बार लोकसभा पहुंचे थे। उसके बाद 1998, 1999, 2004, 2009 और 2014 तक वह लगातार लोकसभा का चुनाव जीतते हुए लगातार 23 साल तक सांसद बने रहे।

आरपीआई ने भाजपा को पूर्ण समर्थन का किया ऐलान

आरपीआई अध्यक्ष रामदास आठवले ने लिखा पत्र

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव को लिखे अपने पत्र में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद रामदास आठवले ने आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत छत्तीसगढ़ में सभी लोकसभा सीटों पर रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया की ओर से भाजपा प्रत्याशियों को पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की है। श्री आठवले ने कहा है कि डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर की विचारधारा को अपनाकर रिपब्लिकन पार्टी ऑफइंडिया (आठवले) एनडीए में मित्रवत पार्टी के रूप में काम कर रही है। उल्लेखनीय है कि रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) ने पिछले विधानसभा चुनाव में भी छत्तीसगढ़ की सभी 90 विस क्षेत्रों में भाजपा प्रत्याशियों को अपना पूर्ण समर्थन दिया था।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव को भेजे अपने पत्र में श्री आठवले ने कहा है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत देश प्रगति करके आगे बढ़ रहा है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, और सबका प्रयास इस घोषणा को सभी जाति व धर्म के लोग स्वीकार कर रहे हैं। कॉंग्रेस के 70 सालों के शासनकाल की तुलना में प्रधानमंत्री श्री मोदी का कार्यकाल स्वर्णकाल माना जा रहा है। इसलिए भाजपा को केंद्र में सरकार स्थापना करने के लिए रिपब्लिकन पार्टी ऑफइंडिया (आठवले) छत्तीसगढ़ राज्य की सभी लोकसभा सीटों पर अपना उम्मीदवार खड़ा नहीं करेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री आठवले का पत्र लेकर आरपीआई (आठवले) के प्रदेश प्रभारी अभिषेक वर्मा ने शुक्रवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव से भेंट करके यह पत्र उन्हें सौंपा।

अपनी दाल नहीं गलती देख पत्नियों के सहारे 'संसद यात्रा'

बिहार के 4 बाहुबलियों ने सेट किया सियासी गेम!

पटना। बिहार की राजनीति में वर्षों से बाहुबल और बाहुबली का जोर देखने को मिला है. इसी कड़ी में एक बार फिर आगामी लोकसभा चुनाव में ऐसे कई बाहुबली नेता हैं जो खुद तो चुनाव नहीं लड़ सकते हैं, मगर लोकसभा किसी तरह से पहुंचने की इच्छा इतनी ज्यादा है कि अब अपनी पत्नियों के रास्ते नया प्लान बनाना चाह रहे हैं.

लोकसभा चुनाव में ऐसे कई बाहुबली नेता हैं जिन्होंने अपनी पत्नी को पार्टी का टिकट दिलवा दिया है और उन्हीं के रास्ते वह लोकसभा पहुंचाना चाह रहे हैं. चुनावी समर में यह दिखाने की कोशिश हो रही है कि इन बाहुबली नेताओं की पत्नी चुनावी मैदान में हैं, मगर असल में चुनाव वो खुद लड़ रहे हैं.

लवली आनंद (जेडीयू)

पूर्व सांसद लवली आनंद बाहुबली नेता आनंद मोहन की पत्नी हैं, जिन्हें इस बार शिवहर लोकसभा सीट से जनता दल यूनाइटेड ने अपना प्रत्याशी बनाया है. आनंद मोहन खुद 1996 और 1998 में शिवहर लोकसभा सीट से सांसद चुने गए थे. आनंद मोहन पिछले साल अप्रैल में जेल से रिहा हुए थे।

बीमा भारती (राजद)

बीमा भारती कुख्यात अपराधी अवधेश मंडल की पत्नी हैं जो इस बार राजद के टिकट पर पूर्णिया लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही हैं. अवधेश मंडल के खिलाफ हत्या और अपहरण के दर्जनों मामले दर्ज हैं और उनकी छवि एक बाहुबली और अपराधी की है. अवधेश मंडल की पत्नी बीमा भारती पांच बार विधायक रह चुकी हैं।

विजयलक्ष्मी देवी (जेडीयू)

जनता दल यूनाइटेड के टिकट पर सिवान से लोकसभा चुनाव लड़ने वाली विजयलक्ष्मी देवी बाहुबली नेता रमेश सिंह कुशवाहा की पत्नी हैं. रमेश सिंह कुशवाहा का ताल्लुक CPI ML से रहा है और शिवजी दुबे हत्याकांड के मुख्य आरोपी भी हैं और जेल भी जा चुके हैं. रमेश सिंह कुशवाहा खुद पूर्व विधायक हैं. इस बार लोकसभा चुनाव में रमेश सिंह कुशवाहा ने अपनी पत्नी विजयलक्ष्मी देवी को जनता दल यूनाइटेड का टिकट दिलवा दिया है और वो चुनावी मैदान में उतरी हैं.

अनीता कुमारी (राजद)

2024 लोकसभा चुनाव में अनीता कुमारी राजद के टिकट पर मुंगेर से चुनाव लड़ रही हैं. अनीता कुमारी नवादा के बाहुबली और आपराधिक छवि के नेता अशोक महतो की पत्नी हैं. 2023 में अशोक महतो 17 साल जेल काटने के बाद जेल से रिहा हुआ था. 2001 के नवादा जेल ब्रेक कांड में अशोक महतो 17 सालों से जेल में बंद था और पिछले साल ही वह रिहा हुआ है. दिलचस्प बात यह है कि अशोक महतो खुद चुनाव लड़ नहीं सकता है।

नीतीश से अब दिक्कत नहीं चाचा से सुलह संभव...

पटना। बिहार में पिछले काफी दिनों से एनडीए की सीट शेयरिंग पर चल रही सरगर्मी थम गई है क्योंकि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से चिराग पासवान की मुलाकात हुई और सीट शेयरिंग पर बात पक्की हो गई है. ये मुलाकात बहुत खास हैं क्योंकि एलजेपी अध्यक्ष नीतीश कुमार के बड़े आलोचक रहे हैं, लेकिन दोनों नेता गर्मजोशी से मिले और गले भी लगे. नीतीश कुमार के साथ हुई मुलाकात और जमुई सीट की बजाय हाजीपुर से चुनाव लड़ने को लेकर चिराग पासवान ने कहा कि अब सब ठीक हो गया है, अब मुझे नीतीश कुमार से कोई दिक्कत नहीं है। चिराग पासवान ने कहा कि मतभेद की वजह से गठबंधन को नुकसान हो जाए, ये गलत होता है. इसलिए हमने बातचीत से चीजें सुलझा ली हैं, पुरानी चीजें भूलकर आगे तो बढ़ना होगा. आज की तारीख में बिहार की सभी चालीस से सीटें बहुत महत्वपूर्ण हैं।

न्यूज गैलरी

कलेक्टर-एसएसपी ने मध्यान्ह भोजन चखकर जानी गुणवत्ता

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह, एसएसपी संतोष सिंह ने शासकीय प्राथमिक शाला एवं आँगन बाड़ी केंद्र चिचोली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत चिचोली के शासकीय प्राथमिक शाला में मध्यान्ह भोजन खाकर मीड डे मील में मिलने वाले भोजन गुणवत्ता जाँची। आंगनबाड़ी के निरीक्षण के दौरान बच्चों से पूरक पोषण आहार एवं नाश्तें की जानकारी ली। इस दौरान तिल्दा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) प्रकाश टण्डन तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

जेल में बंद आरोपियों से पूछताछ करने ईओडब्ल्यू को मिली अनुमति

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में महादेव सट्टा, शराब घोटाला, कोयला घोटाला मामले में एसीबी जांच में तेजी आई है। ईओडब्ल्यू को जेल में बंद आरोपियों से पूछताछ की अनुमति मिल गई है। 29 मार्च से 2 अप्रैल तक जेल में बंद आरोपियों से एसीबी, ईओडब्ल्यू की टीम जेल में बंद आरोपियों से पूछताछ करेगी। इसके लिए स्पेशल कोर्ट ने अनुमति दे दी है। एसीबी 29 मार्च से दो अप्रैल के बीच अलग-अलग दिनों में अलग-अलग प्रकरणों में पूछताछ करेगी। प्रवर्तन निदेशालय ईडी की विशेष अदालत में एसीबी की ओर से तीन आवेदन पेश किए गए थे। इन आवेदनों में जेल में बंद आरोपितों से पूछताछ की मांग की गई थी। शराब घोटाला, महादेव सट्टा एप और कोयला घोटाला मामले में आवेदन अदालत में राज्य सरकार के अधिवक्ताओं ने पेश कर विशेष न्यायाधीश से आग्रह किया कि ईडी के प्रतिवेदन के आधार पर एसीबी ने कोयला स्कैम, महादेव सट्टा एप घोटाला और शराब घोटाला मामले में अपराध दर्ज किया है। विवेचना में आरोपितों से पूछताछ की आवश्यकता है। ईडी की विशेष अदालत ने एसीबी की ओर से पेश आवेदन को स्वीकार करते हुए जेल में निरुद्ध आरोपितों से पूछताछ की अनुमति दी है। जिन विचाराधीन कैदियों से पूछताछ होनी है उनमें शराब घोटाला मामले में अरविंद सिंह, महादेव सट्टेबाजी मामले में असीम दास, भीम यादव और सतीश चंद्राकर और कोयला घोटाला मामले में समीर बिश्नोई, सूर्यकांत तिवारी, शिवशंकर नाग और नायर शामिल हैं। एसीबी से संकेत मिले हैं कि इन मामलों में विचाराधीन बंदियों से पूछताछ के बाद एसीबी की कार्यवाही आगे बढ़ेगी।

मासूम से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में 6 साल की बच्ची के साथ रेप की घटना हुई है। आरोपी पड़ोस में रहने वाला युवक है। शिवरात्रि के दिन आरोपी बच्ची को उठाकर अपने घर ले गया, फिर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। डॉक्टर ने जांच के बाद रेप की पुष्टि की। माता-पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मामला रायपुर के खम्हारडीह थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले का है। पीड़ित बच्ची की मां ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि पड़ोसी मुकेश यादव 29 वर्ष ने उनकी 6 साल की बेटी से रेप किया है। उसने बताया कि घटना 8 मार्च को शिवरात्रि के दिन की है। मां ने बताया कि शिवरात्रि के दिन आरोपी का पूरा परिवार घर से बाहर गया हुआ था। ऐसे में आरोपी बच्ची को अपने साथ घर ले गया और रेप किया। उसने बच्ची को किसी से कुछ नहीं कहने के लिए डरा-धमका दिया। बच्ची ने घर आकर अपनी मां से कुछ नहीं बताया, लेकिन कुछ दिन बाद तबियत बिगड़ने पर माता-पिता उसे डॉक्टर के पास गए। डॉक्टर को जांच में रेप का शक हुआ। इसके बाद डॉक्टर ने ये बात परिजनों को बताई। इसके बाद मां ने बेटी से पूछताछ की, तो उसने टूटे-फूटे शब्दों में पूरी घटना का जिक्र किया। इसके बाद माता-पिता ने थाने में मामला दर्ज कराया। बच्ची के मां-बाप घर के पास ही पान ठेला लगाते हैं। दूसरी ओर आरोपी लाभांडी इलाके में एक होटल में मिस्त्री का काम करता है। पुलिस ने शिकायत मिलते ही 24 घंटे के भीतर आरोपी मुकेश यादव को गिरफ्तार कर लिया है। गुरुवार को उसे कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया गया।

मेडिकल कॉलेज हाल में भाजपा का सम्मेलन आचार संहिता का उल्लंघन

- **कांग्रेस ने आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की**

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के द्वारा दिनांक 31 मार्च 2024 को पं. जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम, रायपुर में होने वाले सम्मेलन पर, शासकीय भवन में होने की शिकायत कांग्रेस विधि विभाग ने मुख्य चुनाव आयुक्त से किया।

ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान समय में सम्पुर्ण भारत में आदर्श आचार संहिता लागू है ऐसे स्थिति में भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के द्वारा दिनांक 31 मार्च 2024 को पं. जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम, रायपुर में होने वाले सम्मेलन पर, शासकीय भवन में होने की शिकायत छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधि विभाग करती है। क्योंकि मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम रायपुर जो कि शासकीय ऑडिटोरियम (भवन) है। ऐसी स्थिति में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद भी भाजपा के द्वारा शासकीय भवन का उपयोग किया जाना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। पं. जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम, रायपुर में भाजपा के द्वारा सम्मेलन किये जाने के अनुमति दिया जाना आदर्श आचार संहिता के नियमों के उल्लंघन की श्रेणी में आता है। अतः निवेदन है कि उपरोक्त विषयों पर तत्काल रोक लगाते हुये संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध समुचित कार्यवाही किये जाने की कृपा की जाये। ज्ञापन सौपने वाले में कांग्रेस विधि विभाग प्रदेश अध्यक्ष देवा देवांगन, नंदकुमार पटेल, मनोज कुमार सोनकर, सादिक अली, अंकित कुमार मिश्रा, ज्ञानेश्वर यदु, रवि शर्मा उपस्थित थे।

कृषि मंत्री रामविचार नेताम के खिलाफ कांग्रेस ने चुनाव आयोग में किया शिकायत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के कृषि मंत्री रामविचार नेताम के द्वारा अपने गृहग्राम में होली मिलन कार्यक्रम में आम नागरिको को भोजन कराने और भांग परोसने की शिकायत कांग्रेस विधि विभाग ने मुख्य चुनाव आयुक्त से किया।

ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान समय में सम्पुर्ण भारत में आदर्श आचार संहिता लागू है ऐसे स्थिति में छत्तीसगढ़ राज्य के कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम के द्वारा अपने गृह ग्राम में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में भोजन परोसने और भांग पिलाने का जो कार्यक्रम आयोजित किया गया था। वह आदर्श आचार संहिता का घोर उल्लंघन है। जिसका विरोध छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधि विभाग करती है। प्रायः देखा जा रहा है कि, छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री आदर्श आचार संहिता का मजाक बना लिये है और बिना किसी डर और भय के आदर्श आचार संहिता का खुलेआम उल्लंघन कर रहे है। जिस पर छत्तीसगढ़ राज्य चुनाव आयोग को ऐसे कार्यक्रम आयोजन करने वाले मंत्री/व्यक्ति के विरूद्ध तत्काल संज्ञान लेने की आवश्यकता है। ताकि निष्पक्ष चुनाव छत्तीसगढ राज्य् में हो सके। अतः निवेदन है कि उपरोक्त विषयों पर तत्काल रोक लगाते हुये संबंधित व्यक्तियों के विरूद्ध समुचित कार्यवाही किये जाने की कृपा की जाये। ज्ञापन सौपने वाले में कांग्रेस विधि विभाग प्रदेश अध्यक्ष देवा देवांगन, नंदकुमार पटेल, मनोज कुमार सोनकर, सादिक अली, अंकित कुमार मिश्रा, ज्ञानेश्वर यदु, रवि शर्मा उपस्थित थे।

भूपेश बघेल ने जनता के साथ क्रुरता की अब कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पार्टी से बाहर करवा रहे हैं : भाजपा

- **प्रदेश प्रवक्ता गुप्ता ने पूर्व मुख्यमंत्री को उनके बयानों के लिए आड़े हाथों लिया, कहा : अब सब जान गए कि बघेल सिर्फ 'अपने लिए' राजनीति करते हैं, छत्तीसगढ़ महतारी और कांग्रेस के लिए नहीं**

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने कहा है कि राजनांदगाँव के कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन के मंच पर कांग्रेस के दिग्गज कार्यकर्ता और जिला पंचायत सदस्य सुरेंद्र वैष्णव (दाऊ) से खूब खरी-खोटी सुनने के बाद से पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल की सियासी चूलें हिल गई हैं। श्री गुप्ता ने कहा कि इसके बाद से कांग्रेस प्रत्याशी बघेल को कांग्रेस से निकाले जाने और कांग्रेस प्रत्याशी बदले जाने की मांग उठने लगी है क्योंकि अब सबको यह पता चल गया है कि बघेल सिर्फ 'अपने लिए' राजनीति करते हैं, छत्तीसगढ़ महतारी और कांग्रेस पार्टी के लिए नहीं।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री गुप्ता ने शुक्रवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में प्रेस ब्रीफके दौरान पत्रकारों से कहा कि दरअसल भूपेश बघेल देख रहे हैं कि राजनांदगाँव लोकसभा सीट पर उनकी हार सुनिश्चित है और इसलिए अपनी हार के बहाने अभी से तलाशने में लग गए हैं, देश के संविधान और नियमों में त्रुटियाँ बता रहे हैं। श्री गुप्ता ने कहा कि जब ईवीएम से 2018 में उनकी सरकार बनी, तब मुख्यमंत्री बनने के लिए राज्यपाल के यहाँ पहुँच गए और अब ईवीएम उन्हें खराब नजर आने लगा है! हिमाचल प्रदेश में यही ईवीएम उन्हें अच्छा लगा, राजस्थान में जब पिछली बार कांग्रेस की सरकार बनी थी, तब ईवीएम उन्हें अच्छी लगी थी, कर्नाटक में सरकार बनी तब ईवीएम अच्छा था। 2004 से लेकर 2014 तक केंद्र में मनमोहन सिंह की सरकार बनी तब ईवीएम अच्छा था। क्या मनमोहन सिंह जी को बघेल से कम अनुभव था जो उन्होंने बैलेट पेपर चालू नहीं किया? श्री गुप्ता ने कहा कि बघेल 'स्व' के भाव से अपने कार्यकर्ताओं से कह रहे हैं कि 380 लोग राजनांदगाँव में चुनाव में खड़े हों तो बैलैट पेपर से चुनाव होगा। बघेल को लगता है कि वह अभी भी सत्ता में है और छड़ी उनके हाथों में है वह जैसा चाहें वैसे काम चला लेंगे लेकिन वह भूल रहे हैं कि लोकतंत्र में छड़ी जनता के हाथों में होती है। एक हाथ से तो जनता कांग्रेस को सत्ता से हटा चुकी है और अब कांग्रेस दूसरी हार के लिए तैयार हो जाए। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री गुप्ता ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस जब 2018 में सत्ता में आई, तबसे अगर किसी कांग्रेस नेता का नाम सबसे ज्यादा चर्चा में रहा है तो वह पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हैं, जो 'स्व' अर्थात 'मैं' और 'मेरा' के भाव से पीड़ित हैं, जबकि राजनीतिक क्षेत्र में सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय का सिद्धांत लागू होता है।

लखमा का बयान पूरे छत्तीसगढ़ की जनभावनाओं का घोर अपमान

- **अजजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा : छत्तीसगढ़ को एक बार फिर कांग्रेस के लोगों की उथली सोच और वैचारिक दरिद्रता का परिचय मिल गया**

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम ने बस्तर संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा उस बयान को बस्तर लोकसभा क्षेत्र समेत पूरे छत्तीसगढ़ की जनभावनाओं का घोर अपमान बताया है, जिसमें लखमा ने कहा है, 'मैं तो अपने बेटे के लिए दुल्हन मांगने गया था, पर पार्टी ने मुझे ही दूल्हा बना दिया।' श्री मरकाम ने कहा कि इससे छत्तीसगढ़ को एक बार फिर कांग्रेस के लोगों की उथली सोच और वैचारिक दरिद्रता का परिचय मिल गया है।

भाजपा अजजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री मरकाम ने शुक्रवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में प्रेस ब्रीफ के दौरान पत्रकारों से कहा कि भाजपा सत्ता और जनप्रतिनिधित्व को सेवा का माध्यम मानकर इसे अपना सौभाग्य समझती है। लेकिन, कांग्रेसियों में सेवा का भाव कहीं नहीं दिखता है। बस्तर समेत पूरे छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की तयशुदा हार को देखकर कवासी लखमा अपनी दिमागी संतुलन खो बैठे हैं। श्री मरकाम ने कहा कि लोकसभा चुनाव में टिकट वितरण के पूर्व कांग्रेस के सभी बड़े नेता चुनाव लड़ने से मना कर रहे थे। सभी नेताओं ने बयान जारी करके अपनी आलाकमान से मांग की थी कि उन्हें टिकट न दिया जाए। अब टिकट वितरण के बाद ही कांग्रेस के नेताओं द्वारा अपने प्रत्याशियों का विरोध किया जा रहा है। कहीं पर यह कहा जा रहा है कि 5 साल हमारी उपेक्षा की गई, विधानसभा चुनाव में भी बाहरी लोगों को कांग्रेस पार्टी ने टिकट दी और आगामी नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव में भी रायपुर से लोगों को चुनाव लड़ाएंगे। कुछ जगह तो यहाँ तक भी कहा गया है कि जो झीरम घाटी संहार मामले में स,देह के दायरे में है, उसे टिकट देकर कांग्रेस पार्टी ने शहीद कांग्रेस नेताओं और उनके सोक-संतप्त परिजनों की भावनाओं का अपमान किया है।

केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर 30 लाख नौकरियों का सृजन होगा

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर 30 लाख नौकरियों का सृजन होगा। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि आज देश में बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है। इस बात को कांग्रेस पार्टी महसूस करती है कि देश का विकास तभी तेज गति से संभव है जब देश की युवा शक्ति का भरपूर उपयोग हो हर हाथ में काम हो कोई युवा बेरोजगार न हो, इसी उद्देश्य को लेकर हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे जी एवं कांग्रेस नेता राहुल गांधी जी ने यह वायदा किया है कि कांग्रेस की सरकार बनने पर कांग्रेस की सरकार देश में रोजगार सृजन और नौकरी की सुरक्षा प्रदान की जायेगी। इस हेतु राहुल गांधी जी ने 5 चरणों में युवा न्याय की घोषणा किया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस गारंटी देती है कि वह प्रकाशित रोजगार कैलेंडर के अनुसार, केंद्र सरकार में 30 लाख नौकरियां पैदा करेगी। केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों में 10 लाख स्वीकृत पद खाली हैं। स्वास्थ्य, शिक्षा, पुलिस और सेना में अन्य रिक्त पद हैं। कांग्रेस की केंद्र सरकार इन सब की भर्तियां करेगी। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि 25 वर्ष से कम आयु के प्रत्येक डिप्लोमा धारक या कॉलेज स्नातक को निजी या सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी में एक साल की प्रशिक्षुता प्रदान करने के लिए, कांग्रेस एक नए प्रशिक्षुता अधिकार अधिनियम की गारंटी देती है। प्रशिक्षुओं को 1 लाख प्रति वर्ष (8,500/माह) मिलेंगे।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस हर जिले में 5,000 करोड़ का कोष बनाएगी, जिसका आवंटन, देश के सभी जिलों में पांच साल की अवधि के लिए होगा। 40 वर्ष से कम आयु के युवा किसी भी क्षेत्र में अपने व्यावसायिक उद्यमों के लिए स्टार्ट-अप फंडिंग का लाभ उठा सकते हैं।

केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस आज जिलों में करेगी विरोध प्रदर्शन

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा द्वारा भारतीय लोकतंत्र को विफल करने विपक्षी दलो का दमन किया जा रहा, विपक्ष को आर्थिक रूप से कमजोर करने साजिश किया जा रहा है। पिछले महीने फरवरी में राष्ट्रीय आम चुनाव की पूर्व संध्या पर प्रमुख राष्ट्रीय विपक्षी दल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के बैंक खातों को फ्रीज करने का अवैध प्रयास एक महीने से अधिक समय तक चला। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को आईटी विभाग से 1823.08 करोड़ रूपये का भुगतान करने के लिए ताजा नोटिस मिला। पहले ही आईटी विभाग ने कांग्रेस पार्टी के बैंक खाते से जबरन 135 करोड़ रूपये निकाल लिए हैं।

नितिन नबीन लोस चुनाव के छग प्रभारी हुए नियुक्त, किरणदेव ने दी बधाई

- **बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा-इनके अद्भूत अनुभव से हम लोकसभा की 11 की 11 सीटे जीतेंगे**

रायपुर/नवप्रदेश। बीजेपी के वरिष्ठ नेता और बड़े चुनावी रणनीतिकारों में शुमार श्री नितिन नबीन को छत्तीसगढ़ लोकसभा चुनाव में प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया गया है।

इनके प्रदेश प्रभारी बनाए जाने पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने उनको हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि उनके अनुभव का से हम छत्तीसगढ़ लोकसभा क्षेत्र की सभी 11 की 11 सीटों पर जीत हासिल करेंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 400 पार के संकल्पों को पूरा करेंगे। इसके लिए बीजेपी के कार्यकर्ताओं में उत्साह है। क्योंकि पीएम मोदी की सभी गारंटियों को विष्णुदेव की सरकार ने तीन महीने में पूरा कर इतिहास रच दिया है। जनता में मोदी की गांरटी की लहर चल रही है। भाजपा श्री नितिन नबीन जी के मार्गदर्शन में इस बार विधानसभा चुनाव की तरह ही लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि भाजपा ने प्रदेश के सह प्रभारी नितिन नबीन को प्रदेश प्रभारी नियुक्त कर दिया है। अभी तक प्रदेश के प्रभारी ओम माथुर थे। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में सह प्रभारी के रूप में नितिन नबीन के द्वारा किए गए कामों को देखते हुए पार्टी ने उन्हें इस बार बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। बता दें कि विस चुनाव में भाजपा को बड़ी सफलता मिली थी। बिहार भाजपा के दिग्गज नेता किशोर सिन्हा के बेटे नितिन नबीन राजनीतिज्ञ और सामाजिक कार्यकर्ता हैं। बांकीपुर से वह चार बार विधायक चुने जा चुके हैं। वे भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव रह चुके हैं। इसके साथ ही वह बिहार सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। कुछ दिन पहले ही उन्हें पुनः नीतीश मंत्रिमंडल में जगह मिली है।

बीमार, दिव्यांग और महिला कर्मियों की ड्यूटी निर्वाचन कार्य में नहीं लगाई जाए : फेडरेशन

- **मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से वाहन चालक एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को मानदेय देने की रखी मांग**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहब कंगाले को पत्र लिखकर चुनाव ड्यूटी को लेकर कर्मचारियों की नियुक्ति एवं समस्याओं से अवगत कराया है।

प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने बताया कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को ऐसे शासकीय सेवकों को निर्वाचन कार्य से पृथक रखा जाये जो शारीरिक रूप से विकलांग, दिव्यांग और गंभीर बीमारी जैसे कैंसर, किडनी ट्रांसप्लांट, हार्ट सर्जरी आदि से पीड़ित हो।इसी तरह ऐसे शासकीय कर्मचारी जिनकी उम्र 60 वर्ष से ऊपर हो उन्हें भी चुनाव कार्य से मुक्त रखा जाये।महिला कर्मचारियों को सुरक्षागत दृष्टिकोण से उड़नदस्ता व वीएसटी जैसे संवेदनशील कार्य से भी पृथक रखने की मांग की गई।यदि इन कर्मचारियों की सेवाएं अति आवश्यक हो तो उन्हें कार्यालयीन कार्य के लिए निर्वाचन कार्यालयों में संलग्न किया जाए।निर्वाचन कार्य में ड्यूटी कर रहे वाहन चालकों एवम् दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को भी मानदेय देने की मांग रखी गई।

कलेक्टर, एसएसपी ने विद्यार्थियों से पूछा सवाल, सहीं उत्तर देने पर की सराहना

- **ग्राम चिचोली के प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला के अध्ययनरत बच्चों के बीच पहुंचे**

रायपुर/नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला के विद्यार्थी प्रफुल्लित हो उठे जब कलेक्टर एवं एसएसपी को उनके बीच पहुंचे शिक्षक की भूमिका में। कलेक्टर एवं एसएसपी, खरोरा तहसील के ग्राम चिचोली में मतदान केन्द्रों के निरीक्षण में गये थे। तभी उन्होंने शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में विद्यार्थियों को पढ़ाई करते देख वे कक्षा में उनके बीच पहुंचे, पाठ्यक्रम से जुड़े सवाल पूछे, सहीं जवाब देने पर सराहना भी की।

कलेक्टर को बच्चों ने दिनों के नाम, माह का नाम ब्लॉक, ज़िला के अलावा देश प्रदेश के नाम हिन्दी और अंग्रेज़ी में बताये। उन्होंने कक्षा आठवीं के छात्रों से पूछा कि गोलाई और वृत्त में क्या अंतर है।

कलेक्टर ने इस संबंध में उन्हें जानकारी भी दी। एसएसपी श्री सिंह ने पूछा कि ग्लोब गोलाई हैं या वृत्त बच्चों ने इसका सही उत्तर दिया। इस पर एसएसपी ने उनकी सराहना की।

दिव्यांग बच्चों के साथ वृद्धजनों ने खेली होली

- **अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल के होली मिलन समारोह में लोग हुए भाव-विभोर**

रायपुर/नवप्रदेश। वैसे तो होली खुशियों और उमंग का त्यौहार है पर कुछ होली इसलिए विशेष बन जाते हैं कि जिनकी मौजदूगी में रंग-गुलाल खेले जाते हैं उनके आर्शिवाद व प्यार के रंगों का यह रिश्ता इतना गाढ़ा हो जाता है कि छूटने का नाम नहीं लेता। ऐसा ही अवसर था राजधानी के न्यू राजेंद्रनगर स्थित अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल परिसर में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम का। जहां शहर के विभिन्न वृद्धाश्रम में रहने वाले वृद्धजन होली खेलने के लिए दिव्यांग बच्चों के बीच पहुंचे थे। स्वंयसिद्धा फाउंडेशन की अगवाई में आयोजित इस कार्यक्रम में होली की प्रसंगों को लेकर शानदार नाट्य मंचन भी किया गया जिसकी प्रस्तुति ने इतना भावुक कर दिया कि आंखों में आंसू आ गए।

स्वंयसिद्धा फाउंडेशन की डा. सोनाली चक्रवर्ती और आर्टिस्टिक वाइब फाउंडेशन और उनकी टीम के आमंत्रण पर संजीवनी आश्रम, चितवन वृद्धाश्रम, लायंस क्लब वृद्धाश्रम, माना स्थित वृद्धाश्रम, मनोहर जीवन कल्याण वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्धजनों ने अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत्त दिव्यांग बच्चों के साथ रंग-गुलाल लगाकर होली खेली। बच्चों को जी भरकर आर्शिवाद दिया वहीं स्कूल के संस्कारित बच्चों ने भी वृद्धजनों के पैर छूकर आर्शिवाद लिया।

इस अवसर पर उपस्थित रायपुर नगर निगम के पूर्व महापौर एवं अध्यक्ष प्रमोद दुबे ने भी बुजुर्गों का आर्शिवाद लिया और कहा कि होली तो अब तक की उम्र में उन्होने हर साल खेली और देखी है पर ऐसी होली का अवसर पहली बार देखकर मन आनंदित हो गया। बच्चों के साथ पूरी मस्ती में उन्होंने न केवल होली खेली बल्कि होली गीत गाकर व मिमिक्री की प्रस्तुति देकर उपस्थितजनों को जमकर हंसाया। आर्टिस्टिक वाइब फाउंडेशन की अध्यक्ष तृप्ति लूनिया व रानूलाल लूनिया ने भी सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए रंग गुलाल लगाया। इस कार्यक्रम के विशेष सहयोगी रहे वीरशिवाजी स्कूल के डा. मुकेश शाह। अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल की ओर से श्रीमती सीमा छाबड़ा ने इस यादगार आयोजन में सहभागिता के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

सुविचार

कागजों को जोड़े रखने वाली पिन जिस तरह कागजों को चुभती है ठीक उसी तरह परिवार को जोड़े रखने वाला सदस्य भी अन्य सदस्यों को चुभता है। - अज्ञात

संपादकीय

खर्चीले होते चुनाव चिंता का विषय

चुनाव दर चुनाव इसका खर्च बढ़ता ही जा रहा है। नतीजतन समान्य व्यक्ति चाहे वो कितना भी योग्य हो और उसके दिल में जनसेवा का जज्बा हो यदि वह आर्थिक रुप से सक्षम नहीं है तो वह चुनाव लड़ने की बात सपने में भी नहीं सोच सकता। राजनीतिक पार्टियां चुनाव के लिए जब टिकट बांटती हैं तो सभी का पैमाना एक ही होता है। वे चुनाव जीतने में सक्षम लोगों को टिकट देने की बात करती हैं। चुनाव जीतने में सक्षम व्यक्ति का अभिप्राय यही होता है कि क्या वह चुनाव का भारी भरकम खर्च वहन कर पाएगा या नहीं। इस बार लोकसभा चुनाव के लिए सभी राजनीतिक पार्टियां इसी आधार पर टिकट बांट रही हैं। केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने बड़ी साफ गोई के साथ यह कबूल किया है कि वे लोकसभा चुनाव का खर्च उठा पाने में असमर्थ हैं इसलिए वे लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी। गौरतलब है कि भाजपा हाईकमान ने निर्मला सीतारमण को आंध्र प्रदेश या तमिलनाडु से लोकसभा चुनाव लड़ने का ऑफर दिया था। जिसपर एक सप्ताह तक गंभीरतापूर्वक विचार करने के बाद निर्मला सीतारमण ने यह कहकर चुनाव लड़ने से मना कर दिया कि वे चुनाव खर्च नहीं उठा पाएंगी। निर्मला सीतारमण भले ही केन्द्रीय वित्तमंत्री हैं। लेकिन उन्होंने ईमानदारी के साथ अपना कर्तव्य निभाया है। उन पर आज तक कभी कोई आरोप नहीं लगा है। स्वच्छ छवि वाली निर्मला सीतारमण यह जानती हैं कि वे चाहे कितनी भी योग्य हैं यदि वे चुनाव में पानी की तरह पैसा नहीं बहा पाएंगी तो उनका जीत पाना मुश्किल होगा। वाकई चुनाव में प्रत्याशियों का खर्च लगातार बढ़ना गंभीर चिंता का विषय है। चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के खर्च की सीमा बढ़ाकर 95 लाख रुपए कर दी है। जो पिछले लोकसभा चुनाव में 70 लाख रुपए थी। चुनाव खर्च की यह सीमा लगातार बढ़ाई जाती रही है। 1951-52 के पहले लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों के चुनाव खर्च की सीमा 25 हजार रुपए थी जो चुनाव दर चुनाव बढ़कर अब 95 लाख रुपए हो गई है। इतनी बड़ी रकम खर्च कर पाना किसी भी आम आदमी के बूते की बात नहीं है। वैसे भी चुनाव खर्च की यह लक्ष्मण रेखा तो चुनाव आयोग ने खींची है। जबकि हकीकत तो यह है कि किसी बड़े नगरी निकाय चुनाव में पार्षद पद का प्रत्याशी भी 1 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च कर देता है। इसके बाद भी उसके जीत की कोई गारंटी नहीं होती। जाहिर है लोकसभा चुनाव में तो प्रत्याशियों को करोड़ों रुपए खर्च करने पड़ते हैं। यह बात अलग है कि वे अपने चुनावी खर्च को निर्धारित सीमा के भीतर ही बताते हैं लेकिन सच तो यह है कि उनके पल्ले से करोड़ों रुपए निकल जाते हैं। हालांकि चुनाव आयोग प्रत्याशियों के चुनाव खर्च पर नजर रखने के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति करता है लेकिन चुनाव लड़ने वाले नेता उनकी आंखों में धूल झोंकने में कामयाब हो जाते हैं। इस मामले में तो चुनाव आयोग डाल - डाल तो प्रत्याशी पात - पात वाली कहावत चरितार्थ होती है। बढ़ते चुनावी खर्च को सीमित करने के लिए प्रभावी पहल की जरूरत लंबे समय से बड़ी ही सिद्दत के साथ महसूस की जा रही है। देखना होगा कि इस पर राजनीतिक पार्टियां और चुनाव आयोग कब तक कारगर कदम उठाते हैं।

छत्तीसगढ़ कांग्रेस में गहराती अंतर्कलह

लोकसभा चुनाव के दौरान छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस में अंतर्कलह गहराती जा रही है। पहले तो टिकट वितरण को लेकर ही विवाद की स्थिति बनी। जिसके चलते प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज का ही बस्तर लोकसभा सीट से टिकट कट गया। जबकि पिछली बार वे यहां से सांसद चुने गए थे। दीपक बैज की जगह कांग्रेस पार्टी ने कवासी लखमा को अपना प्रत्याशी बनाया है। जो इस समय विधायक हैं। इसे लेकर बस्तर में कांग्रेस पार्टी गुटबाजी का शिकार हो रही है। इधर राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी बनाए गए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ भी राजनांदगांव में असंतोष उभरने लगा है। राजनांदगांव जिला पंचायत के उपाध्यक्ष सुरेन्द्र दास ने भूपेश बघेल के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। जिन्हें पार्टी से निष्कासित करने की चेतावनी मिली है। इसके बाद भी वे लगातार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की खुलकर मुखालफत कर रहे हैं। उनका कहना है कि वे अपनी बात पर अडिग हैं। भूपेश बघेल चाहें तो उनके साथ ओपन डिबेट कर लें। इधर छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष पर भी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य अरूण सिसोदिया ने पार्टी फंड में गड़बड़ी करने का सनसनी खेज आरोप लगाकर नया बखेड़ा खड़ा कर दिया है। इसके लिए उन्हें भी कांग्रेस पार्टी ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है लेकिन वे भी अपने आरोप पर अड़े हुए हैं। कुल मिलाकर सत्ता से बाहर होते ही कांग्रेस पार्टी में अब आपसी खींचतान मच गई है। और अंतर्कलह लगातार गहराती जा रही है। ऐसी स्थिति में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को छत्तीसगढ़ में गुटबाजी का खामियाजा करारी हार के रूप में भुगतना पड़ जाए तो कोई ताज्जुब नहीं होगा।

युद्ध की विभीषिका के बीच बढ़ता तनाव

नीरज मनजीत

पिछले दिनों ही ग्वादर इलाक़े में इस प्रोजेक्ट में काम कर रहे पाँच चीनी इंजीनियरों को एक हमले में मार दिया गया है। इस वारदात के बाद चीनी प्रशासन भी सकते में है और उसे अपनी अरबों डॉलर की मोटी रकम डूबती नज़र आ रही है। पाकिस्तान और अफ़ग़ानिस्तान के बीच झगड़ा सरहद को लेकर है। 1893 में ब्रिटिश डिप्लोमैट सर मार्टीमर डूरंड ने दोनों मुल्कों के बीच विभाजन रेखा खींची थी। इसे डूरंड लाइन कहा जाता है। अफ़ग़ानिस्तान इस लाइन को नहीं मानता। तालिबानी लोग तो पाकिस्तान के आधे इलाके पर अपना दावा ठोंकते हैं। कुल मिलाकर पाकिस्तान के लिए हालात बहुत बुरे हैं। यह तय है कि आज नहीं तो कल तालिबान पाक आर्मी के हमले का तगड़ा जवाब देने से नहीं चूकेगा। तब मजबूरी में पाकिस्तान को भी जवाबी कार्रवाई करना पड़ेगी। ऐसे में पाकिस्तान और अफ़ग़ानिस्तान के बीच हमलों की एक श्रृंखला ही शुरू हो सकती है।

युद्ध की विभीषिकाओं से जूझते वैश्विक समुदाय में इस हफ़्ते दो ऐसे मामले दिखाई पड़े हैं, जिनसे तनाव में और ज़्यादा इज़ाफ़ा होने का ख़तरा पैदा हो गया है। पहला मामला है यह है कि इज़राइल बड़ी ही संजीदगी से गाज़ा के राफ़ा इलाक़े में हमला करने की योजना बना रहा है। एक मोटे अंदाज़े के मुताबिक़ गाज़ा से विस्थापित 15 लाख फ़िलिस्तीनी नागरिक राफ़ा में बड़ी ही बुरी हालत में रह रहे हैं। इनमें बहुत सारे बच्चे और औरतें शामिल हैं। ये सारे लोग गंदे इलाकों में तंबुओं में रहने को विवश हैं। इनके पास पीने का साफ़ पानी नहीं है, खाना और दवाइयाँ नहीं हैं। यह इलाका मिस्र से लगा हुआ है। विडंबना देखिए कि एक इस्लामी देश होते हुए भी मिस्र भूख और बीमारियों से जूझते इन लोगों को अपने यहाँ शरण देने को तैयार नहीं है। इससे भी बड़ी अफ़सोसनाक बात यह है कि इज़राइली आर्मी द्वारा खदेड़े गए हमास के कई आतंकी और कमांडर इन रिफ्यूजियों के बीच छिपे हुए हैं। हमास ने इसी इलाक़े में 127 इज़राइली बंधकों को भी कैद कर रखा है। हमास के लोग इन निरीह लोगों को ह्यूमन शील्ड की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं, जैसा कि उन्होंने पूरे गाज़ा में किया है। इज़राइली आर्मी अपने बंधकों को छुड़ाने के लिए ही राफ़ा में ऑपरेशन चलाना चाहती है।

पिछले साल अक्टूबर माह से शुरू हुए युद्ध में अब तक 27 हजार से ज़्यादा फ़िलिस्तीनी नागरिक मारे जा चुके हैं और 70 हजार से ज़्यादा लोग घायल हुए हैं। इज़राइली बमबारी में रिहायशी इलाकों में हजारों मकान मलबे में तब्दील हो गए हैं। इस अमानवीयता और त्रासदी के लिए इज़राइल जितना गुनाहगार है, उतने ही गुनाहगार हमास के आतंकवादी भी हैं, जो इज़राइली नागरिकों, बच्चों, औरतों पर बर्बर हमला करने के बाद कायरों की तरह गाज़ा के रिहायशी इलाकों में छिपे हुए थे। राफ़ा में भी ये आतंकी इसी दुष्टता पर कायम हैं। इधर अमेरिका ने इज़राइल को चेतावनी दी है कि राफ़ा पर हमला बहुत बड़ी ग़लती होगी, जिसमें हजारों शरणार्थी मारे जा सकते हैं। इज़राइल ने भी इस बात की गंभीरता को समझा है। इसीलिए प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने एक रक्षा प्रतिनिधि मंडल अमेरिका भेजा है, ताकि अमेरिकी रक्षा विशेषज्ञों से मिलकर तार्किक रणनीति तैयार की जा सके। गाज़ा में फ़ौरन सीज़फ़ायर के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भी एक प्रस्ताव पास किया गया है। इज़राइल की नाराज़गी की परवाह किए बग़ैर अमेरिका ने इस बार सीज़फ़ायर के प्रस्ताव पर वीटो नहीं लगाया है। गाज़ा में चल रहा युद्ध ऐसे मकाम पर पहुँच गया है, जहाँ इज़राइल और हमास को अपनी ज़िद छोड़कर निर्दोष फ़िलिस्तीनी नागरिकों की ओर देखना चाहिए। हमास फ़ौरन बिना शर्त इज़राइली बंधकों को छोड़े और नेतन्याहू सीज़फ़ायर कर इस युद्ध की समीक्षा करें। हमास को शह दे रहे ईरान, तुर्किए और बाक़ी इस्लामी देशों को भी युद्ध की आग में घी डालने के बजाए मिडिल ईस्ट में स्थायी शांति का प्रयास करना चाहिए।

दूसरी बात है पाकिस्तान और अफ़ग़ानिस्तान के बीच बढ़ती तनातनी। पिछले दिनों पाक आर्मी ने अफ़ग़ानिस्तान में घुसकर खोस्त और पतिक्ता के ठिकानों में एयर स्ट्राइक की है। पाक आर्मी का दावा है कि इन इलाकों में तहरीक-ए-तालिबान (टीटीपी) के आतंकियों ने अपने ठिकाने बना रखे थे और यहीं से वे पाकिस्तान में दहशतगर्द वारदातों को अंजाम दे रहे थे।

पाक आर्मी ने यह भी कहा है कि इस हमले में टीटीपी के कमांडर अब्दुल्ला शाह समेत कई आतंकी मारे गए हैं। इधर तालिबान के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने पाक आर्मी के दावों का पुरजोर खंडन किया है। जबीउल्लाह का कहना है कि पाक आर्मी ने अफ़ग़ानिस्तान को डराने के लिए नागरिक इलाकों में हमला किया है, जिसमें तीन बच्चों समेत आठ नागरिक मारे गए हैं। इधर टीटीपी ने भी अब्दुल्ला शाह के मारे जाने की खबरों को ग़लत बताया है। टीटीपी ने एक वीडियो भी जारी किया है, जिसमें अब्दुल्ला शाह को वजीरिस्तान के इलाक़े में घूमता दिखाया गया है। इस हमले के बाद अफ़ग़ानिस्तान की अंतरिम सरकार बुरी तरह भड़की हुई है और पाकिस्तान को बुरा अंजाम भुगतने की चेतावनी दे रही है। ज़ाहिर है कि दोनों मुल्कों के बीच तनाव काफी बढ़ गया है। यह तनातनी जंग की शक्ल भी ले सकती है।

दरअसल जब से अफ़ग़ानिस्तान की सत्ता में तालिबान लौटे हैं, तब से पाकिस्तान में टीटीपी की आतंकी वारदातें काफ़ी बढ़ गई हैं। टीटीपी के लड़ाके गुरिल्ला तौर तरीकों से हमला करते हैं। कई दफ़ा आत्मघाती हमले भी किए जाते हैं। सरहदी इलाकों में ज़्यादा हमले होते हैं, जहाँ टीटीपी के हमलावर आसानी से हमलों को अंजाम देकर वापस अफ़ग़ानिस्तान लौट जाते हैं। इन हमलों की वजह से पाकिस्तानी प्रशासन बहुत परेशान है। एक तो वैसे ही निचले दर्ज़े की सियासी उठापटक के बीच पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति बेहद पतली है, दूसरे बलूचिस्तान में बलोच मुक्ति संगठनों के आत्मघाती हमलों ने पाक आर्मी की नाक में दम कर रखा है। बलोच हमलों की वजह से चीन के पैसों से बन रही 'चीन-पाकिस्तान-इकोनॉमिक-कॉरिडोर' (सीपेक) की महत्वाकांक्षी परियोजना का काम भी ठप्प हो गया है। पिछले दिनों ही ग्वादर इलाक़े में इस प्रोजेक्ट में काम कर रहे पाँच चीनी इंजीनियरों को एक हमले में मार दिया गया है। इस वारदात के बाद चीनी प्रशासन भी सकते में है और उसे अपनी अरबों डॉलर की मोटी रकम डूबती नज़र आ रही है।

पाकिस्तान और अफ़ग़ानिस्तान के बीच झगड़ा सरहद को लेकर है। 1893 में ब्रिटिश डिप्लोमैट सर मार्टीमर डूरंड ने दोनों मुल्कों के बीच विभाजन रेखा खींची थी। इसे डूरंड लाइन कहा जाता है। अफ़ग़ानिस्तान इस लाइन को नहीं मानता। तालिबानी लोग तो पाकिस्तान के आधे इलाके पर अपना दावा ठोंकते हैं। कुल मिलाकर पाकिस्तान के लिए हालात बहुत बुरे हैं। यह तय है कि आज नहीं तो कल तालिबान पाक आर्मी के हमले का तगड़ा जवाब देने से नहीं चूकेगा। तब मजबूरी में पाकिस्तान को भी जवाबी कार्रवाई करना पड़ेगी। ऐसे में पाकिस्तान और अफ़ग़ानिस्तान के बीच हमलों की एक श्रृंखला ही शुरू हो सकती है।

आज का इतिहास

30 मार्च 1867अमेरिका ने 72 लाख डॉलर में अलास्का को रूस से खरीदा।1899 जर्मन सोसायटी ऑफ केमिस्ट्री की एक समिति ने अन्य राष्ट्रीय वैज्ञानिक संगठनों को परमाणु भार पर अंतर्राष्ट्रीय समिति बनाने के लिए प्रतिनिधियों को नियुक्त करने के लिए आमंत्रित किया। 1918 बोल्शेविक और दश्कक ताकतों ने अजरबैजान में मुस्लिम विद्रोह को दबा दिया, जिसके परिणामस्वरूप 12,000 से अधिक मौतें हुईं। 1932 फ्रैंक लॉयड राइट की आत्मकथा प्रकाशित की गई। 1933 दक्षिणी संयुक्त राज्य अमेरिका के टॉर्नेडो में 68 लोग मारे गए। 1940 दूसरा चीन-जापानी युद्ध-वांग जिंगवेई आधिकारिक तौर पर जापान को चीन में एक कठपुतली राज्य के प्रमुख के रूप में स्थापित किया गया था। 1950 उमर इस्माइल ने दाराह दान दोआ की फिल्म शुरू की, औपचारिक रूप से पहली इंडोनेशियाई फिल्म पहचान ली। 1950 मर्रे हिल ने फोटो ट्रांजिस्टर का आविष्कार किया। 1963 ग्राहम हिल ने 1963 के लम्बाम्ख ट्रॉफी मोटर दौड़ जीता। 1972 वियतनाम युद्ध उत्तर वियतनामी बलों ने अधिक से अधिक क्षेत्र हासिल करने और संभवतः दक्षिण वियतनामी सेना की कई इकाइयों को नष्ट करने के प्रयास में ईस्टर आक्रामक शुरू किया।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

अगर आर्थिक रूप से आप

अगर आर्थिक रूप से आप आत्मनिर्भर नहीं हैं... तो सब कुछ कोरी बकवास है। बात स्त्री और पुरुष दोनों पर ही लागू होती है। कोई कितना भी कहे पैसे से कुछ नहीं होता पर अगर आप जंगल में ध्यानमग्न नहीं हैं तो आपके तीन ही मित्र हैं... शक्ति, सम्पत्ति, शिक्षा और तीनों के लिए पैसे की ही जरूरत है।?? पैसा सबकुछ नहीं पर बहुत कुछ होता है भई....

-मीना सोनी

आज भी हम वहीं खड़े हैं

आज भी हम वहीं खड़े हैं जहां तुमने शर्त लगाई थीन तुम्हें झूठा साबित करना था न हराना था इसलिए हम हार गये। देखो, आज भी हम वहीं खड़े हैं जहां तुमने हमें देखा था।

– नवीन शंकर शर्मा

ख़ास पाती | मैं तो बइहा होगेंव शिव-भोले तोर मया म

मैं तो बइहा होगेंव शिव-भोले, तोर मया म सिरतोन बइहा होगेंव... घर-कुरिया मोर छूटगे संगी, छूटगे मया-बैपार जब ले होये हे तोर संग जोड़ा, मोरे गा चिन्हार लोग-लइका बर चिक्कन पखरा कइहा होगेंव गा... खेत-खार सब परिया परगे, बारी-बखरी बाँझ, चिरई घलो मन लाँघन मरयें, का फजर का साँझ ऊपरे-ऊपर देखइया मन बर निरदइया होगेंव गा... संग-संगवारी नइ सोझ गोठियावय, देथे मुंह ला फेर बिन समझे धरम के रस्ता, उन आँखी देथें गुरेर मैं तो संगी तोरे सही बस आँसू पोछइया होगेंव गा...

– कवि सुशील भोले

न ढोलक की थाप न फगुआ की गूंज

न ढोलक की थाप न फगुआ की गूंज न चैती की आहट न मौसम की खनक न कोयल की कूक न फूलों की महक न लचकती डालियां न झरने का शोर बदली बदली फिज़ा उदास उदास सी रुत दरख्त चुप,जड़े चुप,जमीं चुप,आदम भी चुप खामोशी ही है तहजीब नई रौशनी की शायद!

-जावेद उस्मानी

दुख है जीवन की सम्पत्ति और पीडा

दुख है जीवन की सम्पत्ति और पीडा अंतर्मन की ....इसको समझ ना पाया कोई चाह नही समझाने की ...बरस पड़ी हैं अक्सर आँखे नीर भरी एक बदली सी...जब देता है चोट कोई अपना बन बेगानो सी ...जाने क्यों कह देते हैं हम अपना ग़म भोलेपन से उनको जिनकी आदत है हँसकर हँसी उडाने की ...दुख है जीवन की सम्पत्ति और पीडा अंतर्मन की !!!

– सविता वर्मा गजल

कुछ होता है कहने को मगर कह नही पाते

कुछ होता है कहने को मगर कह नही पाते, बादल से घुमड़ कर मगर बरस नही पाते । अक्सर होता है न हाल ज़माने मे मुकम्मल , तीर पर कस्ती है मगर पांव धर नही पाते ।। कहते हैं कुछ लोग , यहाँ ख़ामोशी बहुत है , शोर तो अंदर ही दबा लेते हैं अमूमन सभी । चीखते हैं ज़ोर से , मगर आवाज नही आती , कान के बहरे हैं कुछ सुन कहाँ पाते ।। दरिया सा बहता है , जब रक्त शिरा से , छिन्न हो जाता है मस्तक ,कोमल काया से । नज़र मूंद कर, समझा लेते है दिल को , महज़ लाल रंग फैला है मासूम से तन पर ।। कब तक हाँ कब तक खांमोश रहेंगे हम , रक्त है या रंग है कब समझेंगे हम

-शिखा लाहिरी

कवियों में देखा अकड़ लेखनी की कभी

कवियों में देखा अकड़ लेखनी की कभी प्रकृत को देखा चुपचाप से कविता लिखते हुए कभी देखा लचक कविता की कभी सूंघा महक कविता की कभी महसूस किया हवा कविता की कभी छुआ कोमलता कविता की किसी किताब में कहाँ कविता की आत्मा किसी कवि में कहाँ सच्ची सृजन्ता जो दे दे जान कविता में कवयित्री तो एक ही है ये प्रकृति जीवों की लेखनी से धरा के कागज पर लिखती अनंत कविताएँ हर रोज हर क्षण एक अक्षुण कविता।

– प्रीति श्रीवास्तव

जीवन रंग मंच है मित्रों

जीवन रंग मंच है मित्रों, नव किरदार निभाना है विश्व पटल प्रिय रंग मंच है , कुसुमित भाव जगाना है जितनी जीवन में हसरत हो , वैसा नवल प्रयास करो सूरज चंदा धरती सागर, जैसा अतुल विचार भरो

- राजकिशोर मिश्र राज

प्रेरक प्रसंग

पुत्र और परमेश्वर

बिनोवा के पिता सहृदय व्यक्ति थे। वे प्रायः असहाय बच्चों को ले आया करते थे। उन बच्चों की घर में वैसी ही खातिरदारी की जाती थी जैसे घर के सगे बच्चों के साथ। एक बार ऐसा ही एक लड़का घर में रह रहा था। सेवा-सत्कार का सारा भार बिनोवा जी की माताजी पर था। कभी-कभी दोपहर की रोटी बच जाती, तो वह बिनोवा को दी जाती, उस बच्चे को नहीं। बिनोवा ने एक दिन अपनी माता से कहा- अभी तो तेरा भेदभाव मिटा नहीं, मुझे बासी रोटी देती है और उस लड़के को ताजी। बिनोवा की माता जी ने बड़ा मार्मिक जबाव दिया। कहने लगी वह मुझे परमेश्वर स्वरूप दीखता है, तू पुत्र स्वरूप दीखता है। तुझमें मेरी आसक्ति है, इसलिए पक्षपात तो होगा ही। जब तू भी परमेश्वर हो जाएगा तो यह भेदभाव अपने आप बंद हो जाएगा।

गिलहरी की कहानी

एक जंगल में साध नामक मुनि रहते थे। उन्होंने तप करके बहुत-सी विद्या हासिल की। एक दिन ध्यान लगाने के बाद जब उनकी आँखें खुलीं, तो उनके हाथ में आसमान से एक गिलहरी आ गिरी। वह गिलहरी खून से लथपथ थी, क्योंकि वो चील के पंजों से छूटकर मुनि के हाथ में आ गिरी थी।

गिलहरी मौत के डर से कांप रही थी। मुनि को उसके ऊपर दया आ गई। उन्होंने सोचा क्यों न इसे अपनी विद्या से अपनी बेटी बना लूं। मेरी पत्नी कब से संतान प्राप्ति की चाह रख रही है। लेकिन, उसके भाग्य में संतान है ही नहीं। अब यह बात बताकर उसे दुखी करने की जगह कुछ साल इस गिलहरी को ही बेटी बनाकर उसे सौंप देता हूँ।

इतना सोचते ही मुनि ने एक मंत्र पढ़कर गिलहरी को एक छोटी-सी बच्ची बना दिया। वो उस गिलहरी को बच्ची बनाने के बाद गोद में उठाकर अपनी पत्नी के पास लेकर आए। उन्होंने कहा, ÷लो अब इसे अपनी बेटी मानकर ही पालना। सोच लो, भगवान ने तुम्हारी सुन ली है।÷

मुनि की पत्नी छोटी बच्ची देखकर खुश हो गई। अब गिलहरी से बच्ची बनी लड़की मुनि के घर में बड़े लाड़-प्यार से पलने लगी। मुनि की पत्नी ने कुछ दिनों के बाद बच्ची का नाम वेदांता रखा।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) ब्यूफोर्ट स्केल किसका मापक है?

2) किस महासागर का सर्वाधिक विस्तृत महाद्वीपीय ढाल क्षेत्र है?

3) भारत की प्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा करें और उसे अक्षुण्य रखे, यह उपबंध किसमें किया गया है?

4) किस ब्रिटिश प्रधानमंत्री द्वारा 8 नवम्बर, 1927 को सर जॉन साइमन की अध्यक्षता में एक सांविधानिक आयोग (प्रचलित नाम साइमन आयोग) की नियुक्ति की घोषणा की गई थी?

5) नरगिस मोहम्मदी को शांति के क्षेत्र में वर्ष 2023 का नोबेल पुरस्कार मिला है, जो यह सम्मान पाने वाली अब तक की कौनसी महिला है?

उत्तरमाला- (1) पवन दिशा (2) आर्कटिक महासागर (3) मूल कर्तव्य (4) स्टेनली बाल्डविन (5) 19 वीं

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष: आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे।

वृष : आज आपका ध्यान अध्यात्म में अधिक लगा रहेगा। घर में धार्मिक समारोह का आयोजन कर सकते हैं। इससे घर में सुख-सौभाग्य बना रहेगा।

मिथुन: आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। सार्वजनिक एवं प्रोफेशनल कार्यों में अनुकूल संयोग मिल सकते हैं।

कर्क : आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। किसी काम में रुकावटें आ सकती हैं, लेकिन अधिकारियों की मदद से काम निपटा लेंगे।

सिंह: आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आज किसी काम से आपको बड़ा फायदा हो सकता है। कुछ निजी कामों में भाई का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा।

कन्या : आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। अचानक से धन लाभ हो सकता है। आज शाम तक किसी समारोह में शामिल होंगे।

तुला: आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज किसी पर गुस्सा करने से बचें। अन्यथा आप परेशानी में पड़ सकते हैं।

वृश्चिक : आज आपका दिन काफी अच्छा रहेगा। घरेलू समस्याओं को सुलझाने में सफल रह सकते हैं। आज जीवनसाथी का पूरा-पूरा साथ मिलेगा।

धनु : आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आर्थिक पक्ष पहले से बेहतर बना रहेगा। इस राशि के छात्रों का आज पढ़ाई में मन लगेगा।

मकर : आज आपका दिन खास रहेगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। आज कोई बड़ी सफलता मिल सकती है।

कुंभ : आज खुद को ऊर्जावान महसूस करेंगे। आज का दिन आपके लिए फायदेमंद रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज के दिन करियर में नया बदलाव होगा।

मीन: आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज किसी कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। इस राशि के भाई-बहन मंदिर में भगवान के दर्शन करने जा सकते हैं।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -011

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकुल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

ऊपर से नीचे

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 010 का हल

सही उम्मीदवार को वोट दें, आएगा सकारात्मक सुधार : विजयलक्ष्मी

सीपत/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम स्कूल सीपत में गुरुवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत प्राचार्या टी विजयलक्ष्मी ने सभी शिक्षकों एवंस स्व सहायता समूह की महिलाओं को मतदान के लिए शपथ दिलवाई। प्राचार्या विजयलक्ष्मी ने कहा कि अपने घर के बड़े-बुजुर्गों को जाति-धर्म से उठकर, बिना किसी प्रलोभन के चुनाव में अपने मतदान करने के लिए प्रेरित करने की बात कही। सही उम्मीदवार को वोट देने से आपके भविष्य में सकारात्मक सुधार आ सकता है, इसलिए जागरूक होकर वोट देने के लिए अपने बड़े-बुजुर्गों को प्रेरित करें। शाला के शिक्षकों ने हाथ उठाकर देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने, स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म वर्ग जाति समुदाय भाषा व अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करने शपथ लिया। इस दौरान संस्था प्रभारी पीके पटेल मिडिल स्कूल की प्रधानपाठिका मंजू मिश्रा, लोभेराम साहू, केपी कश्यप, गोरे सिंह क्षत्री, अनिता शुक्ला, बृजेन्द्, रजनी शर्मा, शशि वर्मा, शचि श्रीवास, सौरभ सहित हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम के सभी शिक्षकगण व स्व सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थीं।

7 साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। पथरिया प्रभारी एस के शर्मा के नेतृत्व में 7 साल से फरार प्रकरण क्रमांक 1276/2021 धारा 452, 294, 506, 323 एवं प्रकरण क्रमांक 1674/18 धारा 34 आबकारी के स्थाई वारंटी आरोपी प्रेम भोसले पिता सम्पत भोसले उम्र 48 वर्ष ग्राम सिलदहा को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया की आरोपी 2018 फरार चल रहा था। मुंगेली पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को देखते हुए लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों की तलाश के लिए मुखबिर तैनात किया गया था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस द्वारा टीम गठित कर आरोपी को उसके घर से घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। जहाँ आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया।

30 पाव देशी शराब जब्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। ग्राम घुटकु बंधवापारा निवासी एक व्यक्ति अपने पास देशी प्लेन मदिरा शराब बिक्री करने के लिए रखा है कि सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाहों के सूचना स्थल ग्राम घुटकू बंधवापारा, घुटकू आरोपी के दुकान के पास घेरा बंदी कर पकडा गया जहां आरोपी राकेश वर्मा पिता रामनारायण वर्मा उम्र 38 वर्ष निवासी घुटकू थाना कोनी से सफेद रंग के प्लास्टिक के थैला में 30 नग प्रत्येक में 180 एमएल कुल 5.4 लीटर जप्त किया गया। आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना के दौरान आरोपी राकेश वर्मा को विधिवत् गिरफ्तार कर गवाहों कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में प्रधान आरक्षक अरविंद सिंह आरक्षक महादेव कुजूर,सूरज कुर्रे का सराहनीय योगदान रहा।

लघु अवधि प्रशिक्षण कोर्स आवेदन 10 तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। शासकीय महिला आईटीआई कोनी द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए रोजगार एवं स्वरोजगारमुखी शुल्क आधारित 6 माह की लघु अवधि के विभिन्न प्रशिक्षण कोर्स में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किये गये है। इच्छुक आवेदिका एकाउण्ट असिस्टेंट यूजिंग टेली विथ जीएसटी, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, ब्यूटी पार्लर, टेलर सिलाई मशीन एवं फैशन डिजाइनिंग का प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए आवेदन कर सकती है। आवेदन करने अंतिम तिथि 10 अप्रैल तक है। प्रवेश हेतु आवेदन फार्म एवं विस्तृत जानकारी हेतु संस्था कार्यालय में कार्यालयीन समय में संपर्क किया जा सकता है।

न्यायाधीश के लिए चयनित उम्मीदवारों की सूची जारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा छत्तीसगढ़ उच्चतर न्यायिक सेवा (भर्ती एवं सेवा शर्तें) नियम, 2006 के नियम 5(1) के अंतर्गत जिला न्यायाधीश (प्रवेश स्तर) के पदों पर पदोन्नति हेतु वर्ष 2022 के चयनित उम्मीदवारों की चयन सूची माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर की वेबसाईट https://highcourt.cg.gov.in पर उपलब्ध है।

अवैध कारोबारियों के खिलाफ पुलिस प्रशासन की कार्रवाई

निगम अमले ने कबाड़ कारोबारी का अतिक्रमण ढहाया

बिलासपुर/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा अवैध कारोबार करने वाले अपराधियों पर सख्त कार्रवाई कर अपराध पर नकेल कसने का आदेश सभी थाना प्रभारियों को दिया गया है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश कश्यप के दिशा निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक पूजा कुमार के मार्गदर्शन में आज फिर पुलिस ने कबाड़ी छोटू पांडेय के कबाड़ दुकान पर निगम दस्ते को साथ लेकर कार्रवाई की। नगर निगम द्वारा कबाड़ के कारोबार को अवैध अतिक्रमण कर चलने वाले छोटू पांडे से अवैध कब्जा खाली करा कर अतिक्रमण हटाते हुए भवन को जमींदोज कर दिया गया।

छोटू पांडे की अवैध कबाड़ की गाड़ी को कुछ दिन पूर्व ही थाना कोतवाली द्वारा जप्त किया गया है जिसका आज दिनांक तक सुपुर्दनामा नहीं हो सका है। पुलिस ने अवैध कारोबार की जानकारी जीएसटी विभाग को भी भेजी है जिसमें संज्ञान लेते हुए जीएसटी विभाग ने जप्त कबाड़ को कर अपवंचन का मामला होना पाया है जिस पर जीएसटी विभाग पृथक से कार्रवाई कर रहा है जिसमें जीएसटी कर चोरी पाए जाने पर कारोबारी को भारी जुर्माना भी भुगतना पड़ सकता है। बिलासपुर पुलिस ने साफ कर दिया है कि किसी भी प्रकार के अवैध कारोबार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

छात्रावास के बच्चों ने कलेक्टर निरीक्षण में की थी शिकायत

बेलतरा का अधीक्षक निलंबित

बिलासपुर/नवप्रदेश। आदिम जाति और अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा बेलतरा में संचालित छात्रावास के संचालन में गड़बड़ी पाए जाने पर वहां पदस्थ अधीक्षक प्रफुल्ल शर्मा को निलंबित कर दिया गया है। कलेक्टर अवनीश शरण ने नोडल अधिकारी की रिपोर्ट और इस आधार पर जारी शोकाज़ नोटिस का जवाब संतोषप्रद नहीं पाए जाने पर आज निलंबन आदेश जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि गत 18 मार्च को तहसीलदार एवं नोडल अधिकारी द्वारा बेलतरा स्थित प्री. मै. अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान छात्रावास अधीक्षक प्रफुल्ल शर्मा नदारद पाये गये। छात्रावास में केवल 7 छात्र उपस्थित पाये गये। छात्रों ने बताया कि अधीक्षक छात्रावास में निवास नहीं करते हैं एवं नियमित रूप से छात्रावास में उपस्थित भी नहीं रहते हैं। छात्रों द्वारा नाश्ता एवं अन्य सामग्रियां उपलब्ध नहीं कराये जाने के संबंध में भी शिकायतें की गई। छात्रावास में गंदगी का आलम था। दीवारों पर पान-गुटका खाकर थूकने के निशान भी पाया गया। बच्चों को मच्छरदानी उपलब्ध नहीं कराये जाने की शिकायत भी की गई। बच्चों की उपस्थिति भी न्यूनतम होने एवं अन्य शिकायतें पाई गई। प्रफुल्ल शर्मा छात्रावास अधीक्षक ग्रेड सी सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 03 के विपरीत होने के फलस्वरूप 20 मार्च को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया जाकर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। प्रफुल्ल शर्मा, छात्रावास अधीक्षक श्रेणी स द्वारा 27 मार्च को स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया गया है। प्रफुल्ल शर्मा, छात्रावास अधीक्षक श्रेणी स द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण संतोषप्रद नहीं होने के फलस्वरूप तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में प्रफुल्ल शर्मा का मुख्यालय कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, बिलासपुर में निर्धारित किया जाता है। श्री शर्मा को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी ।

केशरवानी ने जगदीश का अनशन कराया खत्म

कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र भी कौशिक से मिले

बिलासपुर/नवप्रदेश। कभी बसपा के नेता के रूप में बोदरी नगर पंचायत के अध्यक्ष का चुनाव लड़ने वाले जगदीश कौशिक जो कांग्रेस से लोकसभा की टिकट नहीं मिलने पर आमरण अनशन पर बैठे थे, उसका अनशन जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष विजय केशरवानी ने सुबह आनन-फानन में कांग्रेस भवन पहुंचकर जगदीश कौशिक को जूस पिलाकर समाप्त कराया ।

इसकी खबर किसी भी कांग्रेस नेता को नहीं थी। श्री केशरवानी ने फोन करके प्रत्याशी देवेंद्र यादव को भी कांग्रेस भवन बुलाया और जगदीश कौशिक से मिलवाया । बाद में और भी कांग्रेस नेता कांग्रेस भवन पहुंचे। जगदीश कौशिक का अनशन कांग्रेस नेताओं के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया था। दो दिन से उन्हें कांग्रेस के कई नेता मनाते रहे मगर बात नही बनी लेकिन आज अनशन स्थल पर जगदीश कौशिक की पत्नी भी बेटे को साथ लेकर पहुंच गई। इसकी जानकारी मिलते ही विजय केशरवानी सक्रिय हो गए और किसी तरह जगदीश कौशिक का अनशन समाप्त करवाने में सफल रहे लेकिन अधिकांश कांग्रेस नेताओ को इसकी भनक तक नहीं लगी। जगदीश कौशिक पिछले तीन दिनों से अनशन पर बैठे थे। इस दौरान उन्हें काफी मनाने की कोशिश हुई थी लेकिन वह नहीं मान रहे थे। बताया जा रहा हैं कि नाराज नेता जगदीश कौशिक को मनाने पहुंचे नेताओं ने उनकी मांग से आलाकमान को अवगत कराने की बात कही हैं। साथ ही उम्मीदवारी पर विचार करने की बात कही हैं। उन्हें नामांकन से पहले मांगों पर विचार करने का आश्वासन मिला हैं।

115 ट्रैक्टर रेत जब्त कर नदी में डाली

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश और एसडीएम ज्योति पटेल के नेतृत्व में राजस्व विभाग एवं खनिज विभाग द्वारा ग्राम घुटकू में अवैध रेत परिवहन एवं डंपिंग के विरुद्ध कार्रवाई की गई। जिसके अंतर्गत 35 ट्रैक्टर अवैध रेत घुटकू निवासी तिलक वर्मा द्वारा डंप करके रखा गया था जिसके विरुद्ध खनिज विभाग द्वारा प्रकरण बनाया गया। उसी तरह जीवेन्द्र सिंगरौल द्वारा 40 ट्रैक्टर रेत अवैध तरीके से डंप करके रखा गया था। इसके अलावा घुटकू ग्राम में बंच 50 ट्रैक्टर रेत लावारिस हालत में पड़ा मिला जिसे राजस्व विभाग एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम द्वारा डिस्पोज़ल करते हुए पुनः नदी में डाल दिया गया। कार्रवाई में नायब तहसीलदार श्रद्धा सिंह, राजस्व निरीक्षक होमेश सिंह, पटवारी एसपी शुक्ला, खनिकर्म विभाग से सहायक खनिज अधिकारी पद्मिनी जांगड़े के नेतृत्व में टीम व पुलिस अधिकारी शामिल थे। सशक्त नारी महासंघ महिला समूह घुटकू की अध्यक्ष बिलसिया पटेल के नेतृत्व में महिलाओं ने अभियान में महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

आज छिटपुट बारिश की संभावना

बिलासपुर/नवप्रदेश। *एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण पश्चिम मध्य प्रदेश और उसके आसपास 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणीका/हवा की अनियमित गति दक्षिण पश्चिम मध्य प्रदेश से उत्तर तमिलनाडु तक 0.9 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में कल 30 मार्च को एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। 31 मार्च को प्रदेश में एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने के साथ ही गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है। अधिकतम तापमान में मामूली गिरावट संभावित है ।*

नाबालिग से दुष्कर्म कर हत्या का मामला

आरोपी को फांसी देने की मांग

लोधी समाज ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रदेश लोधी समाज ने गुरुवार को प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा के नेतृत्व में पथरिया एसडीएम को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा जसमे बताया गया है कि सिरगिट्टी थाना के अंतर्गत लोधी समाज की नाबालिग बच्ची को अपहरण कर घर के बाथरूम में उनके साथ बलात्कार किया गया और बाद में उसकी निर्मम हत्या किया गया। जिसको लेकर समाज मे आक्रोश है और आरोपी को फाँसी की सजा मिलनी चाहिए।

ज्ञापन के माध्यम समाज के लोगो ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि इस घटना सख्त कार्रवाई करते हुए फांसी की सजा दी जाए। प्रशासन द्वारा आरोपियों के खिलाफ एफआईआर कर 302 376 201, 34, 04, 06, 10 पास्को एक्ट मे अपराध पंजीकृत कर कार्रवाई की जा रही है जिसे नाकाफी मानते हुए प्रदेश लोधी समाज द्वारा प्रशासन से अनुरोध किया गया है कि आरोपियों के खिलाफ उक्त धाराओं के अतिरिक्त 363, 366, 120 बी धाराओं को और जोड़ा जाए। जिला पंचायत सदस्य जागेश्वरी वर्मा ने प्रशासन को बताया है कि लगातार बिलासपुर क्षेत्र में ऐसी जघन्य अपराध घटना घट रही है जिससे क्षेत्र में आक्रोश है। बच्चियां घर से निकलने में डर रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करते हुए फांसी की सजा दी जाए। प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने पीड़िता मृतक बच्ची के परिवारजनों को सहानुभूति देते हुए कहा की पूरे प्रदेश लोधी समाज परिवार के साथ हैं, समाज की बेटी को इंसाफ दिलाएंगे। जिला पंचायत सदस्य जागेश्वरी वर्मा ने शासन से मांग किया की ऐसे अपराधियों के लिए क़ानून मे संसोधन करते हुए फांसी की सजा का प्रावधान किया जाए। घनश्याम वर्मा ने शासन से माँग किया परिवार के किसी एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दिया जाए साथ शासन दुवारा परिवार को 10 लाख का मुआवजा राशि दिया जाए। इस अवसर पर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष जगदीश वर्मा, जितेंद्र वर्मा, रामरतन वर्मा, एवम लोधी समाज के ग्रामीण उपस्थित थे।

तीन किए गए जिला बदर

कलेक्टर ने जारी किया आदेश, 24 घंटे के अंदर छोड़ना होगा जिला

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर ने 3 आदतन अपराधियों को जिला बदर करने का आदेश जारी कर दिया है। इन सभी पर लंबे समय से अपराध में शामिल होने का आरोप है और थानों में कई कई अपराध दर्ज है। इन सभी को 24 घंटे के अंदर जिला छोड़ना होगा जबकि आदेश जारी हुए 12 घंटे से ज्यादा हो चुके है।

जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु एवं लोकसभा चुनावों को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिले के तीन आदतन अपराधियों शानू खान (जफर), हरिशचंद्र ठाकुर (गोलू) एवं विनोद साहू को जिला बदर कर दिया गया है। कलेक्टर अवनीश शरण ने यह आदेश विभिन्न थानों से प्रेषित रिपोर्ट एवं पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड के आधार पर जारी किया है। तीनों आदतन अपराधियों को 24 घण्टे के अंदर बिलासपुर जिले से बाहर रहने के आदेश दिए गए हैं। जिन 3 अपराधियों को जिला बदर किया गया है उन पर विभिन्न थानों में मारपीट, गुण्डागर्दी, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी, लूटपाट, आर्म्स एक्ट जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं। राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की विभिन्न धाराओं के तहत जिला दण्डाधिकारी ने आदेश जारी किये हैं और सभी आरोपियों को छह महीने के लिए बिलासपुर जिला छोड़ने के आदेश दिए हैं। तीनों आरोपियों को बिलासपुर राजस्व जिला सहित आसपास के जिले-जांजगीर चाम्पा, कोरबा, मुंगेली, गौरेला पेण्ड्रा मारवाही तथा बलौदाबाजार जिले की सीमा से छह महीने बाहर रहना होगा। शानू खान कांग्रेस नेताओं के करीबी है और बताया जा रहा है उसे उनका संरक्षण है। उसके खिलाफ सरकंडा थाने में हत्या के प्रयास, मारपीट, लूट और बलवा के 13 मामले दर्ज है। इसी तरह गोलू ठाकुर लंबे समय से कोटा क्षेत्र में जुए का फड़ चला रहा था। मारपीट और जुआ एक के तहत 6 और 11 प्रतिबंधात्मक कार्रवाई दर्ज है। इसी तरह विनोद साहू सुपर क्षेत्र में गुंडा गर्दी और थाने में मारपीट करने के 5 और प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के 13 मामले दर्ज है।

रंग उत्सव | बिलासपुर प्रेस क्लब में फाग महोत्सव

मुंगेली जिले के ठकुरीकापा की फाग मंडली को पहला पुरस्कार

बिलासपुर/नवप्रदेश। होली के अवसर पर बिलासपुर प्रेस क्लब की ओर से 24 मार्च को राघवेंद्र राव सभा भवन परिसर में फाग महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव की शुरुआत दोपहर 2 बजे फाग प्रतियोगिता के साथ हुई। प्रतियोगिता में शहर समेत आसपास के क्षेत्रों की 20 फाग मंडलियों ने हिस्सा लिया। बिलासपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष इरशाद अली, उपाध्यक्ष संजीव पांडेय, सचिव दिलीप यादव, कोषाध्यक्ष प्रतीक वासनिक, सहसचिव दिलीप जगवानी और कार्यकारिणी सदस्य गोपीनाथ डे ने सभी मंडलियों का गुलाल लगाकर मंच पर स्वागत किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में शामिल वरिष्ठ पत्रकार रूद्र अवस्थी, श्री दुबे व श्री सोनी ने प्रदर्शन के आधार पर मुंगेली के ठकुरीकापा की महामाया फाग मंडली को पहला, मुंगेली की धरमपुरा फाग मंडली को दूसरा और देवतरा की आदर्श फाग मंडली को तीसरा विजेता घोषित किया। विजेताओं को क्रमशः 21 हजार, 11 हजार और 5100 रुपए का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के बाद हर साल की तरह लोक कलाकार शिवकुमार तिवारी के झमाझम कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई। अगले कुछ घंटों तक तिवारी व साथियों ने लोक गीतों का वो समां बांधा कि परिसर में मौजूद हर व्यक्ति खुद को थिरकने से ना रोक सका। हर गीत पर लोग झूम-झूम कर नाचते रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ पत्रकार कमलेश शर्मा, अखिल वर्मा, मनीष शर्मा, अखलाख खान, लोकेश वाघमारे, विनोद सिंह ठाकुर, जेपी अग्रवाल, पंकज गुप्ते, श्याम पाठक, गुड्डा सदाफले, कमलेश रजक, जितेंद्र थवाईत, सतीश मिश्रा, रोशन वैद्य, प्रदीप भोई, रमेश राजपूत, मधु खान, सोनाली श्रीवास्तव, रमा धीमन, भारती यादव, सत्येंद्र वर्मा, आलोक अग्रवाल, प्रवीर भट्टाचार्य, संतोष मिश्रा, राजू शर्मा, पंकज गुप्ता सहित तमाम पत्रकार मौजूद रहे।

लोक परंपरा को बनाए रखने की पहल सराहनीय : साव

फाग महोसत्व में प्रदेश सरकार के उप मुयमंत्री अरूण साव विशेष तौर पर शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को होली पर्व की बधाई दी। उप मुयमंत्री साव ने कहा कि लोक परंपरा को बनाए रखने की बिलासपुर प्रेस लब कि यह सराहनीय पहल है। उमीद है कि प्रेस लब इस परंपरा को इसी तरह बरकरार रखेगा। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व मंत्री व विधायक अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, विधायक अटल श्रीवास्तव, कांग्रेस जिला ग्रामीण अध्यक्ष विजय केसरवानी और भाजपा लोकसभा प्रत्याशी तोखन साहू ने भी सभी को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए उत्साह के साथ त्योहार मनाने की अपील की।

न्यूज गैलरी

नववधुओं को दिलाई मतदान की शपथ

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार आज मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत आज कांकेर में नव वधुओं को लोकसभा निर्वाचन में अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए शपथ दिलाई गई। स्वीप के तहत जनपद पंचायत चारामा के ग्राम लखनपुरी में स्वसहायता समूह की महिलाओं ने 'चलो मतदान केन्द्र की ओर' के नारे के साथ रैली निकालकर मतदान दिवस के दिन 26 अप्रैल को मतदान करने का आग्रह किया। इसी प्रकार कोयलीबेड़ा विकासखंड अंतर्गत स्वीप सहेली ने भी ग्रामीण मतदाताओं को स्वीप संबंधी रंगोली बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इसके अलावा भानुप्रतापपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत हाटकर्रा में महिला शक्ति संगठन द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाल कर नारा लेखन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी महिलाओं को शतप्रतिशत मतदान के लिए शपथ भी दिलाई गई।

कांकेर लोकसभा के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू

कांकेर/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 के द्वितीय चरण में कांकेर लोकसभा क्षेत्र क्रमांक-11 में निर्वाचन के लिए गुरुवार 28 मार्च को कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर अभिजीत सिंह द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत द्वितीय चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा। अधिसूचना जारी होने के साथ ही कांकेर लोकसभा क्षेत्र के लिए नाम-निर्देशन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। नाम-निर्देशन के पहले दिन 07 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र प्राप्त किया, जिनमें सर्वश्री बीरेश ठाकुर, सोनसिंह, भोजराज नाग, भोजराम,सुकचंद नेताम, विनोद कुमार नागवंशी और जीवन लाल मतलाम शामिल हैं।

मुखबिरी के शक में नक्सलियों ने की एक ग्रामीण की हत्या

कांकेर/पखांजूर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में एक तरफ जहां जवानों का एंटी नक्सल ऑपरेशन जारी है। वहीं अलग-अलग क्षेत्रों में नक्सली लगातार अपनी मौजूदगी भी दर्ज करा रहे हैं। कांकेर जिले के पखांजूर में नक्सलियों ने मुखबिरी के शक में एक ग्रामीण की हत्या कर दी। हत्या के बाद उन्होंने बीच सड़क पर शव फेंक दिया। यह घटना भामरागढ़ थाना क्षेत्र की है।

मिली जानकारी के अनुसार, नक्सलियों ने कांकेर जिले में मुखबिरी के शक में एक ग्रामीण की हत्या कर दी। इसके बाद ताड़गांव और भामरागढ़ को जोड़ने वाली सड़क पर उन्होंने शव फेंक दिया। मृतक अशोक तलाण्डी दामरांचा गांव का रहने वाला था। नक्सलियों ने शव के पास पर्चा भी फेंका है।

नक्सलियों ने चिपुरभट्टी में हुए मुठभेड़ को बताया फर्जी

वहीं बीजापुर जिले के चिपुरभट्टी में हुए मुठभेड़ को नक्सलियों ने फर्जी बताया है। मुठभेड़ के विरोध में 3 अप्रैल को सुकमा-बीजापुर जिले में बंद का आह्वान किया है। नक्सलियों ने जवानों पर दो पार्टी कार्यकर्ता समेत 6 निहत्थे लोगों को गोली मारने का आरोप लगाया है। नक्सलियों का कहना है कि, जगरगुंडा एरिया कमेटी की सीएमएम अध्यक्ष गंगी और पीएल 9 पार्टी सदस्य नागेश चिपुरभट्टी में ग्रामीणों की बैठक लेने गए थे। उनका आरोप है कि, जवानों ने सुबह 4 बजे सोये हुए कार्यकर्ता को निहत्थे पकड़कर गोली मार दी। वहीं खेतों में महुआ और मवेशियों को चराने वाले 4 ग्रामीणों को भी मुठभेड़ में गोली मारने का आरोप लगाया है।

एनएसएस के छात्रों ने चलाया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

कांकेर/नवप्रदेश। शासकीय पंडित विष्णु प्रसाद शर्मा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोविंदपुर कांकेर में एनसीसी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा बिटिया आग्रह टोली मतदाता जागरूकता व %स्वीप कार्यक्रम चलाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं छात्र सैनिक द्वारा मतदाताओं को लोकसभा चुनाव 2024 में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया साथ ही मतदाता को मतदान करने संबंधी जानकारी एवं निर्वाचन प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी गई।

कार से 23 हजार की शराब जप्त

कांकेर/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन-2024 को दृष्टिगत करते हुए एफएसटी एवं एसएसटी दलों के द्वारा वाहनों की रेंडम आधार पर सघन जांच की जा रही है। इसी दौरान शुक्रवार 29 मार्च को आबकारी एवं एफ.एस.टी दल द्वारा दबेना-जामगांव मार्ग पर दुधावा चौकी में वाहनों की जांच के दौरान एक संदिग्ध वाहन मारूति सुजुकी स्विफ्ट क्रमांक सी.जी. 04 एच.एल. 1790 में गोवा स्पेशल व्हिस्की पाव के 96 नग (17.28 लीटर), पार्टी स्पेशल डिलक्स व्हिस्की पाव के 20 नग (3.60 लीटर), सिम्बा स्ट्रांग बीयर के 36 नग (23.40 लीटर) एवं सिम्बा केन बीयर के 08 नग (4.00 लीटर) कुल 48.280 लीटर मदिरा बरामद की गई। वाहन चालक मनोज कुमार राय पिता विजय राय निवासी बाजार चौक जामगांव से पूछताछ करने पर उसके द्वारा कोई वैध लायसेंस या परमिट प्रस्तुत नहीं किया गया।

जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि उक्त आरोपी को आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2),59 (क) के तहत गिरफ्तार किया जा कर मदिरा कीमत 23 हजार 280 रूपए एवं वाहन (अनुमानित मूल्य 02 लाख 50 हजार रूपए) इस प्रकार कुल 02 लाख 73 हजार 280 रूपये की जब्ती की कार्यवाही के बाद आरोपी वाहन चालक को न्यायालय से रिमांड लेकर जेल दाखिल किया गया है।

नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

बचेली/नवप्रदेश। बालक/बालिका एवं महिला संबंधित अपराधों की रोकथाम एवं त्वरित कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक गौरव राय दंतेवाड़ा के दिशा-निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन, दंतेवाड़ा तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कपिल चंद्रा, किरंदुल के मार्गदर्शन में उपरोक्त मामले की गंभीरता को देखते हुये तत्काल आरोपी की गिरफ्तार कर त्वरित कार्यवाही करने दिशा-निर्देश प्राप्त हुआ है। दिशा-निर्देश के पालन में बुधवार 27 मार्च को थाना बचेली में अपराध क्रमांक 16/2024 धारा 376 भादवि. 08 पॉक्सो एक्ट पंजीबद्ध कर नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी शिवा यादव पिता रघुनाथ यादव (24) निवासी लेबर हाटमेंट पुराना मार्केट बचेली को 24 घंटे के अंदर त्वरित कार्यवाही करते हुए गुरुवार 28 मार्च को 12.30 बजे विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बचेली निरीक्षक मधुनाथ ध्रुव के नेतृत्व में सउनि. अनीता चौधरी, सोहन ठाकुर, राजकुमार प्रधान, प्रधान आरक्षक वेदन सोरी, महिला प्रधान आरक्षक संतोषी ध्रुव, आरक्षक डमरूधर कश्यप एवं डीएसएफ महिला आरक्षक दंतेश्वरी मजूमदार की सराहनीय भूमिका रही।

व्यय प्रेक्षक ने किया निर्वाचन कंट्रोल रूम, मीडिया सेंटर का निरीक्षण

कांकेर/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु कांकेर के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक संदीप मंडल (आईआरएस-2014) द्वारा विभिन्न कक्षों का अवलोकन किया गया। निर्वाचन के परिप्रेक्ष्य में व्यय प्रेक्षक श्री मंडल ने कलेक्टोरेट स्थित निर्वाचन कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया, जहां पर पंजी संधारण के संबंध में जानकारी ली तथा प्रतिदिन की रिपोर्टिंग के संबंध में आवश्यक निर्देश उपस्थित कर्मचारियों को दिए।

इसी तरह कलेक्टोरेट के प्रथम तल पर जिला जनसम्पर्क कार्यालय में स्थापित मीडिया सेंटर का व्यय प्रेक्षक ने निरीक्षण किया। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया अनुवीक्षण इकाई सहित प्रिंट और रेडियो अनुवीक्षण इकाई के कार्यों की जानकारी लेते हुए अनुवीक्षण पंजी का अवलोकन कर जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण इकाई के नोडल अधिकारी टी.एस. सिन्हा ने बताया कि एमसीएमसी की उपसमिति के सदस्यों के द्वारा नामनिर्देशन की प्रारम्भिक तिथि यानी आज से प्रत्येक दिवस के अनुवीक्षण का प्रतिवेदन निर्धारित प्रपत्र में भरकर व्यय लेखा टीम और सहायक व्यय प्रेक्षक को प्रेषित किया जाता है। इस दौरान व्यय प्रेक्षक ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय संबंधी गतिविधियों पर सूक्ष्मता से निगरानी करने के निर्देश दिए। तत्पश्चात् उन्होंने निर्वाचन व्यय की निगरानी से संबंधित दलों के प्रभारी अधिकारियों की संक्षिप्त बैठक लेकर जिले के विभिन्न स्थानों सहित अंतर्जिला सीमावर्ती इलाकों में एसएसटी, एफएसटी दलों को पूरी मुस्तैदी के साथ सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए।

विधायक ने भाजपा नेताओं संग देखी फिल्म सावरकर

■ **वीर सावरकर ने आजादी में निभाई अहम भूमिका: आशा नेताम**

कांकेर/नवप्रदेश। विधायक आशाराम नेताम ने सीटी सेंटर सीने वर्ल्ड में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ विनायक दामोदर वीर सावरकर के जीवन पर आधारित फिल्म स्वातंत्र वीर सावरकर फिल्म देखी इस दौरान कांकेर सांसद मोहन मंडावी, भाजपा जिला अध्यक्ष सतीश लटिया, भरत मटियारा, दीपक खटवानी सहित भाजपा के सभी मंडल के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण मौजूद थे। विधायक आशाराम ने कहा कि आज भाजपा के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ स्वातंत्र वीर सावरकर फिल्म देखने आए थे, हमारे अखंड भारत के प्रणेता प्रखर राष्ट्रवादी विनायक दामोदर सावरकर ने आजादी की लड़ाई में अहम भूमिका निभाई थी, अंग्रेजों की यातनाएं और कालापानी की सजा के बावजूद उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ क्रांति जारी रखा, वीर सावरकर के इस बलिदान को इतिहासकारों ने इतिहास में जगह नहीं दी उन पर बनी यह फिल्म लोगों को जरूर देखनी चाहिए की कैसे उन्होंने अंग्रेजों से लड़ते हुए भारत के विभाजन का विरोध किया। भारत से विभाजित पाकिस्तान बनाएं जाने का पुरजोर विरोध किया और अखंड भारत बनाएं जाने का संकल्प लिया। वीर सावरकर ने हिंदुत्व की बात की जात, पात का विरोध किया। अंग्रेजों की फूट डालो शासन करो की नीति से लोगों को तोड़ने के बजाय हिंदुत्व के माध्यम से जोड़ने का काम किया। आजादी के लिए उन्होंने कितना संघर्ष किया, हमें किसने दिलाई यह जानने के लिए हम सभी को वीर सावरकर पर बनी फिल्म जरूर देखना चाहिए सभी जनता से आग्रह है कि स्वातंत्र सावरकर फिल्म जरूर देखे। वीर सावरकर हिंदुस्तान के लिए हमेशा हमेशा के लिए अमर रहेंगे आजादी के लिए उनका योगदान के हम सब उनके ऋणी है किन विचारधाराओं के इतिहासकारों ने सावरकर के बलिदान और उनके संघर्षों को इतिहास में जगह नहीं दिया। यह जानने के लिए भी हमें सावरकर की फिल्म देखनी चाहिए।इस अवसर पर कांकेर सांसद मोहन मंडावी भाजपा जिला अध्यक्ष सतीश लाटिया भरत मटियारा दिलीप जायसवाल दीपक खटवानी,महिला मोर्चा के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्तागण मौजूद थे।

पुलिस प्रेक्षक ने किया स्ट्रांग रूम का औचक निरीक्षण

नारायणपुर/नवप्रदेश। बस्तर लोकसभा क्षेत्र के पुलिस प्रेक्षक रामकिशुन ने लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों के लिए स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय नारायणपुर में निर्मित स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान पश्चात् रखे जाने वाले ईव्हीएम को स्ट्रांग रूम में सुरक्षित एवं उनकी निगरानी के लिए सुनिश्चित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बिपिन मांझी ने संपूर्ण स्थल में सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने की जानकारी पुलिस पेक्षक श्री रामकिशुन को दी। पुलिस प्रेक्षक ने निरीक्षण करते हुए सामग्री वितरण, सामग्री मिलान, पार्किंग, स्ट्रांग रूम, मतगणना कक्ष आदि की समुचित व्यवस्था की जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस प्रेक्षक ने स्ट्रांग रूम परिसर में सीसीटीवी कैमरा, मत पेटी वितरण केंद्र व मतगणना स्थल तक सुव्यवस्थित पहुंच मार्ग, साफ-सफाई, विद्युत, अग्निरोधक यंत्र, पेयजल, शौचालय की व्यवस्था, ईव्हीएम और व्हीव्हीपैट मशीन की सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

मातृशक्ति समूह की होली मिलन

बचेली/नवप्रदेश। मातृशक्ति महिला समूह द्वारा नगर के दुर्गा मंदिर परिसर में होली मिलन समारोह आयोजित किया। इसमें कुछ गेम भी खेले गए। डांस गाना और साथ ही सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। किरण भदोरिया ने समस्त मातृशक्तियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम समय-समय पर इसी तरह के आयोजन करते रहेंगे। मातृशक्तियों ने समाज के प्रति जागरूकता जताते हुए कहा कि हमारे जितने भी त्यौहार हैं उसको बड़े धूमधाम से और सामाजिक तौर पर भी मनाना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ी को त्यौहारों के बारे में जानकारी मिल सके। आने वाली पीढ़ी को हम त्यौहार क्यों मनाते हैं और कैसे मनाते हैं इसकी जानकारी। इसके लिए इस तरह के छोटे-छोटे आयोजन करते रहें और समाज को जागरूक करने अपनी भूमिका निभाते रहें। इस अवसर पर अमिता गुरु सिम्मी दत्ता प्रीति साहू रानी सिंह प्रिया मंडल मलीना चक्रवर्ती ममता सिन्हा गीता शर्मा मीना शर्मा रितु शर्मा विमल जैन हर्षिता निर्मला साईंकरिवार जिनकी नाग उषा किरण पात्रे खेमा बघेल सुनीता वैष्णव कविता सक्सेना अनसूया भोपले पुष्पा वर्मा माया अधिकारी हंसा सोनी नीलिमा रजनी वर्मा उपस्थित थे।

मोबाइल टॉवर को जल्द सुधारने कलेक्टर ने दिए निर्देश

कोंडागांव/नवप्रदेश। बुधवार 27 मार्च की रात नक्सलियों द्वारा बयानार थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम केजंग में उत्पात मचाते हुए मोबाईल टॉवर को क्षतिग्रस्त किए जाने की सूचना मिलते ही कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन को निर्विघ्न संपादन कराने के साथ ही क्षेत्र के ग्रामीणों की सुविधा के लिए संबंधित मोबाईल ऑपरेटर के अधिकारियों से सम्पर्क कर जल्द से जल्द क्षतिग्रस्त टॉवर को सुधारते हुए उसे कार्यशील करने हेतु निर्देशित किया। मोबाईल ऑपरेटर कम्पनी के अधिकारियों द्वारा जल्द से जल्द टॉवर को कार्यशील करने की बात कही गई है।

होली के रंग लोकतंत्र के संग स्वीप के तहत होली मिलन समारोह

बीजापुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान ÷स्वीप कार्यक्रम÷ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग पाण्डेय के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इसी क्रम में आज नोडल अधिकारी एवं सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार की उपस्थिति में स्वीप होली का आयोजन जिला पंचायत में वृहद रूप से किया गया जिसमें मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग कर मजबूत एवं सशक्त लोकतंत्र बनाने की अपील की गई।

÷लोकतंत्र के रंग मतदान के संग÷ थीम पर आयोजित स्वीप होली में बने चुनाव का पर्व देश का गर्व सेल्फी जोन में अधिकारी-कर्मचारी एवं मतदाताओं ने बढ़ चढ़कर सेल्फी ली।

सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप के नोडल अधिकारी हेमंत रमेश नंदनवार ने बिना डर भय के निष्पक्ष होकर अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील जिले के मतदाताओं से की। इस अवसर पर रंग-गुलाल से सराबोर होकर अधिकारी-कर्मचारियों एवं मतदाताओं ने स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भयमुक्त होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संकल्प लिया और सभी मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई है।

महिला शक्तियों ने थामा भाजपा का दामन

किरंदुल/नवप्रदेश। इन दिनों लौह नगरी किरंदुल मे भी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। बीजेपी के बस्तर लोकसभा सांसद उम्मीदवार महेश कश्यप अपने चुनाव प्रचार के दौरान जनता से मिलने किरंदुल पहुंचे थे। इस दौरान किरंदुल भाजपा मंडल महिला मंत्री सुनीता साहू के नेतृत्व में महिला शक्तियों आशा भारती, यशोदा नाग, शीतल भारती, गीता भारती को लोकसभा सांसद प्रत्याशी महेश कश्यप व जिला और नगर के भाजपा पदाधिकारियों के समक्ष भाजपा में प्रवेश कराया।

इस दौरान भाजपा में नवप्रवेशी इन महिला शक्तियों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के द्वारा आज जो मातृ शक्तियों के लिए कार्य किया जा रहा हैं वो वंदनीय हैं। जैसे की महिला उत्पीड़न को लेकर, महतारी वंदन योजना जिसमें प्रति माह महिलाओं के बैंक खाते मे एक हजार रूपये दिया जा रहा हैं जो कही न कही मातृ शक्तियों का सम्मान हैं।

इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता रामबाबू सिंह गौतम, मंडल अध्यक्ष डीपी मिश्रा, शक्ति सिंह चौहान, दीनानाथ ठाकुर, संजीव दास, जितेन्द्र गुप्ता एवं भाजपा के जिला और मंडल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

शराब पीकर प्रशिक्षण में आने वाला प्रधान अध्यापक निलंबित

कोंडागांव/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु मतदान दलों के अधिकारियों के लिए बुधवार 27 मार्च को प्रथम चरण के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था। जिसमें माकड़ी विकासखण्ड के प्राथमिक शाला धारलीपारा तोरेंगा के प्रधान अध्यापक कमलेश्वर सोरी को मतदान अधिकारी-03 के रूप में नियोजित कर दायित्वों के निर्वहन हेतु प्रथम प्रशिक्षण में उपस्थिति होने हेतु आदेशित किया गया था। जिसमें संबंधित कर्मचारी को मद्यपान किया हुआ पाया गया। जिसकी जानकारी पर नियुक्त नोडल अधिकारी द्वारा प्रशिक्षण अधिकारी को मतदान अधिकारी के मद्यपान कर आने की जानकारी दी गयी। जिस पर प्रशिक्षण अधिकारी के द्वारा जांच कर छत्तीसगढ़ पुलिस एल्कोहल टेस्टिंग में रिपोर्ट के आधार पर इसकी पुष्टि भी की गई। जिसके आधार पर निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण निर्वाचन कार्य एवं मतदान दल के कार्मिक प्रशिक्षण में जानबुझकर मद्यपान कर उपस्थित होना प्रथम दृष्टया पाते हुए घोर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता के लिए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 23 के अधीन छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम-9 के तहत् अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए प्रधान अध्यापक कमलेश्वर सोरी को तत्काल सेवा से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी माकड़ी निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

प्रथम पृष्ठ का शेष

भूपेश उवाच संयोग...

लेकर बिलासपुर चले गए हैं।

दुर्ग ग्रामीण से विधायक व मंत्री रहे ताम्रध्वज साहू अपनी पूरी टीम के साथ महासमुन्द में हैं। स्वंय पूर्व मुख्यमंत्री व राजनांदगांव लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल के लिए पाटन और वैशाली के कार्यकर्ता राजनांदगांव में डटे हैं। वैशालीनगर से मुकेश चन्द्राकर चुनाव लड़े थे वे हार गए, लेकिन उनकी टीम है और वह अभी राजनांदगांव में हैं। 9 विधानसभा क्षेत्रों वाले इस लोकसभा में पाटन से भूपेश बघेल और भिलाई से देवेन्द्र यादव सिर्फ दो कांग्रेस के विधायक हैं और दोनों अपने क्षेत्रों से बाहर जाकर चुनाव लड़ रहे हैं। ऐसी स्थिति में लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस कितनी गंभीर है इससे अंदाजा लगाया जा सकता है। जब सारे पेड़ ही बबूल के बो दिए हों तो आम की उम्मीद करना बेकार है।

हाईकोर्ट ने कांग्रेस की ...

कार्रवाई अप्रैल 2019 में और एक निश्चित समय सीमा से परे चार व्यक्तियों के खिलाफ की गई जांच पर आधारित थी।

केजरीवाल के समर्थन में आगे ...

प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक का वह वीडियो जारी किया जिसमें उन्होंने कहा, हम उम्मीद करते हैं कि भारत में दुनिया के किसी भी अन्य देश की तरह चुनाव में संवैधानिक और राजनीतिक अधिकारों का संरक्षण हो और चुनाव स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से कराये जायें।

दो चरणों में हुआ मतदान दलों का प्रथम चरण का प्रशिक्षण

बीजापुर/नवप्रदेश। लोकसभा आम निर्वाचन के लिए मतदान दलों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण आज 29 मार्च एवं 02 अप्रैल को दो चरणों में पीठासीन अधिकारी सहित अन्य मतदान अधिकारी कुल 1500 मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण स्वामी आत्मानंद स्कूल बीजापुर में आयोजित होगा। आज के प्रशिक्षण में कुल 750 मतदान अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त कर मतदान की समस्त प्रक्रियाओं से अवगत हुऐ जिसमें ईव्हीएम मशीनों, मतपत्र लेखा, मॉकपोल विभिन्न प्रकार के लिफाफों का उपयोग, मतदाता सूची सहित मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया का बारिकी से प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर द्वारा दी गई। मशीनों के उपयोग के संबंध में विडियो, पीपीटी के माध्यम से शंकाओं का समाधान किया गया। प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 01, 02 एवं 03 के कार्यो की जानकारी सहित सभी आवश्यक जानकारी देते हुऐ ईव्हीएम मशीनों का सिलिंग इत्यादि प्रक्रियाओं का बारी-बारी से हैण्ड्स ऑन कराया गया। मतदान अधिकारियों के विभिन्न शंकाओं का समाधान भी किया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग पाण्डेय ने प्रशिक्षण का अवलोकन कर मतदान अधिकारियों को आवश्यक मार्गदर्शन देते हुए सभी प्रक्रियाओं को भलिभांति समझने, निष्पक्ष होकर निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन कर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की समझाईश दी गई। छोटी सी गलती पूरे टीम के लिए नुकसानदायक हो सकती है, इसलिए गंभीरता से प्रशिक्षण ले जो बातें समझ में नहीं आए उसको बार-बार पूछकर अपने शंका का समाधान करें और पूर्ण रूप से प्रशिक्षित होकर ही जाए और टीम भावना से आपसी समन्वय के साथ निर्वाचन/मतदान का कार्य सम्पन्न कराने के लिए अग्रिम शुभकामनाएं भी दिए।

रसोटा में जारी है अवैध मुरम खनन

पामगढ़/नवप्रदेश। पामगढ़ ब्लाक के ग्राम रसोटा, हिर्री मोड़ में भी खुलेआम मुरुम का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। माफिया महंगे दाम में इसे धड़ल्ले से बेच भी रहे हैं। ग्राम रसोटा में भी मिट्टी की खुदाई कर मोटी रकम कमा रहे हैं। अवैध उत्खनन की जानकारी होने के बावजूद अफसर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इससे माफिया के हौसले बुलंद हैं। मुरूम खनन ग्राम रसोटा में अवैध रूप से किया जा रहा है खनिज विभाग इस पर ध्यान नहीं दे रही है। शासकीय जमीन पर खुदाई कर मुरम का खनन किया जा रहा है। पंचायत को इसकी भनक भी नहीं है। यह भोर में 4 बजे काम शुरू हो जाता है और सुबह होते ही काम बंद कर दिया जाता है। यह रोज का काम है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्प्लेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

महिला मोर्चा ने पूर्व विधायक को दी होली की शुभकामनाएं

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा शहर भाजपा महिला मोर्चा और पूर्व विधायक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें गुलाल लगाकर एवं मिठाई खिलाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की सदस्यों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर एवं मुंह मीठा कर रंगोत्सव मनाया । इस दौरान महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती नीरा देवी साहू मंडल उपाध्यक्ष आयशा खान महामंत्री श्रीमती चंद्रकला साय श्रीमती सातों साहू, मधु सोनी तनुजा घृत लहरी ,मालती त्रिपाठी बबीता सोना, शकुन ध्रुव, सुखवती साहू ,रितु यादव लीलावती राव उपस्थित थी ।

दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों को मिलेगी नि:शुल्क सुविधा

गरियाबंद/नवप्रदेश। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा प्रत्येक निर्वाचनों में मतदान दिवस को ÷दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों (80 प्लस) को विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन - 2024 के दृष्टिगत मतदान केन्द्रवार दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों का चिन्हांकन कर उनके द्वारा मांगे जाने पर मतदान दिवस को उनके आवास स्थल से मतदान केन्द्र तक लाने एवं मतदान पश्चात् वापस उनके आवास स्थल तक छोड़ने के लिए नि:शुल्क वाहन की व्यवस्था की जायेगी। इस कार्य के वाहन को ÷मतदाता रथ÷ नाम दिया गया है।

सकल दिगंबर जैन समाज के पीयूष दोबारा बने अध्यक्ष

भाटापारा/नवप्रदेश। सकल दिगंबर जैन समाज का चुनाव श्री दिगंबर जैन परवार पंचायती मंदिर में बुधवार 27 मार्च को संपन्न हुआ। इसमें सर्वसम्मति से पुन: पीयूष सिंघई को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पियूष सिंघई के पुन: अध्यक्ष बनने पर समाज में हर्ष व्याप्त है। सुधीर एवम विनोद उपाध्यक्ष ,पंकज सचिव एवं हिमांशु(राजा) को सह सचिव के पद पर नियुक्त किया गया। इसके अलावा उपस्थित सभी समाज के सदस्यों ने वर्तमान कमेटी के पिछले कार्यकाल में किए गए कार्यों की खुले दिल से प्रशंसा की। भाटापारा दिगंबर जैन समाज जो नई उंचाई को छू रहा है,साधु संतों के आगमन का जो लगातार हमें लाभ मिल रहा है उसमे निश्चित ही इस कमेटी का समर्पण ,त्याग और सेवा भाव अतुलनीय है।

होलिका दहन की रात कार में आग लगाने वाले 4 गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। होलिका दहन वाले दिन अनिरुद्ध शर्मा के घर के सामने खड़ी ग्रे कलर की बलेनो वाहन क्र. छ्त12 ञ्ह 2831 को आग लगाने के मामले में शहर पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके उनके खिलाफ में धारा 435,436,34 भादवि के तहत कार्यवाही की है।

भाटापारा शहर थाना प्रभारी निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे ने बताया कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी अनिरुद्ध शर्मा की कार में आग लगने के मामले में हुई रिपोर्ट पर घटना स्थल का निरीक्षण कर, सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए कार में आग लगाने वाले अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया, घटनास्थल व उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का अवलोकन करने के साथ ही प्रकरण में मुखबीर भी लगाये गये। इसी बीच प्रार्थी से पूछताछ पर यह पता चला कि "जिला बिलासपुर निवासी निलेश डिगसेना द्वारा पिछले माह फरवरी में परिवारिक बात को लेकर घर आकर हम लोगों को देख लेने की धमकी दिया गया" था। साथ ही पुलिस को प्रार्थी के घर के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे पर देखने पर पता चला कि 02 व्यक्ति कार में आग लग रहे हैं जिनके नाम क्रमश: राहुल कर्ष एवं कमल गुप्ता है तथा पास ही 02 अन्य आरोपी कार में बैठे दिखाई दे रहे हैं, जिनके नाम निलेश डिगसेना एवं गौरव खूंटे हैं। चारों व्यक्ति लाल रंग का स्विफ्ट कार क्र. छ्त10ञ्ह 7186 में आए थे तथा कार में आग लगाने के पश्चात चारों आरोपी भाग" गए। इस दौरान CCTV फुटेज में आरोपियों की पुख्ता पहचान होने पर थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा जिला बिलासपुर स्थित आरोपियों के ठिकाने पर दबिश दिया गया तथा सभी चारों आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर थाना भाटापारा शहर लाया गया, जिसमें आरोपियों से पूछताछ पर उन्होंने पुराने परिवारिक बात को लेकर होलिका दहन की रात कार में आग लगाना स्वीकार किया है, कि प्रकरण में चारों आरोपी राहुल कर्ष, कमल गुप्ता, निलेश डिगसेना एवं गौरव खूंटे को गिरफ्तार कर लिया है।

किसानों को क्षतिपूर्ति की मांग का कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

धमतरी/नवप्रदेश। डुबान क्षेत्र के ग्राम पंचायत चिखली माटेगहन कोहका सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के ग्रामीण जन भारी संख्या में कांग्रेस के युवा नेता पूर्व प्रदेश सचिव आनंद पवार के नेतृत्व में कलेक्टोरेट पहुंचे। आनंद पवार ने बताया 19 मार्च को हुई ओला वृष्टि से फसलों को 80 प्रतिशत नुकसान हुआ है जिससे ग्रामीणों को आर्थिक नुकसान पहुंचा है। किसानों को इससे आर्थिक रूप से दोहरी मार पड़ेगी। किसानों को फसल का नुकसान तो हुआ ही कर्ज सही समय पर न पटा पाने से आर्थिक नुकसान अलग होगा। प्रशासन जल्द से जल्द संज्ञान में लेकर उचित कार्यवाही कर क्षति पूर्ति की राशि प्रदान करें । चिखली सरपंच हेमलता तारम ने गांव में हुए ओला वृष्टि से फसलों के नुकसान पर चिंता जताते हुए कहा कि अगर उचित क्षतिपूर्ति की राशि प्रदान नहीं की गई तो किसानों को आर्थिक नुकसान होगा। डिप्टी कलेक्टर बी इक्का को भी अवगत कराया गया है । उन्होंने आश्वस्त किया है कि उचित कार्यवाही कर शासन प्रशासन को अवगत कर कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से एनएसयूआई प्रदेश महासचिव गौतम वाधवानी ग्रामीण क्षेत्रों से चिंता राम मंडावी मनरखन यादव परमेश्वर साहू राम किशन ताराम मायाराम उइके लीलाराम तारम तुलसी राम तरण माखन नेताम जोहत राम कुंजाम खेमलाल तुलसीराम राधेलाल दुष्यंत कुमार लीलाराम मनीराम हेमराम गावडे अनिल कुमार दुर्गा प्रसाद तारम आदि ग्रामीण जन उपस्थित थे।

शिक्षकों का ब्लाक स्तरीय खिलौना आधारित प्रशिक्षण

भाटापारा/नवप्रदेश। विकासखंड स्तरीय खिलौना आधारित एक दिवसीय प्रशिक्षण विकासखंड स्त्रोत समन्वयक कार्यालय भाटापारा में संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में विकासखंड भाटापारा स्थित समस्त प्राथमिक शालाओं से एक-एक शिक्षकों को आमंत्रित किया गया था। इस प्रकार कुल 135 शिक्षक-शिक्षिकाओं को खिलौना शिक्षण शास्त्र के अंतर्गत यह प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण प्रदाता में प्रमुख रूप से शा.प्रा. वि. लमती से कन्हैया साहू, शा.प्रा. शा. देवरी से अभिलाषा शर्मा एवं प्रभा मरावी, शा. प्रा.शा. निपनिया से मीना सोनी तथा लाल बहादुर शास्त्री शा. प्रा. शा. से प्रमोद वर्मा उपस्थित थे।

कार्यक्रम के मुख्य संयोजक वि.खं. स्त्रोत समन्वयक लेखराम साहू थे जो पूरे प्रशिक्षण अवधि तक उपस्थित रहे। वि.खं. शिक्षा अधिकारी राम जी पाल का मार्गदर्शन एवं स्नेहाशीष इस प्रशिक्षण हेतु प्राप्त हुए। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से नासिर सिद्धिकी जी भी प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण के विषय पर आवश्यक जानकारी साझा किए। प्रशिक्षण में समूह कार्य के अंतर्गत उपस्थित सभी प्रतिभागियों से पाठ्यक्रम के अनुसार आवश्यक एवं उपयोगी खिलौना निर्माण कर प्रदर्शन करवाया गया।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार खेल एवं खिलौनों से रोचक शिक्षा प्रदान करने की बात कही गई है। बच्चों के सबसे रुचिकर वस्तु खिलौनों से खेल-खेल में नियमित उपस्थिति, आकर्षक वातावरण, नेतृत्व क्षमता, सहभागिता, सामुदायिकता, चुनौतियाँ, सूक्ष्म अवलोकन, वर्गीकरण, मिलान, पहचान, तार्किकता, जिज्ञासा, कल्पनाशीलता, जीवन कौशल आदि की पूर्ति सहजता से हो जाती है। बच्चों को खिलौने सहज आकर्षित करते हैं अतैव वे आसानी से विद्यालय में ठहरते हैं। स्वदेशी खिलौनों से शिक्षा, संस्कार तथा अपनी संस्कृति को संरक्षित करने के साथ-साथ समग्र विकास को भी इससे बल मिलता है। सभी शालाओं में ÷जादुई पिटारा÷ की उपलब्धि एवं उपयोगिता सुनिश्चित करने की सलाह दी गई। अंत में उपरोक्त सभी कारणों से इस प्रशिक्षण का आयोजन कर विद्यालय स्तर पर कार्य करने की बात कही गई।

पीला चावल भेंटकर मतदान का दिया न्यौता

गरियाबंद/नवप्रदेश। फिंगेश्वर ब्लॉक के ग्राम बासिन एवं गुण्डरदेही में लोगों को पारा-मोहल्ला, हाट-बाजार एवं घरों में पहुँचकर मतदान के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही पीला चावल भेंटकर आगामी 26 अप्रैल को अपने मताधिकार का उपयोग करने मतदान केन्द्र में जाकर वोट डालने के लिए आमंत्रित किया गया। साथ ही लोगों को मतदान का महत्व बताते हुए मताधिकार का उपयोग करने शपथ दिलाई गई। मतदाता जागरूकता के विशेष अभियान में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। साथ ही अपने मत का अवश्य उपयोग करने के लिए स्वयं जागरूक होकर दूसरों को भी प्रेरित किया। इसी प्रकार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के कम मतदान प्रतिशत वाले ग्राम आमदी, पंक्तियां, खरखरा, कसेकेरा, कनेसर, जाड़ापदर, साल्हेभांठा, बोड़राबांधा एवं पीपरछेड़ी, अतरमरा, द्वारतरा, लोहझर, डूमाघाट, बिरीघाट, बुड़गेलटप्पा, छुरा, मोखागुड़ा, लोहारी, देवरी, गोनबरा, खड़मा, बोड़राबांधा, गिरसूल, बासीन, खरखरा, साल्हेभाठा, रानीपरतेवा, पीपरछेड़ी सहित जिले के विभिन्न गांवों के ग्रामीणों एवं महिला समूहों के सदस्यों ने भी गांव के घरों में जाकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। साथ ही मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन कर एवं मतदाता जागरूकता से संबंधी स्टिकर चस्पा कर अवश्य मतदान करने का संदेश दिया।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, एनसीसी व एनएसएस के विद्यार्थियों के द्वारा पारा-मोहल्ला, हाट-बाजार एवं घरों में पहुंचकर मतदाताओं को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रेरित किया गया। लोगों को बताया गया कि जिला प्रशासन द्वारा सुगम मतदान के लिए मतदान केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। मतदान की समुचित व्यवस्था की जानकारी देते हुए लोकतंत्र को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए लोगों से मतदान करने की अपील की गई। इस दौरान लोगों को बिना डर, भय एवं दबाव के निष्पक्ष मतदान करने के लिए जागरूक किया गया।

महासमुंद लोकसभा के लिए अधिसूचना जारी

4 अप्रैल तक कर सकेंगे नामांकन दाखिल

गरियाबंद/नवप्रदेश। महासमुंद लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 9 में निर्वाचन के लिए अधिसूचना गुरुवार 28 मार्च को जारी कर दी गई है। रिटर्निंग ऑफिसर महासमुंद लोकसभा क्षेत्र प्रभात मलिक ने बताया कि 8 विधानसभा क्षेत्रयुक्त महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के लिए निर्वाचन की सूचना 28 मार्च को जारी की है। इसमें गरियाबंद जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र राजिम और बिंद्रानवागढ़ शामिल है। इसी के साथ नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। अभ्यर्थी कक्ष क्रमांक 6, न्यायालय कलेक्टर जिला कार्यालय महासमुंद में 4 अप्रैल 2024 तक नामांकन दाखिल कर सकते है। नामांकन दाखिल करने का कार्य लोक अवकाश को छोड़कर प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक किया जाएगा। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि गुरुवार 4 अप्रैल 2024 अपरान्ह 3 बजे तक है। नामांकन पत्रों की संवीक्षा शुक्रवार 5 अप्रैल 2024 पूर्वाह्न 10 बजे से होगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि सोमवार 8 अप्रैल 2024 अपरान्ह 3 बजे तक है। मतदान शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 को होगी।

साहू समाज का वार्षिक अधिवेशन 31 को, सीएम साय होंगे शामिल

धमतरी/नवप्रदेश। तहसील साहू समाज नगरी सिहावा का वार्षिक महा अधिवेशन परसापानी परिक्षेत्र के ग्राम डोंगरडुला में रविवार 31 मार्च को संपन्न होगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इसमें शामिल होंगे।

वार्षिक महासभा के इस कार्यक्रम में तहसील साहू समाज नगरी सिहावा से नौ परिक्षेत्र के सभी सामाजिक जन उपस्थित होंगे। जिसकी रूपरेखा और कार्यभार सभी पदाधिकारी को सौंप दिया गया है। इसकी शुरुआत कलश शोभायात्रा के साथ होगी। आयोजन की तैयारी में तहसील साहू समाज नगरी कार्यकारिणी और परसापानी के पदाधिकारी अध्यक्ष पुनीत राम साहू, सचिव सुभाषचंद्र साहू, उपाध्यक्ष अनराज साहू, कौशल देवी साहू कोषाध्यक्ष सखाराम साहू, सहसचिव पेमन साहू, लवकुमार साहू, संरक्षक सहदेव राम साहू, अंकेक्षक टिकेश्वर साहू काजू राम साहू बलदेव राम साहू पेमन साहू जयकुण साहू, रघुवीर साहू, मिडिया प्रभारी नारद साहू, मनी राम साहू, सुरेश साहू, प्रदीप साहू, लालसिंह साहू, मनहरण साहू, जन्मजय साहू वीर साहू लेखराम साहू संचालक मंडल अध्यक्ष बृजलाल सार्वा, सचिव भरत लाल साहू महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष महेश्वरी साहू उपाध्यक्ष सुलोचना साहू सचिव कमलाबाई साहू वरण किरण साहू चुम्मन लाल साहू नेम सिंह साहू आदि सामाजिक युवक जुटे हुए हैं।

होली मिलन में क्षेत्रवासियों के साथ जमकर थिरके विधायक दीपेश साहू

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक दीपेश साहू के निज निवास कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। पहली बार होली मिलन समारोह में हजारों की संख्या में सभी राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण लोग और स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। सुबह 10 बजे होली मिलन समारोह का शुभारंभ विधायक दीपेश साहू द्वारा नगाड़ा बजाकर किया गया। तो नगाड़े के थाप में विधायक दीपेश साहू के साथ सभी ग्रामीण जमकर थिरकते नजर आये। फ़िल्मी, छत्तीसगढ़िया और हिंदी की होली गाने पर विधायक साहू के साथ क्षेत्रवासियों ने रंग गुलाल के साथ जमकर थिरकते नजर आये। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, विकाश तम्बोली मोंटी साहू, परमेश्वर वर्मा, परमेश्वर साहू द्वारा बहुत जबरदस्त फाग गीत गाया गया और उपस्थित लोगों को उनके फाग गीत नाचने और झूमने के लिए मजबूर कर दिया। लगभग 4 से 5 घंटे तक विधायक निवास में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने होली पर्व की बधाई देते हुए कहा कि होली का त्यौहार आपसी भाईचारा और प्रेम के साथ साथ उमंग का त्यौहार है। इस दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, विकाश तम्बोली, नीतू कोठारी,मोंटी साहू, परमेश्वर साहू, रेवा राम निषाद, राजू देवांगन, परमेश्वर वर्मा तुषार साहू, निखिल साहू, ईश्वर साहू, राहुल साहू सहित हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहें।

गृहमंत्री विजय शर्मा के खिलाफ कांग्रेस ने की चुनाव आयोग से शिकायत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के गृह मंत्री विजय शर्मा के द्वारा होली मिलन समारोह के माध्यम से आम नागरिकों से ज्ञापन लिये जाने की शिकायत कांग्रेस विधि विभाग ने मुख्य चुनाव आयुक्त से किया।

ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान समय में सम्पूर्ण भारत में आदर्श आचार संहिता लागू है ऐसे स्थिति में छत्तीसगढ़ राज्य के गृह मंत्री विजय शर्मा के द्वारा होली मिलन समारोह के दौरान अपने विधानसभा क्षेत्र कवर्धा (राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र) के नागरिकों से खुलेआम ज्ञापन लेना आदर्श आचार संहिता का घोर उल्लंघन है। जिसका विरोध छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी विधि विभाग करती है।

प्रायः देखा जा रहा है कि, छत्तीसगढ़ शासन के अन्तर्गत आने वाले पुलिस विभाग, वन विभाग, खाद्य विभाग, आबकारी विभाग आदि अधिकांश विभागों से संबंधित वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिकारियों जो कि छत्तीसगढ़ शासन के मंत्रीयों के बंगलों मे तैनात है एवं प्रतिदिन मंत्रीयों के बंगलों में आवाजाही की जा रही है जो कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है।

इस प्रकार जो भी विभागीय अधिकारी/कर्मचारी जोकि मंत्रीयों के बंगलो में आना जाना कर रहे है उन अधिकारियों/ कर्मचारियों को चुनाव कार्यो से दुर करने की आवश्यकता है ताकि निष्पक्ष चुनाव छत्तीसगढ़ राज्य में हो सके।

दुनिया में 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान बढ़ाने का काम हमारे नरेंद्र मोदी ने किया है : सीएम साय

देश के सर्वोच्च पद पर हमारे आदिवासी समाज की महिला श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी बैठी है

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। भाजपा ने गांव, गरीब, किसान, मजदूर सभी वर्ग के लिए सबका साथ-सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र को मानकर काम किया है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा था मेरी यह सरकार गरीबों के लिए समर्पित सरकार रहेगी और आज हमने देखा है कि मोदी जी ने 10 साल गरीब लोगों के लिए ही काम किया है। गरीब लोगों के लिए शौचालय निर्माण, जनधन खाता खुलवाने का काम किया, प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति और माता बहनों को नि:शुल्क गैस सिलेंडर देने जैसे अनेक जनकल्याणकारी कार्य किये है। अयोध्या में राम मंदिर बनाने का मार्ग प्रशस्त किया और 22 जनवरी को 500 साल के संघर्ष के बाद और लाखों हिंदुओं की कुर्बानी के बाद श्री राम झोपड़पट्टी से अब मंदिर में विराजमान हुए हैं। दुनिया में 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान बढ़ाने का काम श्री मोदी ने किया है। इन 10 सालों में सभी तरफविकास किया है अब हमें उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। मुख्यमंत्री

श्री साय ने कहा कि हर माह के पहले ही सप्ताह में महतारी वंदन की राशि खाते में आ जाएगी। हमारे वनवासी लोगों के लिए तेंदूपत्ता मतलब हरा सोना की खरीदी 5500 रुपए प्रति मानक बोरा की दर से की जाएगी। चरणपादुका योजना फिर से शुरू की जाएगी। रामलला दर्शन यात्रा शुरू कर दी है। हमारी सरकार ने तीन महीने में ही मोदी की गारंटी के अधिकांश वादों को पूरा कर दिया है। बाकी वादे हमारी सरकार जल्द से जल्द पूरा करेगी। श्री साय ने कहा कि आप यह मानकर चलिए कि भोजराज नहीं, मुख्यमंत्री प्रत्याशी है और पूरे सरकार आप लोगों के विकास का काम करेगी। आने वाले 26 अप्रैल को प्रजातंत्र की सबसे बड़ी ताकत आपका एक वोट आपके 5 साल का भविष्य तय करेगा। विकास का काम जो चल रहा है और जो श्री मोदी जो काम कर रहे हैं वह आगे भी 5 साल ऐसे ही चलता रहे, इसलिए जरूरी है 26 अप्रैल को आप लोगों का बहुमूल्य वोट भारतीय जनता पार्टी के कमल छाप में बटन दबाकर प्रदान करें।

जनता भाजपा प्रत्याशी को जिताकर संसद में भेजने के लिए संकल्पित हो चुकी है : किरण देव

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता-जनार्दन ने पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा को आशीर्वाद देकर सरकार बनाई, अब लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को जिताकर संसद में भेजने के लिए संकल्पित हो चुकी है, यह हम पूरे आत्मविश्वास के साथ कह सकते हैं। ये चुनाव मोदी जी का है और हम सभी को मिलकर तीसरी बार श्री मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है, क्योंकि 'मोदी है तो मुमकिन है'। केंद्र की जन कल्याणकारी योजनाएं आज मोदी जी की बदौलत छत्तीसगढ़ की जनता के पास पहुंच रही हैं।

आज देश की जनता भी कांग्रेस पार्टी को ठुकरा रही है : अरुण साव

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि आज सभी कांग्रेस पार्टी को छोड़ रहे हैं और भाजपा में शामिल हो रहे हैं। आज सभी समझ चुके है कि कांग्रेस पार्टी डूबती हुई नाव है, जिसे छोड़कर सब भाग रहे हैं क्योंकि आज कांग्रेस पार्टी के पास न नेता है, न नीयत है। छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों में टिकट के लिए इनके पास लोग नहीं है। किसी को भी कहीं भी भेजा जा रहा है। कांग्रेस कार्यालय में तो अब अनशन भी चालू हो गया है और उनके ही कार्यकर्ता उनके खिलाफचिट्ठी लिख रहे हैं। कांग्रेस के प्रत्याशी को कांग्रेस के नेता नहीं मान रहे हैं तो जनता कहां से इन्हें अपना नेता मानेगी? श्री साव ने कहा कि जिस पार्टी में अपने प्रत्याशी की कदर नहीं है, उसकी कदर जनता क्यों करेगी? हालत यह हो गए हैं कि बिलासपुर में कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ एक बड़े पदाधिकारी अनशन पर बैठ गए हैं।

कांकेर के विकास की रफ्तार को धार देने के लिए भाजपा जरूरी : भोजराज

भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग ने कहा कि कांकेर तेजी से आगे बढ़ रहा है इसकी विकास की रफ्तार को धार देने के लिए भाजपा जरूरी है। छत्तीसगढ़ में पिछले 5 सालों में कांग्रेस पार्टी के भ्रष्टाचार की गाथा आपने खूब देखी अब इन्हें फिर सबक सिखाने का वक्त आ गया है। इस दौरान मंच पर बालोद जिलाध्यक्ष पवन साहू, प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर, यशवंत जैन, कृष्णकांत पवार, राजेश ताम्रकार, जयेश ठाकुर, राकेश यादव, चमन देशमुख, रुपेश सिन्हा, मनीष भारती, राकेश द्विवेदी, सोमेश्वरी, होरीलाल रावत सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आमजन मौजूद रहे।

बेटा ही निकला पिता का हत्यारा, आरोपी 14 घंटे में गिरफ्तार

■ पिता की बार-बार की धमकी से परेशान था

राजनांदगांव/नवप्रदेश। 26 मार्च को प्रार्थी चौकी उपस्थित आकर सूचना दिये कि भाई शेष नारायण वर्मा का किसी ने गला, कान में गंभीर चोट पहुंचाकर प्राण घातक हमला कर हत्या कर दिया है। सूचना पर मौके पर जाकर देखें तो शेष नारायण वर्मा निवासी कोपे नवागांव मनोज वर्मा के घर बीच रास्ते के किनारे जहां लोग कूड़ा, करकट डालते वहां पर मृत अवस्था में पड़ा था। अपराध की गंभीरता को देखते हुए मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, डीएसपी नवीन एक्का, थाना प्रभारी सीआर चंद्रा, एफएसएल टीम व डॉग स्कॉर्ट की टीम मौके पर पहुंचकर चौकी प्रभारी मोहारा प्रमोद श्रीवास्तव को विवेचना के निर्देश दिये। विवेचना दौरान संदेही बेटा से पूछताछ करने पर पता चला कि पूर्व से पिता शेष नारायण मारपीट विवाद करता था। एक बार मेरी मां को भी तलवार फेंककर मारा था। होली के दिन भी मामा लालचंद जब घर आया था, तब शराब पीने की बात को लेकर वाद-विवाद किया और मामा

लालचंद को छोड़कर आता हूं, फिर तुम लोगों का मजा चखाऊंगा कहते हुए चला गया। जिससे पुत्र डोमेश कुमार वर्मा द्वारा पिता की बार-बार धमकी से गुस्सा होकर आरोपी पुत्र अपने पिता को हत्या करने के लिए अपने ही घर में रखा हुआ टंगिया लेकर मनोज किराना के सामने तलाब पुल में छिपकर इंतजार करता रहा, जैसे ही रात्रि 8.30-9 बजे उसका पिता शेष नारायण वापस आया तो अपने पास रखे टंगिया से गला में प्राण घातक हमला किया, जो मृतक मौका पर गिर जाने पर 4-5 बार पुनः टंगिया से गला, कान, हाथ में मारकर हत्या कर दिया। घटना के बाद से आरोपी पुत्र डोमेश वर्मा पूछताछ व पुलिस से बचने के लिये हार्ट अटैक का बहाना कर अस्पताल में भर्ती हो गया था। घटना में प्रयुक्त टंगिया में लगे होली का रंग व आरोपी के हाथ में लगे रंग एवं चोंट से प्रथम दृष्टया ही आरोपी के ऊपर पुलिस को शक हो गया था, पर आरोपी के अस्पताल में भर्ती होने का नाटक करने से पुलिस को पूछताछ में दिक्कत आ रही थी। आरोपी को खैरागढ़ अस्पताल से लाकर पुछताछ करने पर घटना करना स्वीकार किया व टंगिया को पास में ही खेत डोली के झुरमुट में फेंक दिया और घटना दिनांक को पहने अधजले कपड़े को निकालकर अपने घर में छिपाना बताया तथा बेटा द्वारा यह भी बताया गया कि पिता शेष नारायण वर्मा पूर्व में 2010 में थाना गातापार में दोहरे मर्डर में 8 साल की सजा काट चुका है।

■ न्यूज गैलरी

लोकसभा निर्वाचन, पांच अभ्यर्थियों ने लिए नाम निर्देशन पत्र

राजनांदगांव/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के लिए अधिसूचना का प्रकाशन के साथ ही अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने एवं जमा करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

आज कलेक्टोरेट राजनांदगांव पहुंचकर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के लिए 5 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया। इनमें निर्दलीय अभ्यर्थी अजय पाली, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के अभ्यर्थी रमेश राजपूत, भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी संतोष पांडे, निर्दलीय अभ्यर्थी भुवन साहू एवं इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी भूपेश बघेल शामिल हैं।

12 साल से फरार वारंटी बाबा खान को पुलिस ने किया गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कोतवाली पुलिस ने 12 साल से फरार स्थाई वारंटी रईद उर्फ बाबा खान को दुर्ग जिले के कसारीडीह से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अभियान के तहत 28 मार्च को जेएमएफसी न्यायालय, राजनांदगॉव के प्र.क्र. 4672/12 अपराध क्रमांक 213/12 धारा 279, 304-ए भादंवि में जारी स्थायी गिरफ्तारी वारंट के वारंटी सईद उर्फ बाबा खान पिता अब्दुल सलाम, उम्र 48 वर्ष, साकिन कसारीडीह, आजाद चौक, मराठी का मकान, दुर्ग को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। उक्त वारंटी विगत 12 वर्षो से फरार था, जिसे गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किये है।

31 मार्च को खुले रहेंगे कोषालय पंजीयक कार्यालय, एसबीआई बैंक

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने रविवार 31 मार्च 2024 को वित्तीय वर्ष 2023-2024 के अंतिम दिवस को जिला कोषालय कार्यालय राजनांदगांव, सभी उप कोषालय कार्यालय एवं भारतीय स्टेट बैंक शाखा राजनांदगांव (कलेक्टोरेट), डोंगरगढ़ व डोंगरगांव, सभी वरिष्ठ उप पंजीयक व उप पंजीयक कार्यालयों को खुला रखने के निर्देश दिए हैं।

जारी निर्देश के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-2024 का अंतिम दिवस रविवार 31 मार्च 2024 को शासकीय अवकाश है। आम जनता की सुविधा तथा शासन के राजस्व संग्रहण को दृष्टिगत रखते हुए उक्त दिवस में रात्रि 10 बजे तक कार्यालय खुला रखने कहा गया है। सभी कोषालय एवं उप कोषालय अधिकारी तथा स्टॉफ होल्डिंग को उक्त दिवस में आवश्यक मुद्रांक उपलब्ध कराने तथा बैंक अधिकारी रात्रि 10 बजे तक मुद्रांक एवं पंजीयन शुल्क के रूप में जमा होने वाले सभी चालान स्वीकार करने के निर्देश दिए गए है।

साजा पुलिस ने फरार स्थायी वारंटी को किया गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। थाना साजा स्टाफ द्वारा न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 356/2022 अपराध क्रमांक 131/2022 धारा 457, 380 भादवि के मामले में फरार चल रहे स्थायी वारंटी सुरेश ऊर्फ सोनू निर्मलकर पिता बाबू लाल निर्मलकर उम्र 21 साल साकिन साजा थाना साजा जिला बेमेतरा को मुखबिर कि सूचना पर पकड़ा गया। उपरोक्त वारंटी को न्यायालय में पेश किया गया हैं। उक्त कार्यवाही में थाना साजा प्रभारी उप निरीक्षक राजकुमार साहू, प्रधान आरक्षक येमन बघेल, आरक्षक रामानुज जायसवाल, अमित सिंह एवं अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण भुमिका रही।

पीएम मोदी के लिए आशीर्वाद मांगने आया हूं: सीएम

0 पीएम ने अपना 10 साल का कार्यकाल जनता को समर्पित किया

0 1500 कांग्रेसी भाजपा में शामिल हुए

बालोद/नवप्रदेश। बालोद जिले में लोकसभा चुनाव का जिम्मा स्वयं सीएम विष्णुदेव साय ने उठाया हुआ है। दूसरे दिन जिले के डोंडी लोहारा विधानसभा क्षेत्र में सीएम साय ने जनसभा को संबोधित किया। कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रत्याशी भोजराज नाग के समर्थन में प्रचार करने जिम्मा उठाया है। लोहारा में आयोजित इस चुनावी जनसभा में लगभग 1500 लोग भाजपा में शामिल हुए। इसमें कांग्रेस के जनप्रतिनिधि भी शामिल हैं।

जनसभा को संबोधित करते हुए सीएण विष्णुदेव साय ने कहा कि, %जो कांग्रेस को छोड़कर हमारे साथ आए हैं, उनके सुख-दुख के लिए हम सदैव उनके साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के लिए आशीर्वाद मांगने आया हूं, ये वो मोदी हैं जिन्होंने अपना 10 साल का कार्यकाल जनता को समर्पित किया। गांव, गरीब और अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं को लेकर गए। उन्होंने कहा कि %कांग्रेस को उखाड़कर फेंकना है। राज्य में कांग्रेस पांच साल तक लूटने का काम करती रही। पांच साल सरकार चलाने का अवसर मिला, लेकिन 36 में से एक भी वादा पूरा नहीं किया। कांग्रेस को रेत, कोयला, शराब दुकान सभी में उनको पैसा चाहिए था। अब सब भ्रष्टाचारी जेल में जा रहे हैं।% भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने सभा में जमकर समां बांधी। उन्होंने कहा कि यह पीएम मोदी को चुनने का समय है।

कांग्रेस डूबता जहाज है : साव

डिप्टी सीएम अरुण साव ने सभा में कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस डूबता जहाज है। अब लोग इस जहाज से उतर कर भाग रहे हैं। कांग्रेस के लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी में न नेता हैं और न नियत है। छत्तीसगढ़ में 11 लोकसभा में टिकट देने वाला कोई नहीं था। कहीं अनशन, कहीं चिट्ठी लिखी जा रही हैं। कांग्रेस को नेता नहीं मान रहे तो जनता कहां से मानेगी। उन्होंने कहा कि बिलासपुर से प्रत्याशी बदले जाने की मांग पर बड़े नेता अनशन पर बैठे हुए हैं। 500 वर्षों बाद प्रभु श्री राम का मंदिर बना। कांग्रेस ने उसे भी ठुकरा दिया पर अब भाजपा को 11 सीटों पर विजय दिलाना है।

नीबू काटकर तकलीफें कर दूंगा दूर

कांकेर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, %बस्तर के बैगा आदिवासी को प्रत्याशी बनाया गया, इसके लिए मैं आभारी हूं। उन्होंने कहा कि मैं एक पुजारी बैगा होने के नाते आप सब से आशीर्वाद मांग रहा हूं। कोई समस्या होगी तो कोई तंत्र-मंत्र होगा, ऐसे में मैं नीबूं काटकर समस्या खत्म करूंगा, आपसे आशीर्वाद मांग रहा हूं।

महंगाई, बेरोजगारी, अन्यायकारी भाजपा के खिलाफ जनता एकजुट : अटल श्रीवास्तव

राजनांदगांव/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव में कवर्धा जिले की जनता महंगाई, बेरोजगारी और अन्य की प्रतीक बनी केंद्र के भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव जिला कांग्रेस कमेटी कवर्धा की टीम साथ जनता को लामबंद करने में जुटे हुए हैं।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अभय नारायण राय ने बताया कि लोकसभा चुनाव के परिपेक्ष में कोटा के विधायक प पर्यटन मंडल छत्तीसगढ़ के पूर्व कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त अध्यक्ष कवर्धा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरीलाल साहू के साथ लगातार क्षेत्र में जनसंपर्क कर संगठनात्मक गतिविधियों को तेजी प्रदान करने रेंगाखार, बोडला, लोहारा, कवर्धा ब्लॉक की बैठक लिए जिससे अच्छा माहौल कांग्रेस के पक्ष में बनता नजर रहा है।

ब्लॉक स्तरीय बैठकों को संबोधित करते हुए अटल श्रीवास्तव ने कहा की 10 वर्ष से केंद्र में बैठी भाजपा सरकार आम जनता को महंगाई बेरोजगारी की मार के साथ संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर अन्याय की सरकार के रूप में चर्चित है जिसके कारण है ही देश

की 80 करोड़ जनता को गरीबों की दंश में झेलते हुए मुफ्त अनाज देने की नौटंकी कर रहे हैं देश के युवा बेरोजगारी की मार से परेशान है और तो और गरीब परिवार को उज्जवला गैस के नाम पर जो धोखा उनके साथ किया गया है जिससे जनता आर्थिक मार सहन करने मजबूर है।

छत्तीसगढ़ में 5 वर्षीय भूपेश बघेल जी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने जो जनहितकारी कार्य किए जिसके कारण ही कांग्रेस पार्टी ने उन्हें राजनांदगांव लोकसभा का प्रत्याशी घोषित किया है ऐसी स्थिति में कवर्धा जिले की दोनों विधानसभा क्षेत्र की जनता भूपेश बघेल जी के पक्ष में हो रहे हैं। आक्रोश है जिसका असर चुनाव में दिखेगा। बैठक में प्रमुख रूप से प्रमोद नायकए अभय नारायण रायए ब्लॉक अध्यक्षगण उपस्थित थे।

भाजपा पार्षदों ने सीएमओ को पत्र सौंप कर मांगी पार्षद निधि की जानकारी

खैरागढ़/नवप्रदेश। नगरपालिका मे अध्यक्ष और तत्कालीन सीएमओ द्वारा आठ माह पूर्व किए गए कथित 38 लाख रू क फर्जी वाड़े मामले की जानकारी सामने आने के बाद जागे भाजपा पार्षदों ने नपा सीएमओ को ज्ञापन सौंपकर पार्षद निधि मे शासन द्वारा प्राप्त आबंटन एवं व्यय की जानकारी मांगा है । सीएमओ प्रमोद शुक्ला को सौंपे ज्ञापन मे भाजपा पार्षद दल के नेता रूपेन्द्र रजक, विनय देंवांगन, मोनिका रजक, त्रिवेणी देवांगन, रेखा गुप्ता, गिरजा चंद्राकर, पुष्पा सिंदुर, चंद्रशेखर यादव , देविन कोठले सहित अन्य ने कहा कि तत्कालीन सीएमओ और एवं नपाध्यक्ष द्वारा आपसी सांठगांठ कर वित्तीय वर्ष 23-24 मे शासन से प्राप्त पार्षद निधि के आबंटन का दुरूपयोग किया गया है । भाजपा पार्षदों ने इस वित्तीय वर्ष मे प्राप्त आबंटन एवं उसके

व्यय की मदवार विस्तृत जानकारी देने की मांग करते कहा कि आबंटन मे बची शेष राशि बची होने की स्थिति मे जनहित से संबंधित विकास कार्य प्रस्तावित कर स्वीकृति के लिए आवश्यक कार्यवाही करना संभव हो सके । पूर्व नपा उपाध्यक्ष रामाधार रजक ने सप्ताह भर पूर्व ही जूलाई 23 मे तत्कालीन सीएमओ और नपाध्यक्ष के खिलाफ पार्षद और अध्यक्ष निधि से बिना खरीदी के ही 38 लाख रू से अधिक राशि के फर्जीवाड़ा करने का आरोप लगाते सहित नगरीय प्रशासन मंत्री, संचालक और सचिव को पत्र सौंप कर मामले की जांच कर दोषियों पर कार्यवाही की मांग की है ।

संगीत विवि की ग्रेडिंग गिरने से शहर में तीखी प्रतिक्रिया

खैरागढ़/नवप्रदेश। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय को नैक से सी ग्रेड मिलने की खबर के बाद विवि प्रशासन सहित पूरे शहर मे हड़कंप मचा है । ए ग्रेड संगीत विवि की दस साल बाद इस तरह की दुर्गति को लेकर हर वर्ग हैरान है । बताया गया कि सी ग्रेड मिलने की जानकारी होने के बाद संगीत विवि मे बुधवार को विवि प्रशासन ने अधिष्ठाताओ,अधिकारियो, प्राध्यापको, कर्मचारियो सहित सभी विभागों को बुलाया था । इसमे संगीत विवि को नैक ग्रेडिंग मे गिरावट और सी ग्रेड मिलने पर समीक्षा के साथ व्यापक चर्चा होनी थी । लेकिन कमियों को निकालने और इसमे सुधार की चर्चा की बजाय सी ग्रेड मिलने के लिए इसका ठिकरा शिक्षको और कर्मचारियों पर ही फोड़ दिया गया । दो घंटे से अधिक समय तक चली समीक्षा बैठक की जानकारी देने से विवि प्रशासन और सभी कतरा रहे है लेकिन सूत्रो से मिली जानकारी मे दावा है कि कमियों की बजाय ग्रेडिंग गिरने का बहाना बनाकर इसे टरका दिया गया । नैक टीम के दौरे के दौरान भी कोई बेहतर व्यवस्था नही किए जाने सहित कई खामियां भी ग्रेडिंग करने पहुँची टीम के सामने आई है । लेकिन विवि प्रशासन इसमे सुधार की बजाय खुद को बचाने मे जूट गया है ।

विवि मे व्यवस्था लेकिन रायपुर मे रूकवाया नैक टीम को आने जाने मे ही निकल गया समय

संगीत विवि के पूराने कैंपस मे ही विवि का वीवीआईपी गेस्ट हाऊस मौजूद होने के बाद भी पखवाड़े भर पहले जांच के लिए पहुँची नैक टीम के सदस्यों को स्थानीय विवि कैंपस के बजाय रायपुर के वीआईपी होटल मे रूकवाने की जानकारी सामने आई है । 2014 मे पहली बार विवि का निरीक्षण करने आई नैक टीम विवि कैम्पस मे ही रूकी थी । इस दौरान उन्हे कैंपस निरीक्षण मे सहूलियत हूई थी और वाकिंग और घुमने के बहाने ही विवि परिसर का अवलोकन करने, मूर्तिकला, ग्राफिक्स, पेटिंग सहित अन्य विभागों के छात्रो को कैंपस मे ही काम करते देखती रही थी । इसका फायदा भी मिला था । लेकिन इस बार टीम के रायपुर से आने जाने मे ही सारा समय

निकल गया । ऐसे मे नैक टीम निर्धारित समय विवि को नही दे पाई । पर्याप्त निरीक्षण की बजाय टीम कम निरीक्षण कर ही गेंडिंग कर पाई ।इसका खामियाजा विवि को ग्रेडिंग मे उठाना पड़ा । नैक टीम के रायपूर मे रूकवाने के चलते विवि ने उनके आने जाने की अलग व्यवस्था बनाकर खुश हो गई । हालंकि इसका कोई असर ग्रेडिंग मे नही दिखा। रायपूर से आने जाने के चलते नैक टीम को विवि की संपूर्ण व्यवस्था की जानकारी नही मिल पाई ।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, कलेक्टर ने वरिष्ठ नागरिकों का किया सम्मान

कवर्धा/नवप्रदेश। लोकतंत्र के महापर्व में मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आज कलेक्टर जनमेजय महोबे ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत वृद्धाआश्रम में निवासरत वरिष्ठ नागरिकों को तिलक लागकर एवं फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। कलेक्टर ने सभी वरिष्ठ नागरिकों को लोकतंत्र में मताधिकार प्रयोग करने की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल, उपसंचालक पंचायत श्री राज तिवारी सहित वरिष्ठ नागरिकगण उपस्थित थे।

कलेक्टर ने वरिष्ठ नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी नागरिकों की सहभागिता आवश्यक है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में आम

नागरिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। इसके साथ आसपास के सभी नागरिकों को इसके लिए जागरूक करना चाहिए। कलेक्टर श्री महोबे ने जिले के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि मतदान हमारा अधिकार ही नहीं है, अपितु एक जिम्मेदार नागरिक होने के साथ मतदान करना हमारा मूल कर्तव्य भी है। कलेक्टर श्री महोबे ने वरिष्ठ नागरिकों को बताया कि राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के लिए दूसरे चरण 26 अप्रैल 2024 को मतदान होना है।

फर्जी एक्ट्रोसिटी मामला, उपमुख्यमंत्री कोर्ट से दोष मुक्त

0 एक बार फिर साबित हुआ कांग्रेस राजनीतिक द्वेष में फर्जी एफआईआर कराती थी - चंद्रवंशी

कवर्धा/नवप्रदेश। न्यायालय में चल रहे पुराने एक्ट्रोसिटी मामले में दोष मुक्त होकर कोर्ट परिसर से बाहर निकले उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने स्थानीय पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा आम गरीब लोगों का राशन कार्ड नही बन रहा था आम जनता गरीब लोग जिनकी जीविका राशन दुकान से मिलने वाली खाद्यान्न सामग्री से चलती है ऐसे लोगो के लिए एक जन प्रतिनिधि के हैसियत से किसी ऑफिस में जाना और अधिकारियों से बात करना तत्कालीन भूपेश सरकार में अपराध

हो गया था । राजनीतिक प्रतिद्वंदता न बढ़ जाये इसलिए तत्कालीन विधायक मो अकबर इस तरह के हथकंडे अपनाते थे।

लोगो को अलग अलग तरह से परेशान करना प्रताड़ित करना यही तो हुआ पिछले 5 वर्ष के काँग्रेस के कार्यकाल में । किंतु अंत मे सच्चाई की जीती होती है इसलिए कहा गया है *सत्य मेव जयते* यह शास्त्रोक्त कथन है प्रमाणित है देर से सही पर सत्य की जीत होती है ।माननीय न्यायालय ने उक्त प्रकरण में मुझे और कैलाश चंद्रवंशी को आज दोष मुक्त किया है । उन्होंने कहा यह फर्जी तरीके से कराया गया एफ आई आर था तत्कालीन खाद्य निरीक्षक द्वारा पहले पुलिस को सिर्फ सूचना दिया गया था फिर एक माह बाद उन्ही खाद्य निरीक्षक द्वारा बाद में यह कहकर की जाती सूचक शब्द बोला गया है दूसरी बार शिकायत किया गया था जिसमे एक्ट्रोसिटी का मामला बनाया गया था । माननीय न्यायालय ने इस सभी विषयों को देखते हुए मुझे और कैलाश चंद्रवंशी को दोष मुक्त किया है । उन्होंने कहा हम सामाजिक समरसता के भाव से जीवन जीने वाले लोग है सब का बराबर सम्मान और सबसे अपना पन है । किंतु राजनीतिक प्रेरणा से आधारहीन आरोप लगाए गए थे जिसमें न्यायालय के सेसन कोर्ट और एक्ट्रोसिटी के विशेष कोर्ट में हमे दोष मुक्त किया है।

महिलाओं ने क्रिकेट खेलकर जनसामान्य को शत-प्रतिशत मतदान के लिए किया आव्हान

6राजनांदगांव/नवप्रदेश। मतदाता जागरूकता स्वीप कार्यक्रम के तहत आज छुरिया के हाईस्कूल मैदान में महिलाओं ने क्रिकेट खेलकर जनसामान्य को जिले में शत प्रतिशत मतदान के लिए आव्हान किया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में छुरिया विकासखंड में स्वीप अन्तर्गत मतदाता जागरूकता के लिए व्यापक तौर पर कार्य किए जा रहे है। जनपद पंचायत छुरिया द्वारा हाई स्कूल मैदान छुरिया में लोकप्रिय खेल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन कर जिले में शत प्रतिशत मतदान के लिए जनसामान्य को प्रेरित किया गया। स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं स्वसहायता समूह की महिलाएं शामिल हुई।स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने गजब का उत्साह और मैंच में रोमांच देखने को मिला। प्रतियोगिता में महिला वर्ग अन्तर्गत कल्लूबंजारी संकुल की महिलाओं ने चिचोला संकुल टीम को 10 रन हराकर विजयी रही। इसी तरह पुरूष वर्ग के फाईनल मैच में शिक्षा विभाग की टीम ने पुलिस विभाग की टीम को 8 विकेट से हराकर जीत दर्ज की। प्रतियोगिमा में विजेता टीम को ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

समोसा बेचने वाले ने भरा नामांकन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव लोकसभा सीट के लिए अधिसूचना का प्रकाशन गुरुवार 28 मार्च को सुबह 11 बजे हुआ। इसके साथ ही नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई। नामांकन फार्म खरीदने के लिए कवर्धा से समोसा बेचने वाले अजय पाली पहुंचे। अजय पाली सबसे पहले नामांकन फार्म खरीद कर चुनावी मैदान में उतर गए हैं। उन्होंने बताया कि यदि वे चुनाव जीत जाते हैं तो सबसे पहले कवर्धा जिले में रेल सुविधा के प्रयास करेंगे। इसके साथ ही जनता के मुद्दों को भी संसद तक लेकर जाएंगे और जनता के छोटे-मोटे सभी काम पूरे होंगे।अजय पाली ने बताया कि गरीब और मजबूर तबके के वर्ग के लोगों को अपना काम करवाने के लिए नेताओं के चक्कर काटने पड़ते हैं, जिससे वह बेहद आहत हैं।

कार्रवाई घर के सामने खड़ी पिकअप की चोरी पर पुलिस ने की सक्रियता से कार्रवाई

चोरी गए पिकअप और बाइक बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। मारो पुलिस ने बेमेतरा प्रार्थी खेलू राम साहू पिता बिहारी लाल साहू उम्र 48 साल साकिन गुंजेरा पुलिस चौकी मारो थाना नांदघाट जिला बेमेतरा ने 23 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराया कि 22 मार्च को वह अपने बच्चे का तबियत खराब होने से ईलाज कराने गया था रात्रि होने से अपने रिश्तेदार के घर में रूका था। कि 23 मार्च के प्रातः 9 बजे पत्नी ने फोन करके बताई कि हम लोग खाना खाकर रात्रि 22 बजे सो गये थे प्रातः 5 बजे सो कर उठी तो घर के सामने खडे हमारे माल वाहन टाटा पीकप 207 क्रं. छ्त्त-10 छ्-5388 खडा था नही हैं कहकर बताया तब आकर मेरे नाम से रजिस्टर्ड टाटा पीकप वाहन क्रं. छ्त्त-10 छ्-5388 का अपने गांव एवं आस पास के गांव में पता तलास किया। जिसका कोई पता नही चला है। उपरोक्त

टाटा पीकप वाहन को कोई अज्ञात चोर 22 मार्च के रात्रि करीबन 22 बजे से 23 मार्च के प्रातः 5 बजे के मध्य कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया हैं की रिपोर्ट पर अपराध सदर धारा 379 भादवि कायम कर विवेचना लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन में पुलिस चौकी मारो प्रभारी सउनि कृष्ण कुमार क्षत्री को चौकी स्टाफ के साथ माल मुल्जिम पतासाजी में लगाया गया। प्रकरण में विवेचना कार्यवाही के दौरान मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम एरमशाही निवासी देवेन्द्र उर्फ सोनू डहरिया, अपने ममेरा भाई केशर सिंह साकिन चरघट थाना दाढ़ी जिला बेमेतरा के साथ उक्त पीकप वाहन को चोरी कर थाना पंडरिया क्षेत्र में कही पर छुपाकर रखा हैं।

बेरला में दिलाई गई मतदान की शपथ

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन 2023 में कई मतदान केन्द्रों में मतदान का प्रतिशत 70 प्रतिशत से कम रहा था, भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचनों में मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने यथा संभव प्रयास कर रही हैं। जिले में मतदान प्रतिशत वृद्धि किये जाने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम दिनांक 28/03/2024 हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बेमेतरा द्वारा निर्देशित किया गया था जिसके तारतम्य में नगर पंचायत बेरला प्रांगण में वृहद् स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में दोपहर 12 बजे एक साथ नगर पंचायत के अधिकारी द्वारा वृहद् संख्या में महिला एवं पुरुष मतदाताओ को शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम स्थल पर सेल्फी पाइंट बनाया गया था जिसमें नागरिकों ने अपनी सेल्फी ली।

न्यूज गैलरी

देशी मदिरा भण्डारण की स्थिति जानने पहुंचे कलेक्टर-एसपी

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 के परिप्रेक्ष्य में राज्य के समस्त आसवनी, बॉटलिंग यूनिट, ब्रूअरी, देशी मदिरा भाण्डागार एवं विदेशी मदिरा गोदामों की जांच एवं मॉनिटरिंग किये जाने का निर्देश भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए हैं। उक्त क्रम में गत दिवस गुरुवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल द्वारा अम्बिकापुर स्थित देशी मदिरा भण्डारण भाण्डागार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने भाण्डागार से संबंधित आमद एवं प्रदाय व्यवस्था की जानकारी ली तथा परिवहन व्यवस्था एवं रेवेन्यू लॉक टिकट के साथ ही सम्पूर्ण व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री अग्रवाल ने सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता की जानकारी ली। सभी कैमरें क्रियाशील अवस्था में पाये गए। कलेक्टर एवं एसपी ने निरीक्षण के दौरान भाण्डागार को आचार संहिता के प्रावधानों के अनुरूप संचालन के दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। उक्त निरीक्षण के दौरान जिला आबकारी अधिकारी नवनीत तिवारी, सहायक जिला आबकारी अधिकारी शीला बडा एवं आबकारी उपनिरीक्षक अनिल गुप्ता व स्टॉफ उपस्थित थे।

राजस्व निरीक्षक व लिपिक निलंबित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। शासकीय कर्तव्य से बिना सूचना एवं अनुमति के अनुपस्थित रहने पर राजस्व निरीक्षक(नजूल) नारायण सिंह, अम्बिकापुर तहसील कार्यालय के राजस्व निरीक्षक राहुल कुमार सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय धौरपुर के सहायक ग्रेड-2 अजय तिवारी को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के निहित प्रावधानों के तहत कलेक्टर सरगुजा द्वारा निलंबित किया गया है। वर्तमान में लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर जिले में आदर्श आचार संहिता लागू है। आदर्श आचार संहिता के लागू होने से लोक सेवकों के अवकाश पर प्रतिबंध लगाया गया है। ऐसे में उक्त अधिकारी-कर्मचारी द्वारा बिना सूचना के अनुपस्थित रहना पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में उपेक्षा तथा लापरवाही पायी गई है। निलंबन अवधि में उन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

न्योता भोज में शामिल हुए अधिकारी

मुंगेली/नवप्रदेश। संकुल केंद्र आत्मानंद दाऊपारा मुंगेली अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला सुरीघाट में सहायक शिक्षिका कौशिल्या वैष्णव द्वारा अपने पौत्र राघव व पौत्री आरू के जन्म दिवस के उपलक्ष्य मे न्यौता भोज का आयोजन किया गया। जिसमें विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ. प्रतिभा मंडलोई, एबीईओ विमित्रा घृतलहरे, प्रदीप दिवाकर एवं संकुल प्राचार्य डॉ. आईपी यादव ने उपस्थित सभी बच्चों को खीर, पुड़ी, दाल, चावल, सब्जी और गुलाब जामुन समेत कई विशेष व्यंजन उनके थाली में परोसे एवं बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया। उक्त कार्यक्रम में प्रधान पाठक सोफिया अहमद, ग्राम सरपंच विमला देवी, पंच रानी सहित सभी एसएमसी पालक सदस्यगण उपस्थित रहे।

मतदान दिवस के दिन सवैतनिक अवकाश घोषित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीत्तगढ़ राज्य में मतदान 3 चरणों में सम्पन्न कराया जाएगा, प्रथम चरण में 19 अप्रैल द्वितीय चरण में 26 अप्रैल एवं तृतीय चरण में 7 मई को मतदान की तिथि नियत की गई है। विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा-135 ख, मतदान के दिन कर्मचारियों को सवेतन अवकाश की मंजूरी में उल्लेखित प्रावधान अनुसार मतदान दिवस 7 मई को किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापन में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को सवेतन अवकाश स्वीकृत किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

लोकसभा चुनाव की तैयारियां दी गई बूथों की जिम्मेदारी

मुंगेली/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव की तैयारियों में पार्टियां पूरे दमखम से जुट गई है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बूथों की जिम्मेदारियां संभाल ली है। वही प्रमुख पार्टी कांग्रेस बिना सेनापति के रण में उतरते नजर आ रही है। दोनो प्रमुख पार्टी ने अपने प्रत्याशी की घोषणा कर दी है,किन्तु जिले मे कांग्रेस अध्यक्ष का पद अब तक खाली है।

भाजपा लोकसभा चुनाव को लेकर जहां पूरी तरह से अपनी तैयारियां करने में जुट गई है। आचार संहिता के पहले प्रत्याशी की घोषणा कर चुनाव कार्यालय खोलकर चुनावी रण में पूरा दमखम लगा रही है और लगातार संगठन के बैठकों का दौर कर गांव-गांव में दौरा कर प्रचार-प्रसार में जुट गई है। वही प्रमुख विपक्षी पार्टी में न तो अब तक जिला अध्यक्ष और न ही प्रत्याशी का चयन हो पाया है और न ही

कार्यकर्ताओं को रिचार्ज करने के लिये कोई बैठक आयोजित की गई है। जिले में कांग्रेस संगठन की स्थिति बगैर सेनापति के रण में उतरने जैसी हो गई है।

विधानसभा चुनाव के पश्चात से खाली पड़े कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद नियुक्त नही कर पाई है। जिसके चलते लोकसभा चुनाव में पार्टी जीत की दौड मे अभी फिलहाल पिछडते नजर आ रही है। प्रत्याशी की घोषणा के साथ ही चुनावी प्रबंधन और प्रचार में भाजपा आगे-आगे चल रही है। कलस्टर प्रभारी के साथ ही लोकसभावार संयोजक व सह संयोजकों की नियुक्ति कर दी गई है।इनकी देखरेख में चुनाव प्रचार का काम चल रहा है। कांग्रेसी शिविर में उम्मीदवार की घोषणा के तुरंत बाद बिरोध की स्थिति बनने लगी है। भिलाई के विधायक व बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार देवेंद्र यादव के सामने नाराज कार्यकर्ताओं मनाने और काम पर लगाने की चुनौती पहले रहेगी। होली के दूसरे दिन मंगलवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने छत्तीसगढ़ की चार लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। उम्मीदवारी की घोषणा के साथ ही बिलासपुर में विरोध के स्वर गूंजने लगा है। चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों ने मुद्दे की तलाश शुरू कर दी है। भाजपा, के द्वारा जहां संगठन और सरकार अपने विधायकों के परफा्मेस का सर्वे करा रही है,साथ ही केंद्र सरकार की योजनाओं की जमीनी हकीकत के साथ-साथ पिछले चुनाव के उम्मीदवार की सक्रियता,तो वहीं कांग्रेस विधानसभा स्तर पर मुद्दों की तलाश कर रही है। इस बार के लोकसभा के चुनाव को लेकर मतदाताओ ने अपने पत्ते नही खोले है,किन्तु इस बार जिले के विकास को प्रमुख मुददा बनाया जा सकता है, क्योकी जिले का विकास कई वर्षो से ठप्प पडा है।कांग्रेस के सर्वमान्य नेता नही होने के कारण जिले के विकास की डोर प्रशासनिक अधिकारियों के हाथ में रही है।कांग्रेस के शासनकाल में कांग्रेसजन नगर को कन्या महाविद्यालय के छोड़ कोई विशेष उपलब्धि भरे कार्य को फलीभूत नही करा पाये। अब जिले वासियो को रेल,सिटी बस, आडिटोरियम निर्माण, आगर नदी के किनारे सौंदर्यीकरण एवं चैपाटी, कृषि महाविद्यालय सहित अनेक योजनाएं जमीनी हकीकत की आस है।

पति-पत्नी की रॉड और डंडे पिटाई, दो आरोपी गिरफ्तार

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम कुलीपोटा में पति-पत्नी पर जानलेवा हमला करने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से घटना में इस्तेमाल लोहे की रॉड और डंडा भी जब्त कर लिया गया है। मामला सिटी कोतवाली क्षेत्र का है।ग्राम कुलीपोटा के रहने वाले किशन यादव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि होली के दिन 25 मार्च को चिरंजीव यादव (30) और संदीप यादव (22) के साथ उनका कुछ विवाद हुआ था। दूसरे दिन 26 मार्च को चिरंजीव यादव (30) और संदीप यादव (22) उसके घर आए थे। उस वक्त वो घर में नहीं था, केवल पत्नी थी। दोनों आरोपियों ने उसे और उसकी पत्नी को जान से मारने की धमकी दी थी।

इसकी शिकायत किशन यादव ने सिटी कोतवाली में दर्ज कराई। इसके बाद वो घर लौट आया। किशन ने बताया कि 26 मार्च की ही शाम को करीब 5-6 बजे के बीच चिरंजीव यादव और संदीप यादव उसके घर पहुंचे। दोनों ने कहा कि तुमने हमारे खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है, हम तुम्हें नहीं छोड़ेंगे। ऐसा कहकर दोनों आरोपियों ने किशन और उसकी पत्नी संजू लता पर लोहे की रॉड और डंडे से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया।इसके बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दंपती को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। दोनों के सिर और शरीर पर गंभीर चोट आई थी। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई। 28 मार्च को पुलिस को सूचना मिली कि चिरंजीव यादव और संदीप यादव दोनों अपने घर में ही हैं। इसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

अधिकारी संघ का होली मिलन

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ जिला शाखा का होली मिलन समारोह का आयोजन कलेक्टोरेट परिसर स्थित जनदर्शन कक्ष में आयोजित किया गया। सभी उपस्थित अधिकारियों का संघ के पदाधिकारियों द्वारा गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दिया गया। कार्यक्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेनका प्रधान मुख्य अतिथि एवं डिप्टी कलेक्टर अजय कुमार शतरंज विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संगठन की ओर से जिला अध्यक्ष डॉ. आईपी यादव ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी। अपने संबोधन में उपाध्यक्ष विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पीएस बेदी ने कहा कि स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सौंपे गए समस्त निर्देशों का पालन करना हम सब का दायित्व है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन में अनिवार्य मतदान हेतु शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीडी प्रसाद महाप्रबंधक, सक्रिय सदस्य किशोर प्रभात सिंह राजपूत, सहायक प्रबंधक, आरके घोषले तहसील शाखा मुंगेली कोषाध्यक्ष, उत्तम कुमार दुबे कोषाध्यक्ष, महादेव यादव प्रवक्ता, तहसील मुंगेली शाखा अध्यक्ष एनके पुरले उप संचालक डीके व्यौहार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लोरमी पीआर धृतलहरे, व्याख्याता पंकज मिश्रा, निवेदिता गबेल, एपीओ विनायक गुप्ता आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे। अंत में सभी अधिकारियों के सहयोग के लिए कार्यालय सचिव राजेश कुमार लहरे लेखाधिकारी जिला पंचायत ने सभी का आभार व्यक्त किया।

शासकीय आवासों का खस्ताहाल

लखनपुर सरगुजा/नवप्रदेश। साल 1961-62 में बनाया गया कर्मचारी क्वाटरो के बदहाली से प्रशासन बेखबर है। इन क्वाटरो के दरों दीवार में दरार पड़ गये हैं ।बाद इसके क्वाटरो में जनपद ,कृषि अन्य विभागों के कर्मचारी रहते हैं। तारीफ इस बात की कि 63 -64 सालों से बिना देख रेख के कर्मचारी निवास भगवान भरोसे खड़ा है। इसमें विभागीय कर्मचारी परिवार सहित रहते हैं। लखनपुर के हृदय स्थल में बने बीडीओ,राजस्व निरीक्षक क्वार्टर प्रशासन के अनदेखी का शिकार अपने बदहाली पर आंसू बहा रहा है?।इन क्वाटरो में कभी राजस्व ग्राम के काश्तकारों की भीड़ लगी रहती थी ।इन क्वाटरो में रौनक हुआ करता था, आज कचडो का अंबार लगा हुआ है। इन क्वाटरो में रहने वाले कर्मचारी अपने खर्चो से निवास भवन का अस्तित्व बचाये हुये हैं । पुराने जनपद कार्यालय भवन को हमर क्लिनिक बना दिये जाने से उसका उपयोग जनहित में हो रहा है। कर्मचारी क्वाटरो के छत के प्लास्टर चटक कर गिर रहे हैं। यदि इन क्वाटरो को नये सिरे से बना दिया जाता तो कर्मचारियों तथा अन्य दूसरो को इसका लाभ मिल सकता था।वहीं नगर बीच फेंके जाने वाले कचड़े से भी निजात मिल जाता। जर्जर कमरों की मरम्मत करा के कर्मचारी इन क्वाटरो में बसर कर रहे हैं। कर्मचारी क्वाटरो की मरम्मत नहीं होने से बरसात के दिनों में कमरे टपकने लगते हैं कुछ जानकार बताते हैं कि 1962-63 में जब पुराने जनपद पंचायत भवन को बनाया गया था उसी के साथ साथ इन क्वाटरो का भी निर्माण पीडब्ल्यूडी विभाग ने कराया था। फलत~ सालों बीत जाने के बाद अब मौजूदा वक्त में बदहाल है। कुछ नगर वासियों ने इन क्वाटरो को नये सिरे से बनाये जाने पर विचार व्यक्त किये है।

2 किलो गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

सक्ती/नवप्रदेश। थाना मालखरौदा में मुखबिर द्वारा सूचना मिला कि, ग्राम पिहरीद का चंद्रिका प्रसाद साहू पिता सिपाही राम साहू नाम का व्यक्ति मिशन चौंक से जैजैपुर जाने वाली रोड ग्राम पिहरीद में अपने घर के सामने अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा को बिक्री करने हेतु जैजैपुर की ओर जाने वाला है, सूचना पर पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला सक्ती को सूचना से अवगत कराकर उनके निर्देशानुसार एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सक्ती के मार्गदर्शन में विधिवत रेड कार्यवाही हेतु उपनिरीक्षक सी.पी. कंवर के नेतृत्व में एक टीम गठित कर वैधानिक कार्यवाही हेतु भेजा गया था। आरोपी चंद्रिका प्रसाद साहू के कब्जे से 02 किलोग्राम गांजा कीमती 16000/रू मिला जिसे मौके पर गवाहों के समक्ष जप्त कर एन.डी पी.एस. एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय प्रस्तुत किया गया जहां से आरोपी को जेल दाखिल किया गया है। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक राजेश कुमार चंद्रवंशी थाना प्रभारी थाना मालखरौदा, उप निरीक्षक सी.पी. कवंर महेन्द्र कवर, रोहित सिदार महिला आरक्षक गीतांजलि चंद्रा का विशेष योगदान रहा।

पोस्टल बैलेट से मतदान की बताई गई बारीकियां

सक्ती/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो (आई.ए.एस.) के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु मास्टर ट्रेनर्स, सहायक प्रोग्रामर एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर का एक दिवसीय प्रशिक्षण जिला कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित की गयी। जिसके तहत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशानिर्देश के अनुरूप आगामी लोकसभा निर्वाचन में 85+ से अधिक उम्र, दिव्यांग मतदाता, अनिवार्य सेवा से जुड़े मतदाताओं, निर्वाचन कार्य में संलग्न कर्मचारियों एवं अन्य विशेष मतदाताओं को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराने की प्रक्रिया एवं समयसीमा अवधि का विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उक्त प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार सोम, डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार, निर्वाचन कार्यालय के श्रवण कुमार गभेल, सहायक प्रोग्रामर सोमेश घितोड़े सहित जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर उपस्थित थे।

शासकीय भूमि क्षति के मामले में सुनवाई पूरी

1.71 हेक्टेयर भूमि की रजिस्ट्रियां रद्द, शासकीय मद की भूमि में होगी दर्ज

समस्त अंतरण को कलेक्टर ने किया शून्य घोषित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर सरगुजा ने शासकीय भूमि क्षति के मामले में गुरुवार को सुनवाई करते हुए रकबा 1.710 हेक्टेयर भूमि को पूर्ववत शासकीय नजूल मद में दर्ज करने का आदेश पारित किया है। साथ ही समस्त अंतरण को अकृत एवं शून्य घोषित कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि इस मामले में तहसीलदार नजूल अम्बिकापुर एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अम्बिकापुर द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि नमनाकला अम्बिकापुर स्थित शासकीय नजूल भू-खण्ड क्रमांक 243/ 1 रकबा 1.710 हे. (4.22 एकड़) भूमि, जो सरगुजा सेटलमेंट में गोचर मद की भूमि है, इस भूमि को बंसु आत्मज भटकुल द्वारा अनियमित पटटा एवं विधिक प्रावधानों के विपरीत नजूल अधिकारी अम्बिकापुर के राजस्व प्रकरण पक्षकार बंसु प्रति शासन में पारित आदेश 7 अक्टूबर 2022 के द्वारा अपने नाम पर कराते हुये उक्त शासकीय नजूल भूमि में से कई व्यक्तियों अनावेदकगण सतीश शर्मा, संमोगर वारियर, अभिषेक नागदेव, शेखर अग्रवाल, सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल, अनुषा नागदेव, महेश कुमार केडिया, दिनेश कुमार को विक्रय कर दिया गया है जिससे शासन को शासकीय भूमि की क्षति हुई है। उपरोक्त प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर न्यायालय द्वारा प्रकरण को छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता की धारा 50 के तहत पुनरीक्षण में ग्राहय कर सुनवाई किया गया। विधिवत अनावेदकगण को नोटिस जारी कर उन्हें सुनवाई का समुचित अवसर दिया गया। प्रकरण के जांच में पाया गया कि अनावेदक बंसु द्वारा आवेदित भूमि का पट्टा विधि के सम्यक अनुक्रम के विपरीत अभिलेखों से परे कुट-रचित तैयार कर इसका पट्टा प्राप्त किया। आवेदित भूमि को अपने नाम से राजस्व रिकार्ड दुरुस्त करने का आवेदन नजूल अधिकारी अम्बिकापुर के समक्ष प्रस्तुत किया जहां नजूल अधिकारी अम्बिकापुर पट्टे की वैधता की जांच किये बगैर विधि विपरीत आदेश 7 अक्टूबर 2022 के द्वारा उक्त आवेदित शासकीय नजूल मद की भूमि को बंसु पिता भटकुल के नाम से दर्ज कर दिया गया। जिसके आधार पर नजूल अधिकारी अम्बिकापुर के राजस्व प्रकरण पक्षकार बंसु प्रति शासन में पारित आदेश 7 अक्टूबर 2022 संहिता एवं प्रावधानों के विपरीत होने के कारण इसे 28 मार्च 2024 को निरस्त करते हुये आवेदित भूमि मो. नमनाकला तहसील अम्बिकापुर स्थित वाद भूमि खसरा क्रमांक 243/1 में से रकबा 1.710 हेक्टेयर भूमि को पूर्ववत शासकीय नजूल मद में दर्ज करने का आदेश पारित किया गया। उक्त शासकीय नजूल वाद भूमि को स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग, न्यायालय, पुलिस विभाग, नगर पालिक निगम हेतु सुरक्षित रखे जाने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही बंसु पिता भटकुल द्वारा सेटलमेंट में दर्ज गोचर मद की आवेदित भूमि का पट्टा विधि अनुकूल नहीं होने से अनावेदक बंसु द्वारा उक्त भूमि में से उपरोक्त अनावेदकों को, जो भूमि पंजीबद्ध विक्रय पत्र के आधार पर विधि विपरीत विक्रय किया गया है, उसके समस्त अंतरण को अकृत एवं शून्य घोषित किया गया।

चुनाव आयोग के अनिवार्य सेवाओं के रूप में 10 सेवाओं को अधिसूचित कर डाक मतपत्र से मतदान करने की सुविधा

पोस्टल बैलेट से मतदान की सुविधा के बारे में दी जानकारी

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोसकर के मार्गदर्शन में प्रभारी अधिकारी डाक मतपत्र फागेश सिन्हा ने गुरुवार को जिला स्तरीय डाटा सेंटर के सभाकक्ष में अनिवार्य सेवाओं के रूप में अधिसूचित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान करने के संबंध में जानकारी दी। इन 10 सेवाओं में स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, मीडियाकर्मी जिन्हें आयोग की अनुमति से प्राधिकार पत्र जारी किए जायेंगे, रेल परिवहन, बीएसएनएल, डाक एवं टेलीग्राम विभाग, दूरदर्शन, ऑल इण्डिया रेडियो, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, भारतीय खाद्य निगम शामिल हैं।

प्रभारी अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर फागेश सिन्हा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनिवार्य सेवाओं के रूप में 10 सेवाओं को अधिसूचित किया गया है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, मीडियाकर्मी जिन्हें आयोग की अनुमति से प्राधिकार पत्र जारी किए जायेंगे, रेल परिवहन, बीएसएनएल, डाक एवं टेलीग्राम विभाग, दूरदर्शन, ऑल इण्डिया रेडियो, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, भारतीय खाद्य निगम को अनिवार्य सेवाओं के रूप में अधिसूचित किया गया है। अनिवार्य सेवा के रूप में अधिसूचित किए जाने से ऐसे कर्मचारी जो शासकीय ड्यूटी के कारण मतदान की तिथि को मतदान केन्द्र पर जाकर अपना वोट नहीं डाल पाते हैं, केवल उनके लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान की गई है। ऐसे सभी कर्मियों को प्रारूप 12घ पर निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के 5 दिनों के भीतर संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष अपना आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

प्रभारी अधिकारी श्री सिन्हा ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत निर्वाचन तीन चरणों में होगा। जिसमें तृतीय चरण में सरगुजा, रायगढ़, कोरबा, जांजगीर-जांपा, बिलासपुर, दुर्ग एवं रायपुर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत अधिसूचना की तिथि

12 अप्रैल एवं प्रारूप 12 घ में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 17 अप्रैल 2024 है। प्रारूप 12घ में आवेदन के दौरान संबंधित कर्मचारी का मोबाईल नंबर, वोटर आईडी नंबर एवं निर्वाचक नामावली की भाग संख्या एवं सरल क्रमांक सही दर्ज करना अनिवार्य है। निर्वाचक नामावली में कर्मचारी का अद्यतन भाग संख्या एवं सरल क्रमांक पता करने हेतु वोटर हेल्पलाइन एप्प का उपयोग किया जा सकता है। जिसमें वोटर आईडी कार्ड नंबर डालकर इसे खोजा जा सकता है। प्रारूप 12घ के भाग 1 के साथ-साथ जिला स्तर पर नियुक्त विभाग के नोडल अधिकारी द्वारा इस आवेदन को भाग 2 में सत्यापित किया जाएगा। आवेदन के साथ वोटर आईडी कार्ड का छायाप्रति भी संलग्न करना होगा। नियत तिथि तक प्राप्त होने वाले सभी पात्र अनुपस्थित अनिवार्य श्रेणी के आवेदनों के आधार पर जिले में पोस्टल वोटिंग सेंटर स्थापित कर इनका डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान, मतदान दिवस के पूर्व ही करवाया जाएगा। पोस्टल वोटिंग सेंटर जिले में रिटर्निंग अधिकारी द्वारा निर्धारित किये गये तीन दिन लगातार सुबह 9 से शाम 5 बजे तक संचालित किया जाएगा। फॉर्म 12घ में आवेदन प्राप्त होने और इसके स्वीकृत होने पर मतदाताओं को पोस्टल वोटिंग सेंटर स्थापना की तिथि एवं स्थान सम्बन्धी सूचना प्रदान की जाएगी जिससे कि वे आकर अपना मतदान कर सकें। ऐसे सभी मतदाता मतदान दिवस को मतदान केंद्र पर अपना वोट नहीं डाल सकेंगे। इसलिए इन सेवाओं के ऐसे व्यक्ति जो मतदान के दिन मतदान केंद्र जाकर अपना वोट डालने में सक्षम है, उन्हें इस सुविधा की पात्रता नहीं होगी और उन्हें आवेदन फॉर्म 12घ नहीं भरना होगा जो भी व्यक्ति प्रारूप 12घ में आवेदन करेंगे, उन्हें जिले में स्थापित पोस्टल वोटिंग सेंटर पर ही मतदान की व्यवस्था से अवगत कराया जाएगा। पोस्टल वोटिंग सेंटर में मतदान हेतु नहीं जा सकने पर वे अपने मतदान के अधिकार से वंचित हो जायेंगे। उन्हें मतदान केन्द्र पर मतदान दिवस को अपना मत दर्ज करने की पात्रता नहीं होगी। इसलिए जो व्यक्ति मतदान दिवस को मतदान केन्द्र पर जाकर अपना वोट डालने हेतु सक्षम होंगे, उनसे प्रारूप 12घ नहीं भरवाये जायेंगे। जिला स्तर पर अधिसूचित अनिवार्य सेवाओं के नोडल अधिकारियों द्वारा यथा शीघ्र पात्र व्यक्तियों के आवेदन प्राप्त कर इसे जिले में डाक मतपत्र हेतु नियुक्त नोडल अधिकारियों को प्रदाय किया जायेगा। इस अवसर पर एसडीओपी ग्रामीण अमित पटेल, डिप्टी कलेक्टर नीरज कौशिक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

आर आर वर्मा को विदाई दी गई, 40 वर्षों तक समिति में सेवाएं दी

संबलपुर/नवप्रदेश। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित संबलपुर में वर्षों से सेवा देते आ रहे आर. आर. वर्मा को सेवानिवृत्त होने पर समिति की ओर से बुधवार को विदाई दी गई। एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बता दे कि आर. आर. वर्मा पिछले 40 वर्षों समिति अन्य पदों पर रहकर कार्य कर रहे थे। श्री वर्मा के प्रमुख रूप से लेखापाल व समिति प्रबंधक के पद पर आसीन थे। श्री वर्मा अपने कार्यकाल में समिति को आर्थिक रूप से मजबूत किया और किसानों के हित में कार्य किए, श्री वर्मा जी को विदाई कार्यक्रम में शॉल श्रीफल भेंट किया गया। साथ में पूर्व अध्यक्ष तिलक कुमार दर्रो व कल्याण सिंह पोटाई शॉल और श्रीफल देकर सम्मान किया गया । एवं समिति उपाध्यक्ष अमृत लाल संचेती संचालक सदस्य कमल नारायण साहू को भी श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री वर्मा जी ने कहा कि 1980 से मैं सहकारिता से जुड़ा हुआ हूॅ। पहले हम लोग पैदल या साईकिल से लोगों को संपर्क करने गांवो में जाते थें। और सोसायटी में जुड़ने के लिए आग्रह की जाती थी । आज संबलपुर समिति में 3000 से अधिक कृषक जुड़ गए है। और ऋण वितरण 700000 से अधिक हो रहा है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने प्रमुख रूप से संस्था प्रभारी प्रबंधक आत्माराम कल्लो, लेखापाल, जितेन्द्र सिंह ठाकुर, लिपिक बाल सिंह दुग्गा, चंद्रकुमार चक्रधारी, ऑपरेटर धमेन्द्र ठाकुर, राजेन्द्र सलाम, गजानंद जोशी, उपस्थित थे।

मतदान अधिकारी 2-3 का प्रशिक्षण सम्पन्न, निर्देशों के अनुरूप करे कार्य

भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार भानुप्रतापपुर विधानसभा के तहसील भानुप्रतापपुर एवं दुर्गुकोंदल के मतदान दलों के कर्मचारियों का प्रशिक्षण कल 27 मार्च से प्रारंभ है। आज द्वितीय दिवस मतदान अधिकारी क्रमांक 2 कुल 214 एवं मतदान अधिकारी क्रमांक 3 कुल 209 इस तरह आज 423 अधिकारी कर्मचारियों नें प्रशिक्षण प्राप्त किया।

आज प्रशिक्षण केंद्र पंहुचकर एसडीएम आस्था राजपूत से सभी से कहा कि मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिये जा रहे प्रशिक्षण को गंभीरता से सुने और समझे। खासतौर से मतदान अधिकारी 2 को उनके दायित्वों का ज्ञान जरूरी है अधिकारी क्रमांक 2 का काम मतदाता के उंगली में स्याही लगाना, रजिस्टर का प्रभारी होता है साथ ही साथ वह पर्ची भी प्रदान करता है। इसी तरह मतदान अधिकारी क्रमांक 3 दिये गये पर्ची को लेकर बैलेट प्रदान करता है। दल के सभी सदस्यों के बीच परस्पर आपसी सामंजस्य बनाकर एक टीम भावना के साथ सभी कार्य करें। मतदान दल के अंतिम प्रशिक्षण में सभी अपने अपने सेक्टर अधिकारी के साथ भी परिचय ले लेवे ताकि आगे काम मे सुविधा होगी। एसडीएम ने सभी से खासतौर से ईव्हीएम की पूरी प्रक्रिया को समझने को कहा कि सभी को यह जानकारी होना चाहिए कि माक पोल एवं वास्तविक मतदान के समय क्या प्रोटोकाल होता है। आज के प्रशिक्षण में सभी मास्टर ट्रेनरों ने मतदान अधिकारी 2 एवं 3 को उनके निर्वाचन के दायित्वों को समझाया और बताया कि कैसे पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी 01 के साथ साथ मतदान अधिकारी 2 एवं 3 की भी महती भूमिका होती है।मतदान दिवस को सभी पूरी संयम एवं अनुशासन के साथ निर्वाचन का कार्य करें। साथ ही साथ लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। सभी मतदान कर्मिकों को आयोग के निर्देशानुसार जिनका नाम इस लोकसभा के निर्वाचक नामावली में है उनको ईडीसी के माध्यम से मतदान की सुविधा दी जा रही है इसके लिए सभी निर्धारत प्रारूप 12 क में आवेदन कर देवें।

इनामी नक्सली समेत 3 ने किया आत्मसमर्पण, 685 की हो चुकी है घर वापसी

■ डीआरजी जवान को गोली मारने वाला नक्सली छात्रावास से गिरफ्तार

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। अब नहीं उठेगा हथियारज दंतेवाड़ा. लोन वर्राटू (घर वापस आइए) अभियान से प्रभावित होकर 1 इनामी सहित 3 माओवादियों ने पुलिस के सामने हथियार डाल दिए हैं. आत्मसमर्पित माओवादी भैरमगढ़ एरिया कमेटी के पिट्टेपाल पंचायत और मलांगेर एरिया कमेटी के रेवाली पंचायत में सक्रिय थे. समर्पित माओवादी पिट्टेपाल पंचायत डीएकेएमएस अध्यक्ष के पद पर सरकार ने 1 लाख रुपए ईनाम घोषित किया था. समर्पित माओवादियों के नाम पिट्टेपाल पंचायत डीएकेएमएस अध्यक्ष मुन्ना भोगाम उर्फ बुंजवा एक लाख का इनाम

बता दें कि फुलगट्टा पंचायत सीएनएम सदस्य रमेश भोगाम और मलांगेर एरिया कमेटी अन्तर्गत रेवाली पंचायत जनताना सरकार सदस्य भीमा कुहड़ाम उर्फ अविनाश कोर्राम का आत्मसमर्पण कराने में आरएफटी सीआरपीएफ दन्तेवाड़ा और 231वीं वाहिनी सीआरपीएफ का विशेष योगदान रहा. पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा ने

आत्मसमर्पित माओवादी को छत्तीसगढ़ शासन पुनर्वास योजना के तहत 25-25 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि और पुनर्वास योजना के तहत मिलने वाले सभी प्रकार का लाभ प्रदाय कराया जाएगा. लोन वर्राटू अभियान के तहत अब तक 174 इनामी माओवादी सहित कुल 685 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर समाज के मुख्यधारा में जुड़ चुके हैं.

इधर बीजापुर नगर के अटल आवास में रहने वाले डीआरजी जवान को होली के एक दिन पहले रात में नक्सलियों की स्मॉल एक्शन टीम ने गोली मारकर घायल कर दिया था। घटना के बाद जवान को बेहतर उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया था, जबकि पुलिस टीम ने मामले की जांच शुरू कर दी थी। जांच के दौरान पुलिस ने बालक छात्रावास में रहने वाले एक नक्सली को गिरफ्तार किया। यह डीआरजी जवान के मूवमेंट पर हमेशा नजर रखता था और मौके मिलते ही गोली मार दी थी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 24 मार्च को अटल आवास में अपने घर में रहने वाले डीआरजी में पदस्थ सहायक आरक्षक दीपक दुर्गम पर नक्सलियों ने फायरिंग कर दी थी। इस दौरान वह घायल हो गए थे। जांच के दौरान घटना के मास्टरमाइंड संतोष पोटाम (18) निवासी कोरचोली पटेलपारा थाना गंगालूर को गिरफ्तार किया गया। संतोष पोटाम बालक छात्रावास में रहता था और नक्सलियों के लिए लगातार काम कर रहा था। संतोष के लगातार आरक्षक दीपक के आने-जाने की रेकी कर रहा था। जांच में यह भी पाया गया कि संतोष की बहन नक्सल संगठन में है। साथ ही संतोष लगातार उसे हर बात की जानकारी दे रहा था। घटना को अंजाम देने से पहले स्मॉल एक्शन टीम को बुलाकर संतोष पोटाम ने आरक्षक दीपक के घर आने-जाने की सूचना दे रहा था।

मनका दाई मंदिर में चोरी करने वाले ओडिशा से गिरफ्तार

■ पुलिस के हाथ लगी बड़ी सफलता

■ तकनीक की मदद से पहुंचे आरोपी तक

जांजगीर चांपा/नवप्रदेश। जांजगीर चांपा के मां मनका दाई मंदिर में चोरी करने वाले 4 चोर ओडिशा से गिरफ्तार किए गए हैं. सभी ने अपना अपराध कबूल कर लिया है. इस केस में दो अन्य चोर की तलाश जारी है.

खोखरा मनका दाई मंदिर में 16 मार्च को हुई चोरी मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है. कोतवाली पुलिस ने केस में 4 चोर को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो चोर फरार हैं. सभी आरोपियों को ओडिशा से गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने आरोपियों के पास से 50 हजार रुपये बरामद किए हैं.

जानिए क्या है पूरा मामलाः ये पूरा मामला जांजगीर चांपा के खोखरा गांव का है. यहां 15 और 16 मार्च की रात खोखरा गांव स्थित मनका दाई मंदिर में 3 दान पेटी और चांदी के लोटे के साथ देवी मां की करधनी चोरी हो गई. मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई. इसके बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 457, 380, 120बी के तहत केस दर्ज किया. वहीं, मंदिर में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की.

ओडिशा से जुड़े चोरी के तारः इसके बाद डॉग स्क्वायड और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट की मदद से चोर की तलाश शुरू की गई. जांच के दौरान पुलिस ने पुटपुरा गांव के तालाब के पास टूटा हुआ दान पेटी बरामद किया. मामले की जांच के लिए साइबर टीम की मदद ली गई. साइबर टीम ने कुछ मोबाइल लोकेशन मंदिर के आसपास पाकर सस्पेक्टेड नंबरों को ट्रेस किया. इसमे से कुछ नंबर ओडिशा के भी थे. मोबाइल नंबर की मदद से पुलिस ओडिशा पहुंची. फिर चार आरोपियों को हिरासत में लिया. जिन्होंने अपना गुनाह कबूल कर लिया.

जांजगीर चांपा के खोखरा गांव के मनका दाई मंदिर में 15-16 मार्च की दरम्यानी रात चोरी हो गई थी. मामले में साइबर टीम के साथ मिलकर जांच की जा रही थी. 4 आरोपियों को ओडिशा से गिरफ्तार किया गया है. दो चोर फरार हैं. उनकी तलाश जारी है. सभी आरोपियों ने अपना अपराध कबूल कर लिया है. -राजेंद्र जायसवाल, एएसपी

2 आरोपी फरारः इसके बाद पुलिस ने आरोपियों के पास से 50 हजार रुपए जब्त किए. इसके अलावा पुलिस ने चार काला नकाब और दो बाइक भी जब्त किया. इस मामले में दो अन्य आरोपी अभी भी फरार है. दोनों आरोपियों की तलाश जारी है. पुलिस के मुताबिक फरार एक आरोपी 3 माह से नैला रेलवे स्टेशन में सफाई का काम करता था. इस दौरान वो मंदिर की रैकी कर रहा था।

साली को झांसे में लेकर जीजा ने बनाया हवस का शिकार, गिरफ्तार

■ शिकायत की बात करने पर देता था जान से मारने की धमकी

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद. साली से पहले प्यार का नाटक कर रेप करने का मामला सामने आया है. पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी जीजा को गिरफ्तार कर लिया है. पीड़िता ने आरोपी जीजा को लेकर जो खुलासे किए हैं काफी चौकाने वाले हैं.

बता दें कि कॉलेज में पढ़ने वाली एक छात्रा के साथ जीजा ने घिनौनी करतूत को अंजाम दिया है. पीड़िता ने पुलिस की शिकायत में बताया कि जीजा उसे अक्सर कॉलेज छोड़ने जाता था. 1 जनवरी 2024 को नए साल में घुमाने ले जाने के बहाने आरोपी पुरुषोत्तम जगत ने रेप किया. बताने पर जान से मारने की धमकी भी दिया. जिसके बाद लगातार डराकर वारदात को अंजाम देता रहा. फरवरी माह में राजिम मेला ले गया, फिर उसके बाद ओड़िशा ले जाकर किराए के मकान में 24 दिनों तक दुष्कर्म करता रहा. घर लौटने पर पीड़िता ने अपनाने के लिए बोला तो जीजा ने साफ इंकार कर दिया. पीड़िता ने आप बीती परिजनों को बताई. जिसके बाद मामले में लिखित शिकायत किया.

थाना प्रभारी गौतम गावड़े ने बताया कि पीड़िता के शिकायत के बाद आरोपी पुरुषोत्तम जगत के खिलाफ आईपीसी 376,506 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी कर न्यायालय में पेश किया गया है।

गीदम के मतदान केन्द्रों का कलेक्टर ने किया आकस्मिक निरीक्षण, सघन निगरानी के दिए निर्देश

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। *एसएसटी चेक पोस्ट में पहुंचकर जिले के सरहदी क्षेत्रों में दंतेवाड़ा। आज कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के द्वारा विकास खण्ड गीदम अंतर्गत भटपाल, हितामेटा, बारसूर, कोरकोटी, के मतदान केन्द्रों तथा स्थैतिक निगरानी दल केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई तथा दिशा निर्देश दिये गए। इसके साथ ही उन्होंने इन क्षेत्रों में चल रहे निर्माणाधीन विकास कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति की भी समीक्षा की। इस क्रम में कलेक्टर ग्राम पंचायत भटपाल पहुंचे जहां उन्होंने विस्थापित किये गये मतदान केन्द्र का जायजा लिया। ज्ञात हो कि पूर्व में स्थापित यहां के मतदान केन्द्र को ग्राम पंचायत बेंगलूरू विस्थापित किया गया है।

इसके साथ ही कलेक्टर ने ग्राम पंचायत बेंगलूरू स्थित वनवासी कल्याण आश्रम का भी अवलोकन किया। मालूम हो कि उक्त वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा ग्राम भटपाल और बेंगलुरू के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करायी जाती है। इसके साथ ही कलेक्टर द्वारा ग्राम पंचायत हितामेटा के स्वामी आत्मानंद विद्यालय पहुंचकर निर्वाचन हेतु बाहर से आने वाले सुरक्षा बलों की ठहरने की व्यवस्थाओं की जायजा लेते हुए सुविधाओं को सुनिश्चित करने को कहा। इस क्रम में उन्होंने बारसूर स्थित स्थैतिक निगरानी दल (एसएसटी) केन्द्र का भी निरीक्षण कर चेक पोस्ट में सघन चेकिंग करने के लिए भी दल को निर्देशित किया।

चुनाव प्रशिक्षण में अनुपस्थित 17 अधिकारियों को नोटिस

गौरेला/ पेण्ड्रा/ मरवाही/ नवप्रदेश। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर अधिकारियों कर्मचारियों को मतदान प्रक्रिया के संबंध में प्रशिक्षण दिए जा रहा है। जिले में गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस प्रशिक्षण का जायजा लिया। इस दौरान चुनाव प्रशिक्षण में 686 में से 17 अधिकारी- कर्मचारी अनुपस्थित रहे। जिस पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने नाराजगी जाहिर किया। उन्होंने इन सभी अधिकारी कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

प्रशिक्षण से नदारद 17 अधिकारियों को नोटिसः जिले में लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान प्रक्रिया के संबंध में अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी लीना कमलेश मंडावी ने गुरुवार को पेण्ड्रा एवं सेमरा में चल रहे प्रशिक्षण का जायजा लिया. इस दौरान प्रशिक्षण को लेकर अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही भी देखने को मिली. जहां प्रशिक्षण में बुलाए गए 686 अधिकारियों-कर्मचारियों में से 17 अनुपस्थित थे. जिससे नाराज कलेक्टर ने अधिकारियों-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है. इनमें प्रशिक्षण केन्द्र सेमरा गौरेला में 12, पेण्ड्रा में 4 और मरवाही में 1 प्रशिक्षणार्थी शामिल हैं.

प्रशिक्षण को लेकर कलेक्टर ने दिए निर्देशः कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी लीना कमलेश मंडावी ने प्रशिक्षण की बारीकियों को गंभीरता से समझने के निर्देश भी दिए है. उन्होंने स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से चुनाव कराने के लिए इसे जरूरी बताया. साथ में नई व्यवस्था के तहत संगवारी मतदान केन्द्रों में सिर्फ महिला मतदान दल के जरिए चुनाव कराए जाने को लेकर भी लेकर चर्चा की. आप सभी के लिए सौभाग्य और गौरव की बात है कि आप लोकतंत्र के महापर्व में सहभागी बनते हैं. आप लोगो को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाहन करना है, इसके लिए बेहतर चुनाव संचालन के लिए सही ढंग से प्रशिक्षण लेना जरूरी है.

आगामी चुनाव में नई व्यवस्था लागू करने जा रहे हैं. इसके तहत संगवारी मतदान केन्द्रों में सिर्फ महिला मतदान दल मतदान संपादित करेंगे। इस व्यवस्था के तहत सेक्टर अधिकारी भी महिला अधिकारी ही होंगे. - लीना कमलेश मंडावी, जिला निर्वाचन अधिकारी, गौरेला पेंड्रा मरवाही

प्रशिक्षण में चुनाव की बारीकियों को समझायाः मतदान प्रक्रिया का प्रशिक्षण सेजेस पेण्ड्रा, सेमरा एवं मरवाही में ट्रेनिंग सेंटर में दिया जा रहा है।

पेट दर्द से परेशान महिला के गर्भाशय में थी गांठ, ऑपरेशन कर डॉक्टर ने बचाई जान

राजनांदगांव/नवप्रदेश। महीनों से अपने पेट दर्द से परेशान एक महिला डॉ. कुमुद मोहबे मेमोरियल हॉस्पिटल जांच हेतु पहुंची। डॉ. सुरभि ने जब जांच की तो पता चला कि समस्या आसान नहीं है। महिला के गर्भाशय में बड़ी गांठ होने की जानकारी मिलने के बाद उसकी सर्जरी ही एक मात्र इलाज था। अंततः ऑपरेशन के द्वारा गांठ निकालकर उसे दर्द से छुटकारा दिलाया गया। स्थानीय बल्देवबाग स्थित डॉ. कुमुद मोहबे मेमोरियल हॉस्पिटल की स्त्री रोग विशेषज्ञ (गाइनोकोलाजिस्ट) डॉ. सुरभि मोहबे के पास एक ऐसी महिला इलाज हेतु पहुंची, जो कई महीनों से पेट दर्द से परेशान चल रही थी। महिला से चर्चा के बाद कोई कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा था। दर्द की वजह से उसकी मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं थी।

दर्द का कारण जानने के लिए आवश्यक जांच प्रक्रिया शुरू की गई। जांच में यह बात पता चली कि महिला के गर्भाशय में एक बड़ी गांठ है। डॉ. सुरभि ने बताया कि गांठ की साइज 28326315 सेंटीमीटर थी। इस तरह के केस बहुत कम मरीजों में पाए जाते हैं। सबसे बड़ी समस्या खून की कमी के रूप में भी पाई गई। मरीज महिला खेमिन बाई (45) निवासी एलबी नगर के शरीर में महज 5 ग्राम खून था। समदा हॉस्पिटल के यूरोलॉजिस्ट डॉ. निखर जैन से चर्चा कर ऑपरेशन के दौरान डीजे स्टेंट लगाने का विचार किया गया। इस हेतु पहले महिला को 12 यूनिट खून चढ़ाया गया। मरीज का खून ओ नेगेटिव होने से उसकी पूर्ति में भी कठिनाई आई, किंतु उसका इंतजाम कर लिया गया।

महंत ने पार्टी कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र

कोरबा लोकसभा की संभाली कमान

कोरिया/नवप्रदेश। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों के नेता सक्रिय हो गए हैं। गुरुवार 28 मार्च को नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत एक दिवसीय दौरे पर कोरिया पहुंच। . उन्होंने कोरिया जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक ली और उन्हें जीत का मंत्र दिया।

करबा कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत के समर्थन में चरणदास महंत कोरिया के दौरे पर पहुंचे। बैकुंठपुर स्थित राजीव भवन में नेता प्रतिपक्ष महंत ने कोरिया जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक ली. महंत ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया। इस दौरान महंत ने मीडिया कर्मियों से भी अपनी बात साझा की। चरणदास महंत की धर्म पत्नी और वर्तमान सांसद ज्योत्सना महंत को कांग्रेस ने कोरबा लोकसभा सीट से दोबारा चुनावी मैदान में उतारा है।

दबाव की राजनीति पर चुनाव हो रहाः नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने लोकसभा चुनाव को लेकर कहा, ÷मैं कोरबा लोकसभा क्षेत्र बस नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के 11 लोकसभा क्षेत्र की चिंता कर रहा हूं। इस बार कांग्रेस के पक्ष में छत्तीसगढ़ का माहौल है। हमें पूरा विश्वास है, हम पुराना रिकॉर्ड तोड़ेंगे और बेहतर रिजल्ट आएगा। ÷छत्तीसगढ़ वासियों को भी समझ आ गया है कि इस बार चुनाव स्वस्थ लोकतंत्र के लिए नहीं हो रहा, बल्कि खास ढंग से दबाव की राजनीति में चुनाव कराए जा रहे हैं। लोगों पर दबाव बना रहे हैं, अंदर कर रहे हैं। ऐसा डर का माहौल बना रहे हैं, जिसमें आप स्वस्थ लोकतंत्र के बारे में सोच भी नहीं सकते.÷ - चरणदास महंत, नेता प्रतिपक्ष, छत्तीसगढ़ नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने नवीन जिंदल के भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन करने के सवाल पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। महंत ने कहा, नवीन जिंदल का कांग्रेस छोड़कर बीजेपी ज्वाइन करने के पीछे दबाव की राजनीति रही है।

कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह भरने भूपेश बघेल पहुंचे भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश। कार्यकर्ताओं में नई जोश व उत्साह भरने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कल शाम भानुप्रतापपुर पहुचे। श्री बघेल के आगमन को लेकर स्थानीय नेता व कार्यकर्ताओं भारी उत्साह देखने को मिला। नगर के मुख्य चौक पर जमकर आतिशबाजी के साथ स्वागत किया। श्री बघेल ने चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किये तत्पश्चात कार्यकर्ताओं सम्मेलन को सम्बोधित किया। इस दौरान कांकेर लोकसभा सीट के कांग्रेस प्रत्याशी बीरेश ठाकुर, विधायक सावित्री मंडवी,नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील पाढी, ब्लाक अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ठाकुर,मनीष योगी, तुसार ठाकुर सहित वरिष्ठ कांग्रेसी जन उपस्थित रहे। बस्तर में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान 19 अप्रैल एवं 26 अप्रैल को दो चरणों में होना है। अब गिनते के ही दिन शेष रह गया है। कांग्रेस प्रत्याशी को जीत दिलाने एवं कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बस्तर होते हुए बुधवार शाम को भानुप्रतापपुर पहुचे। चुनाव कार्यालय का उद्घाटन पश्चात उन्होंने कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित किया।

बता दे कि लोकसभा प्रत्याशी बीरेश ठाकुर को कांकेर से पुनः दोबारा टिकट दिया गया है। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मोहन मंडावी ने महज 5 हजार मतों से हराया था, पार्टी ने इस बार पुनः विश्वास करते हुए बीरेश ठाकुर पर दांव लगाया है। इनके अलावा लोकसभा प्रत्याशी बीरेश ठाकुर एवं विधायक सावित्री ने भी कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित किया।

फरसा लहराने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। शहर में फरसा और धारदार हथियार लहराकर दहशत फैलाने वाले 5 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. घटना का वीडियो वायरल होने ही मामले को संज्ञान में लेकर कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की है. एक आरोपी अभी भी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही. पुलिस ने आरोपियों से तलवार, कत्तल , चाकू आदि जब्त किया है. गिरफ्तार आरोपी आदतन अपराधी है और कोतवाली में इनके विरुद्ध कई मारपीट, लूट, हत्या, हत्या का प्रयास एवं हथियार लेकर घूमने का मामला दर्ज है. इनकी उम्र 19 वर्ष से लेकर 32 वर्ष के बीच है. सभी आरोपी नशे के आदि हैं. पुलिस ने पांचों आरोपी पर धारा 25 , 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की।

बहिष्कार | सड़क नहीं तो वोट नहीं

जर्जर सड़क से परेशान ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर किया प्रदर्शन

सारंगढ़/नवप्रदेश। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के कुटेला मार्ग पिछले कई वर्षो से अत्यंत जर्जर की अवस्था में है, जिससे आसपास के सैकड़ों ग्राम के लोगों के लिये आवाजाही करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे आये दिन दुर्घटनाएं की संभावना बनी रहती है। इसे लेकर सारंगढ़ नगरपालिका वार्ड क्रमांक 1 के ग्रामीणों ने शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। एक माह के भीतर सड़क को बनवाने की चेतावनी भी दी। अगर एक माह के अन्दर अगर सड़क नही बनी है तो आगामी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार कर दे देंगे। बिलासपुर मुख्य मार्ग से कुटेला मार्ग को बनाने का कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा । दरअसल, सारंगढ़ नगरपालिका वार्ड क्रमांक 1 की सड़क की पिछले कई सालों से जर्जर हो गई। जिसमें बड़े -बड़े गड्ढे हो गए हैं इसी के पास एसपी कार्यालय है। इस रास्ते से जिला शिक्षा अधिकारी का आना जाना लग रहता है। इस रास्ते में वाहन तो दूर की बात है पैदल चलना भी बहुत मुश्किल है। इसके सम्बंध में पूर्व में कई बार कलेक्टर सहित सम्बंधित विभाग को भी ज्ञापन और जनदर्शन में भी आवेदन दिया गया है परंतु आज तक कोई भी सुनवाई नहीं हुई है। एक बार फिर अरूण यादव, गुड्डू, शांति प्रसाद सहित कई ग्रामीणों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया । एक माह के भीतर सड़क को बनवाने की चेतावनी भी दी। अगर एक माह के अन्दर अगर सड़क नही बनती है तो अगामी लोकसभा चुनाव को बहिष्कार करने की चेतावनी दी।

बिलासपुर मुख्य मार्ग से कुटेला मार्ग को बनाने का कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

शराबी प्रधान अध्यापक को किया निलंबित

कोंडागांव/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय में चुनाव के मद्देनजर मतदान दलों के प्रशिक्षण के दौरान नशे में आए प्रधान अध्यापक कमलेश्वर सोरी को प्रशिक्षण अधिकारी की जांच में पुलिस के द्वारा अल्कोहल टेस्टिंग की रिपोर्ट के आधार पर निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में प्रधान अध्यापक का कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी माकड़ी निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान दलों के अधिकारियों के लिए पहले चरण के प्रशिक्षण का आयोजन बुधवार को किया गया था। प्रशिक्षण में प्राथमिक शाला धारलीपारा तोरेंगा के प्रधान अध्यापक कमलेश्वर सोरी को मतदान अधिकारी-03 के रूप में नियोजित किया गया था।

सोना 350 रुपए मजबूत हुआ चांदी भी उछली 200 रुपए

दिल्ली। सर्राफा बाजार में सोना 350 रुपये की तेजी के साथ 67,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर पहुंच गया। इस दौरान चांदी भी 200 रुपए उछलकर 77,450 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूती के रुख के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 350 रुपये की तेजी के साथ 67,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 67,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इस दौरान चांदी भी 200 रुपए उछलकर 77,450 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 77,250 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, अमेरिका के महत्वपूर्ण वृहद आर्थिक आंकड़ों के नतीजों से पहले गुरुवार को सोने की कीमतों में तेजी आई। दिल्ली सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोने की हाजिर कीमत 350 रुपये की तेजी के साथ 67,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही है। वैश्विक बाजारों में कॉमेक्स पर सोने का हाजिर भाव 14 डॉलर की बढ़त के साथ 2,194 डॉलर प्रति औंस हो गया। उन्होंने कहा, ब्याज दरों को लेकर सकारात्मक धारणा के बीच सोने की कीमतों में तेजी का रुख रहा, लेकिन डॉलर सूचकांक में तेजी से पीली धातु की कीमतों पर दबाव पड़ सकता है। एलकेपी सिक्योरिटीज के वीपी रिसर्च एनालिस्ट जतीन त्रिवेदी ने कहा, ÷2,200-2,215 डॉलर के स्तर पर सोने की कीमतों में मजबूत प्रतिरोध देखा जा रहा है।÷ चांदी का भाव भी मामूली तेजी का साथ 24.55 डॉलर प्रति औंस हो गया। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 24.50 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ था। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के उपाध्यक्ष (ईबीजी)- कमोडिटी एंड करेंसी रिसर्च प्रणव मेर ने कहा, सोने में सकारात्मक और स्थिर कारोबार देखा जा रहा है, लेकिन प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में मजबूती आई है। गुरुवार और शुक्रवार को अमेरिकी जीडीपी और व्यक्तिगत उपभोग व्यय (पीसीई) मुद्रास्फीति के आंकड़ों से पहले निवेशक सावधानी बरत रहे हैं।

अप्रशिक्षित हाथों में एआई नहीं आना चाहिए, इसके दुरुपयोग का खतरा

बिल गेट्स ने मोदी का लिया इंटरव्यू

नई दिल्ली। मोदी के आवास पर बिल गेट्स ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई डिजिटल रेवोल्यूशन, हेल्थकेयर, एजुकेशन, एग्रीकल्चर, नारी शक्ति, क्लाइमेट चेंज और गवर्नेंस सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगाह किया कि अकुशल, अप्रशिक्षित हाथों में एआई जैसी शक्तिशाली तकनीक नहीं आनी चाहिए। इसके एआई का गलत इस्तेमाल हो सकता है। PM ने माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स को दिए एक इंटरव्यू में ये बात कही।

इस इंटरव्यू में पीएम मोदी ने विस्तार से बताया कि कैसे भारत ने अपने नागरिकों के लाभ के लिए टेक्नोलॉजी का लोकतंत्रीकरण किया है। जीवन में सुधार के लिए डिजिटल की शक्ति को अपनाया है। उन्होंने विश्वास जताया कि देश चौथी औद्योगिक क्रांति में उल्लेखनीय प्रगति करेगा। पीएम ने बिल गेट्स को नमो ऐप के फोटो बूथ फीचर के बारे में भी बताया, जिसे देखकर गेट्स हैरान हो गए।बिल गेट्स- त्न20 अब ज्यादा इन्क्लूसिव हो गया है। इसलिए इसे देखना शानदार है कि भारत ने वास्तव में डिजिटल इनोवेशन जैसी चीजों को बढ़ावा दिया है। प्रतिशत 20 वास्तव में एक मैकेनिज्म हो सकता है, जो संबंधों में सुधार ला सकता है। आप जानते हैं कि हमारा फाउंडेशन भारत में पॉजिटिव रिजल्ट से उत्साहित है। हम साथ मिलकर इसे अन्य देशों में भी लेकर जाएंगे। पीएम मोदी- आपकी बात सही है, जब मैं इंडोनेशिया में में त्न-20 समिट में गया था तब दुनिया के सभी देशों की उत्सुकता थी कि आप ने डिजिटल रिवॉल्यूशन कैसे लाया है। तब मैं उनको समझाता था कि मैंने इस टेक्नोलॉजी को लोकतांत्रिक बना दिया है।इस पर एकाधिकार नहीं रहेगा। ये जनता का, जनता के द्वारा होगा और जनता इसमें वैल्यू ऐड करेगी। इससे आम लोगों का टेक पर भरोसा बनेगा। जैसे 10 डॉक्टर हैं, सब MBBS, लेकिन एक डॉक्टर के पास ज्यादा लोग जाते हैं। यह बताता है कि उस डॉक्टर में लोगों का भरोसा है। बिल गेट्स- भारत ना केवल टेक्नोलॉजी को अपना रहा है, बल्कि इसे लीड भी कर रहा है...ऐसी कौन-सी चीजें हैं, जिनके बारे में आप उत्साहित हैं? इस सवाल पर क्करू बोले- स्वास्थ्य, कृषि और शिक्षा के क्षेत्र में मैंने 2 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर गांवों में बनाएं।

इनकम टैक्स छूट के लिए 31 मार्च तक करना होगा निवेश

नई दिल्ली। वित्त वर्ष 2023-24 का आखिरी महीना यानी मार्च खत्म होने वाला है। जरूरी काम निपटाने के लिए आपके पास बस कुछ ही दिन हैं। इन्हीं में से एक काम है सुकन्या और PPF में मिनिमम अमाउंट जमा करना। इसके अलावा अगर आप इनकम टैक्स छूट के लिए निवेश करना चाहते हैं तो आपको 31 मार्च तक निवेश करना होगा।

पब्लिक प्रॉविडेंट फंड (PPF) और सुकन्या समृद्धि योजना (SSY) अकाउंट को एक्टिव रखने के लिए इनमें मिनिमम इन्वेस्टमेंट करना जरूरी है। 31 मार्च 2024 तक PPF और (SSY) में पैसे नहीं डालने पर ये अकाउंट्स इनएक्टिव (बंद) हो सकते हैं। इन्हें दोबारा एक्टिव करवाने के लिए आपको जुर्माना देना पड़ेगा। आपको अपनी इन योजनाओं में मिनिमम निवेश बनाए रखना होता है, ताकि यह पता चल सके कि आपका खाता एक्टिव है। PPF अकाउंट वालों के लिए मिनिमम डिपॉजिट 500 रुपए है यानी आपको इसमें एक वित्त वर्ष में कम से कम 500 रुपए का निवेश करना होता है। सुकन्या समृद्धि योजना में अगर अकाउंट है तो आपको हर वित्त वर्ष में मिनिमम 250 रुपए जमा करने होते हैं। पूरी खबर पढ़ने के लिए यहां क्लिक करें अगर आपने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए अभी तक टैक्स इन्वेस्टमेंट नही किया है तो जल्द ही कर दें। आप PPF सुकन्या समृद्धि योजना, 5 साल की स्नष्ठ और श्वस्रस्स् आदि में निवेश करके सेक्शन 80ष्ट के तहत टैक्स छूट ले सकते हैं। इसके लिए आपको इन स्कीम्स में 31 मार्च तक निवेश करना होगा। इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 80ष्ट के तहत आप कुल आय से 1.5 लाख रुपए की कटौती का दावा कर सकते हैं।

एफटीएक्स को-फाउंडर सैम बैंकमैन फ्राइड को 25 साल की मिली सजा

8 अरब डॉलर से ज्यादा के क्रिप्टो फ्रॉड का आरोप था, नवंबर-2023 में दोषी पाया गया था

मैनहट्टन। बैंकरप्ट हो चुके क्रिप्टोएक्सचेंज फर्म एफटीएक्स के को-फाउंडर सैम बैंकमैन-फ्राइड को 25 साल जेल की सजा सुनाई गई है। सैम पर क्रिप्टो फ्रॉड के लिए कस्टमर्स का पैसा चुराने और निवेशकों को गुमराह करने का आरोप है। इस मामले में बैंकमैन-फ्राइड के 3 दोस्त भी दोषी हैं। बैंकमैन-फ्राइड ने सजा के बाद कहा, उन्होंने सेल्फिश डिसीजन लिए, जो उन्हें हर दिन परेशान करते हैं। मामले में सैम को दिसंबर-2022 में बहामास से गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद उन्हें अमेरिका प्रत्यर्पित किया गया था। बैंकमैन को नवंबर-2023 में निवेशकों और ग्राहकों के साथ 8 अरब डॉलर से ज्यादा, यानी करीब 832 अरब रुपए की धोखाधड़ी का दोषी पाया गया था। इस मामले को अमेरिका के इतिहास के सबसे बड़े घोटालों में से एक माना गया। बैंकमैन-फ्राइड को दोषी करार देने के बाद अमेरिकी शेयर बाजार में भारी गिरावट दर्ज की गई थी। एक समय स्नञ्जङ्ग दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो एक्सचेंज फर्म थी। सैम को अमेरिका के मैनहटन डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में सजा सुनाई गई। अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट जज लुईस ए कपलान ने बैंकमैन-फ्राइड की भविष्य में और गलत गतिविधियों में शामिल होने की संभावना के बारे में चिंताओं पर जोर देते हुए सजा सुनाई। जज ने बैंकमैन-फ्राइड की 11 बिलियन डॉलर से अधिक की राशि जब्त करने का आदेश दिया और सिफारिश की कि उसे सैन फ्रांसिस्को क्षेत्र में एक मध्यम-सुरक्षा जेल में रखा जाए। अभियोजकों ने बैंकमैन-फ्राइड के वित्तीय अपराधों का हवाला देते हुए 40 से 50 साल की सजा की मांग की थी, जिसने दुनियाभर में कई लोगों और संस्थाओं को प्रभावित किया। इससे 10 बिलियन डॉलर से अधिक का नुकसान हुआ। इन अपराधों में धन का दुरुपयोग, निवेशकों को धोखा देना, डॉक्यूमेंट्स में हेराफेरी, अवैध राजनीतिक योगदान और विदेशी अधिकारियों को रिश्वत देना शामिल है। FTX दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एफिलिएटेड क्रिप्टो ट्रेडिंग कंपनी थी। फाइनेंशियल गड़बड़ियों के कारण लिक्विडिटी क्रंच (वित्तीय संकट) में आई FTX ट्रेडिंग लिमिटेड दिवालिया हो गई है।

प्रॉपर्टी बेचकर हुई कमाई पर भी देना होता है टैक्स

नई दिल्ली। जब भी हम कोई प्रॉपर्टी, इक्विटी या म्यूचुअल फंड बेचते हैं, मुनाफे पर कैपिटल गेन टैक्स चुकाना पड़ता है। हालांकि ये टैक्स बचाने के कुछ विशेष नियम हैं, जो अधिकतम 10 करोड़ रुपए की कटौती की अनुमति देते हैं। इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 54 के मुताबिक, अगर आप कोई मकान बेचते हैं और इस तरीके से हुई आय तय अवधि के भीतर (2 साल के भीतर खरीद या 3 साल के भीतर नई प्रॉपर्टी का कंस्ट्रक्शन) कोई अन्य घर खरीदने में खर्च करते हैं तो शुरुआत में जिस प्रॉपर्टी को बेचकर आपने कैपिटल गेन कमाया था उस पर टैक्स में छूट मिल सकती है। जब आपने घर खरीदा था तब उसकी कीमत 20 लाख रुपए थी। अब आप इसे 42 लाख रुपए में बेच रहे हैं। आपको 22 लाख रुपए का कैपिटल गेन (मुनाफा) हुआ। आपको इस पर 3त्न सरचार्ज और सेस (उपकर) के अलावा 20त्न लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स भी देना होगा। हालांकि, यदि आप पुराने घर की बिक्री से हुई आय से कोई अन्य मकान खरीदते हैं तो आपको इस टैक्स से छूट मिलेगी। टैक्स एक्सपर्ट सुनील गर्ग बताते हैं कि अगर आप टैक्स रिटर्न फाइल करने तक घर बेचने से मिले पैसे का इस्तेमाल नया घर खरीदने के लिए नहीं करते हैं, तो उस पैसे को कैपिटल गेन्स अकाउंट स्कीम के तहत एक विशेष खाते में डाल दें। फिर भी उस पैसे से 2 साल में कोई घर खरीदना होगा या 3 साल में नया मकान बनवाना होगा। आपको केवल 1 घर खरीदने पर ही कैपिटल गेन पर छूट मिल सकती है। पुराने घर की बिक्री से प्राप्त मुनाफे से लिए गए नए घर को खरीदने या निर्माण पूरा होने के 3 साल बाद तक नहीं बेच सकते।

दिल्ली मैनेजमेंट और अंपायर्स के बीच नियमों को लेकर जंग, पोंटिंग-गांगुली की वजह से बीच में रुका मैच

दरअसल, यह घटना दिल्ली की पारी के पहले ओवर की है। दो गेंदों के बाद अचानक मैच रोक दिया गया। पोंटिंग और गांगुली ने रोवमैन पॉवेल के मैदान पर पहुंचने पर आपत्ति जताई। उन्होंने डगआउट से ही अंपायर्स से बहस करना शुरू कर दिया। राजस्थान ने शिमरोन हेटमायर की जगह नांद्रे बर्गर को इम्पैक्ट सब के रूप में चुना था। टीम ने उन्हें प्लेइंग 11 का हिस्सा दिल्ली की पारी शुरू होने से पहले बना लिया।

आईपीएल के नौवें लीग मैच में दिल्ली कैपिटल्स के हेड कोच रिकी पोंटिंग और टीम के डॉयरेक्टर सौरव गांगुली ने बवाल मचा दिया। दोनों की वजह से इस मैच को कुछ देर के लिए रोकना पड़ा। हालांकि, अंपायर नितिन मेनन ने दोनों को समझाकर मामला शांत कराया और मैच दोबारा शुरू हुआ। दरअसल, यह घटना दिल्ली की पारी के पहले ओवर की है। दो गेंदों के बाद अचानक मैच रोक दिया गया। पोंटिंग और गांगुली ने रोवमैन पॉवेल के मैदान पर पहुंचने पर आपत्ति जताई। उन्होंने डगआउट से ही अंपायर्स से बहस करना शुरू कर दिया। राजस्थान ने शिमरोन हेटमायर की जगह नांद्रे बर्गर को इम्पैक्ट सब के रूप में चुना था। टीम ने उन्हें प्लेइंग 11 का हिस्सा दिल्ली की पारी शुरू होने से पहले बना लिया। रिकी पोंटिंग और गांगुली इंपैक्ट सब के नियम को ठीक ढंग से समझने में नाकाम दिखे, क्योंकि राजस्थान की टीम ने अपनी प्लेइंग 11 में सिर्फ तीन विदेशी खिलाड़ियों को जगह दी थी। ऐसे में पॉवेल को मैदान पर देखते ही दिल्ली का मैनेजमेंट बौखला गया, उन्हें लगा कि पॉवेल पांचवें विदेशी खिलाड़ी हैं जबकि हेटमायर को पारी की शुरुआत में बर्गर से बदल दिया गया था। ऐसे में राजस्थान की टीम पॉवेल सहित सिर्फ चार विदेशी खिलाड़ियों के साथ मैदान पर खेल रही थी। इनमें पॉवेल, नांद्र बर्गर, जोस बटलर और ट्रेंट बोल्ट शामिल थे। उन्हें कुछ देर के लिए सब्स्टीट्यूट फील्डर के तौर पर रखा या था। दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच गुरुवार को खेले गए मैच में संजू सैमसन की टीम ने मेहमानों को 12 रन से हरा दिया। राजस्थान ने 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 185 रन बनाए। इसके जवाब में दिल्ली 20 ओवर में पांच विकेट गंवाकर सिर्फ 173 रन ही बना सकी। दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल 2024 में लगातार दूसरी शिकस्त मिली है। इससे पहले पंजाब किंग्स ने दिल्ली को चार विकेट हराया था। राजस्थान ने लगातार दूसरी जीत के साथ अपने नेट रनरेट में सुधार कर लिया है।

सलमान के कहने पर कटरीना ने साइन की फिल्म न्यूयॉर्क

कबीर खान ने शेयर किया किस्सा, बोले- उस वक्त वो भाईजान को डेट कर रही थीं

कबीर खान की फिल्म न्यूयॉर्क में कटरीना कैफ ने काम किया था। हालांकि शुरुआत में वो इस फिल्म में काम नहीं करना चाहती थीं। उन्होंने फिल्म का ऑफर रिजेक्ट भी कर दिया था। लेकिन सलमान खान के कहने पर उन्होंने इस फिल्म के लिए हामी भरी थी। इस बात का खुलासा खुद फिल्म के डायरेक्टर कबीर खान ने हालिया इंटरव्यू में किया है। उन्होंने यह भी बताया कि उस वक्त सलमान और कटरीना रिश्ते में थे। कबीर ने कई इंटरव्यू में इस बात का जिक्र किया है कि वो और कटरीना बहुत अच्छे दोस्त हैं। कबीर ने कई इंटरव्यू में इस बात का जिक्र किया है कि वो और कटरीना बहुत अच्छे दोस्त हैं। सलमान ने कहा था- आंख बंद करके फिल्म साइन कर लो यूट्यूब चैनल मैशबेल इंडिया को दिए इंटरव्यू कबीर खान ने कहा- पहली फिल्म काबुल एक्सप्रेस की शूटिंग के दौरान मेरी मुलाकात सलमान खान से हुई थी। इसी मुलाकात के बदौलत मेरी दूसरी फिल्म न्यूयॉर्क में कटरीना की कास्टिंग हुई। दरअसल, इस फिल्म के लिए कटरीना पहली पसंद थीं। यह यशराज प्रोडक्शन के साथ उनकी पहली फिल्म होने वाली थी। लेकिन पहली मीटिंग में ही वो कहानी सुन कर निराश हो गई थीं। शायद वो किसी लव स्टोरी वाली फिल्म में काम करना चाहती थीं।उस वक्त वो सलमान खान को डेट कर रही थीं। जब सलमान ने कटरीना से इस मीटिंग के बारे में बात की तो उन्होंने कहा कि फिल्म की कहानी अच्छी लेकिन शायद उनके हिसाब की नहीं है। फिर सलमान ने डायरेक्टर का नाम पूछा। जब उन्हें पता चला कि डायरेक्टर मैं हूं तो उन्होंने कहा- आंख बंद करके पिक्चर साइन कर लो। मैं उसे लड़के से मिला हूं। उसका काम अच्छा है। सलमान की एक था टाइगर, बजरंगी भाईजान और ट्यूबलाइट जैसी फिल्मों का डायरेक्शन कबीर खान ने ही किया है। कबीर ने फिल्म की शूटिंग से जुड़े किस्से भी शेयर किए। उन्होंने कहा कि शूटिंग 100 दिनों तक न्यूयॉर्क में ही हुई थी। फिल्म का पूरा सेट-अप कटरीना के लिए नया था। उन्होंने आगे कहा- कटरीना शुरुआत में सेट पर मुझे सर कहकर बुलाती थीं। तब मैंने उनसे कहा था- यार तुम्हारा बॉयफ्रेंड मुझसे 4 साल बड़ा है, प्लीज मुझे सर मत कहा करो।कबीर ने बताया कि वो शुरुआत में करीब 20 दिन तक उन्होंने कटरीना को करीना कहकर बुलाया था। उन्होंने कहा- पहले 20 दिन तक, मैं उन्हें करीना कहता था और फिर धीरे-धीरे जब हम दोस्त बन गए, तो मुझे कटरीना की आदत हो गई। फिर बजरंगी भाईजान के दौरान मैं काफी दिनों तक करीना को कटरीना कहकर बुलाता रहा।

धर्मशाला में 12 साल बाद चेन्नई व पंजाब होंगे आमने-सामने

धर्मशाला। अब तक धर्मशाला में चेन्नई की टीम ने पंजाब के साथ दो मैच खेले हैं जबकि रॉयल चैलेंजर ने एक मैच खेला है। 18 अप्रैल 2010 को पंजाब और चेन्नई के बीच आईपीएल का मैच खेला गया था। एक दशक बाद धर्मशाला में आईपीएल के मैच में पंजाब की टीम चेन्नई सुपर किंग और रॉयल चैलेंजर बंगलूरू के साथ भिड़ेगी। 5 मई को पंजाब का मुकाबला चेन्नई सुपर किंग और 9 मई को रॉयल चैलेंजर बंगलूरू के साथ होगा। अब तक धर्मशाला में चेन्नई की टीम ने पंजाब के साथ दो मैच खेले हैं जबकि रॉयल चैलेंजर ने एक मैच खेला है। 18 अप्रैल 2010 को पंजाब और चेन्नई के बीच आईपीएल का मैच खेला गया था। इसमें धोनी कप्तानी वाली चेन्नई सुपर किंग ने पंजाब को छह विकेट से पराजित किया था। मैच में पंजाब की टीम ने तीन विकेट पर 192 बनाए थे। जबकि चेन्नई ने दो गेंद शेष रहते हुए 193 रन बनाकर मैच में जीत हासिल की थी। इस मैच में चेन्नई के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने 54 रनों की नाबाद पारी खेली थी। इसके अलावा 17 मई 2012 को फिर से पंजाब और चेन्नई के बीच आईपीएल का मैच हुआ था। इसमें पंजाब ने चेन्नई को छह विकेट से पराजित किया था। वहीं 17 मई 2011 को पंजाब और रॉयल चैलेंजर बंगलूरू की बीच मैच हुआ था। इसमें पंजाब ने 20 ओवरों में 232 रनों को विशाल टारगेट दिया था। वहीं विराट कोहली की टीम इस मैच में 121 रनों पर ही सिमट गई थी। इसमें पंजाब के कप्तान एडम गिलक्रिस्ट ने 55 गेंदों में 106 रन की पारी खेली थी।

अब एक बार फिर से आईपीएल सीजन-17 में रॉयल चैलेंजर और चेन्नई की टीम पंजाब के आमने सामने होगी। इस बार टीम में चेन्नई और आरसीबी के कप्तान तो पुराने होंगे लेकिन पंजाब टीम को कमान शिखर धवन के पास है। वहीं टीमों में नए खिलाड़ी भी अपने बल्ले और गेंद से कमाल करते हुए नजर आएंगे। धर्मशाला में अब तक आईपीएल के 11 मुकाबले खेले जा चुके हैं। इसमें पंजाब ने केवल पांच मुकाबलों में ही जीत हासिल की है। एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार ने कहा कि चेन्नई सुपर किंग धर्मशाला में पंजाब के साथ 12 साल और आरसीबी की टीम 13 साल बाद आमने सामने होगी। उन्होंने कहा कि यह दोनों मुकाबले रोचक होने की उम्मीद है। अपैक्स काउंसिल की बैठक, क्रिकेट सीजन पर होगी चर्चा हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की अपैक्स काउंसिल की बैठक वीरवार को धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में होगी। इसमें संघ के घरेलू क्रिकेट सीजन के अलावा धर्मशाला में मई को होने वाले आईपीएल मैचों की तैयारियों को लेकर चर्चा के साथ रणनीति भी बनाई जाएगी।इस त्रैमासिक बैठक में एचपीसीए के अध्यक्ष आरपी सिंह, सचिव अवनीश परमार, उपाध्यक्ष अमिताभ शर्मा, कोषाध्यक्ष विक्रम सिंह और संयुक्त सचिव विशाल शर्मा के अलावा अपैक्स काउंसिल के सदस्य उपस्थित रहेंगे। बैठक में 12 से 1 बजे तक होगी। इसमें सदस्य क्रिकेट सीजन को लेकर सुझाव रखेंगे। वहीं पूर्व में हुए टूर्नामेंट की लेखाजोखा भी रखा जाएगा। एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार ने कहा कि वीरवार को अपैक्स काउंसिल की बैठक आयोजित की जाएगी।

■ न्यूज गैलरी

दो लड़कों पर चाकू से हमला, अस्पताल में भर्ती

रायपुर/नवप्रदेश। गुढ़ियारी में चाकूबाजी की वारदात हुई है। घायल 2 लड़कों को मेकाहारा में भर्ती कराया गया है। वारदात के बारे में एसआई ने बताया कि घायल लड़के जन्मदिन मनाकर लौट रहे थे। इस दौरान लोचन और आयुष नाम के आरोपियों ने जबरन गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनों आरोपियों ने चाकू सामान हथियार से हमला किया। जिससे परमेश्वर और रौनक सिंह घायल हो गए। फिलहाल घायलों की हालत स्थिर है। बता दें कि पुलिस ने आगे की कार्रवाई करते 5 धाराओं में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक टीम गठित कर जल्द गिरफ्तार करने का दावा भी किया है।

पुरानी रंजिश के चलते युवक को पीटा

रायपुर/नवप्रदेश। आरडीए कालोनी बोरियाखुर्द में पुरानी रंजिश के चलते चार युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी फरहान आलम 18 वर्ष आरडीए कालोनी बोरियाखुर्द का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी उस्मान, रितिक, मोनू व अन्य ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पूर्व विवाद को लेकर दो पक्ष भिड़े

रायपुर/नवप्रदेश। चांदनी चौक सड्डू में पूर्व विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से प्रार्थी जीतेन्द्र यादव 32 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी महेश निषाद ने पुरानी रंजिश को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी महेश निषाद 38 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी जितेन्द्र यादव ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। दोनों पक्षों की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

फांसी पर लटका मिला युवक का शव

भिलाई/नवप्रदेश। शहर के जामुल थाना अंतर्गत घासीदास नगर के बोम्बे आवास के एक मकान में 18 वर्षीय युवक की लाश फंदे पर झूलती मिली। पुलिस ने बताया कि मृतक 18 वर्ष निवास बॉम्बे आवास घासीदास नगर जामुल अपने घर के अंदर फंदे पर रात में झूलता मिला जिसे परिजनों ने देखा तो तत्काल अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया । पुलिस मर्ग कायम कर जुटी जांच में । घटना की जानकारी लगते ही जामुल पुलिस मौके पर पहुंची व मामले की जांच में जुट गई है।

सरेआम शराब पीते 33 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 33 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

मिली जानकारी के अनुसार खम्हारडीह पुलिस ने कचना फाटक के पास सरेआम शराब पीते आरोपी कीर्ति दास जांगडे 25 वर्ष व मनोज सोनी 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं मौदहापारा पुलिस ने आरोपी सुखदेव साहू 37 वर्ष व भावेश शुक्ला 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी जीतेंद्र नागदेवे 45 वर्ष, सुजीत कुमार साहू 34 वर्ष व निखिल कुमार 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी राजेंद्र कुमार 34 वर्ष, किशोर ताण्डी 25 वर्ष, महेंद्र रचदानी 32 वर्ष व गणेश दीप 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह खमतराई पुलिस ने आरोपी श्रीराम चौहान 28 वर्ष, राजेश सिंह 38 वर्ष व चरण दास मानिकपुरी 37 वर्ष व चतुर सागर 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं सेजबहार पुलिस ने आरोपी धनेश्वर निषाद 32 वर्ष, गोकुल पाल 36 वर्ष व तुलसीराम सोनकर 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह आमानाका पुलिस ने आरोपी हेमंत कुमार कंवर 31 वर्ष, विशाल ढोले 23 वर्ष, पारस कुमार सोठिया 41 वर्ष, नरेंद्र वर्मा 35 वर्ष व पर्यटन वर्मा 53 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी मोह.आबिद 36 वर्ष एवं पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी जीतेश श्रीवास 33 वर्ष, अजय श्रीवास 33 वर्ष व शेखर सोनकर 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गोलबाजार पुलिस ने आरोपी शुभम सिंगरौल 29 वर्ष, राजेश सिंगरौल 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह आजाद चौक पुलिस ने आरोपी अजय मोहंती 47 वर्ष व जवाहर लाल शर्मा 51 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

एनएमडीसी ने पूर्व कर्मचारी पोर्टल 'सम्मान' का किया अनावरण

हैदराबाद/नवप्रदेश। अपने आदर्श विचारों - 'नौकरी के साथ भी, नौकरी के बाद भी'ङ्को मूर्त रूप देते हुए जिम्मेदार खनिक एनएमडीसी ने पूर्व कार्मिकों के लिए 'सम्मान' पोर्टल लॉन्च करके डिजिटल नवाचार में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस पहल का शुभारंभ 28.03.2024 को हैदराबाद में कंपनी के मुख्यालय में श्री अमिताभ मुखर्जी अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार) ने श्री विनय कुमार, निदेशक (तकनीकी), श्री बी. विश्वनाथ, सीवीओ, परियोजना प्रमुखों,मुख्यालय के विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में किया।

भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक के रूप में, एनएमडीसी न केवल औद्योगिक उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध है बल्कि मानव संसाधन को भी अत्यधिक महत्व देता है जो इसकी सफलता का प्रमुख कारक है। ÷सम्मान÷ इस प्रतिबद्धता का एक सूचक है, जो पूर्व कर्मचारियों को विभिन्न चिकित्सा दावों का प्रबंधन करने, व्यक्तिगत प्रोफाइल, आश्रितों के विवरण और आवेदन की स्थिति देखने के लिए एक सहज, डिजिटल प्लेटफॉर्म ऑनलाइनप्रदान करता है। प्रयोक्ता अनुकूलइस पोर्टल को समय पर प्रतिपूर्ति और सभी सेवानिवृत्ति सेवाओं तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिससे एनएमडीसी के पूर्व कर्मचारियों को उनकी दहलीज तक आरामदायक और सुविधाजनकसेवा मिलती रहे।

लॉन्च के अवसर पर बोलते हुए श्री अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) ने कहा, अपने पूर्व कर्मचारियों के जीवन को आसान बनाने की दिशा में योगदान करके हमें प्रसन्नता हो रही है। 'सम्मान' सेवानिवृत्ति के बाद भी एनएमडीसी परिवार को परेशानी के बिना लाभ प्रदान करने की हमारी मूल भावना का प्रतिनिधित्व करता है। यह पहल उन लोगों के योगदान का सम्मान करने के हमारे विश्वास की पुष्टि करता है जो हमारी यात्रा का एक अभिन्न हिस्सा रहे हैं।

'सम्मान' की शुरूआत न केवल एनएमडीसी की डिजिटल यात्रा में एक नया अध्याय है, बल्किएनएमडीसी परिवार के अतीत और वर्तमान के सभी सदस्यों के लिए एक देखभाल युक्त और समावेशी वातावरण को बढ़ावा देने के लिए कंपनी के समर्पण को भी मजबूत आधार प्रदान करता है।

अवैध रेत खनन से नदियों की बदली सूरत

■ पीएम आवास के लिए मिली छूट पर बिचौलिए सक्रिय

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। भाजपा की सरकार बनते ही अटके हुए प्रधानमंत्री आवासों को जल्द पूरा कराने रेत खनन नियमों में बदलाव किया गया है। ग्राम पंचायत के लेटर पैड पर खदानों से रेत बिना किसी रॉयल्टी के ले जाने की अनुमति दे दी गई है। पर अब इसका फायदा बिचौलिए उठा रहे हैं। रात में चोरी से नदियों में मशीन लगा कर रेत का उत्खनन कर रहे हैं। सुबह यही रेत बेचने का कारोबार जिले में चल रहा है। वर्तमान में रेत खनन प्रक्रिया में यह प्रावधान है कि सतह से 3 मीटर तक अथवा जल स्तर तक जो भी कम हो, रेत का उत्खनन किया जा सकता है। ऐसा उत्खनन नदी नाले के पानी के भीतर नहीं किया जाएगा। परंतु दंतेवाड़ा में इस नियम का पालन होता नहीं दिख रहा है। रोज सैकड़ों ट्रक रेत की अवैध ट्रांसपोर्टिंग हो रही है। विभाग के बोर्ड लगा कर महज खानापूर्ति की जा रही है। बोर्ड में इस क्षेत्र में रेत के अवैध उत्खनन पर प्रतिबंध और पकड़े जाने पर 2 से 5 वर्ष का कारावास या फिर 5 लाख के अर्थ दंड का प्रावधान की चेतावनीदी गई है। पर इसका कोई असर नहीं दिख रहा है। दंतेवाड़ा में अवैध रेत खनन का मामला विधानसभा चुनाव में खूब गूंजा था। दंतेवाड़ा में भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में रेत का अवैध कारोबार बंद करने की बात भी कही थी।

बदली नदियों की सूरत

दंतेवाड़ा से होकर बहने वाली शंकनी-डंकनी नदी से सबसे ज्यादा रेत का दोहन किया जाता है।पूरे जिले भर में इन्हीं दो नदियों से रेत की सप्लाई की जाती है। इसके लिए पूरी एक टीम बनी हुई है। जो रात को नदियों से रेत खोदती है। सुबह ट्रैक्टर से रेत बाहर निकालकर भंडारण करती है। फिर यही रेत हाईवा और टिप्पर वालों को महंगे दामों में बेची जाती है। बचेली-किरंदुल में एक हाईवा रेत 20 से 22 हजार में पहुंचती है। रेत की अवैध उत्खनन से दोनों नदियों की सूरत बदल गई है। साल के 12 महीना जिन नदियों में पानी का बहाव रहता था अब रूक गया है।

दंतेवाड़ा का खनिज विभाग इंस्पेक्टर के भरोसे

दंतेवाड़ा में खनिज विभाग का कोई भी अधिकारी नही है। एक इंस्पेक्टर के भरोसे पूरा जिला चल रहा है। इंस्पेक्टर अश्वनी झाड़ी से जब अवैध रेत के धंधे के बारे में उनका पक्ष लेने फोन लगाया गया तो उनके द्वारा फोन रिसीव ही नही किया गया। इंस्पेक्टर सुबह से कार्यालय भी नही पहुंचे थे। बालूद में कई जगहों पर रेत एकत्र कर बेचा जा रहा है। खनिज विभाग के अधिकारियों तक उनका हिस्सा पहुंच जाता है।

नक्सलियों का 3 को सुकमा-बीजापुर बंद का ऐलान

सुकमा/नवप्रदेश। बीते दिनों बीजापुर के चिपुरभट्टी में हुई मुठभेड़ को नक्सलियों ने फर्जी बताया है। मुठभेड़ के विरोध में 3 अप्रैल को सुकमा-बीजापुर जिले में बंद बुलाया है। जिसमें उन्होंने दो पार्टी कार्यकर्ता समेत 6 निहत्थे लोगों को गोली मारने का आरोप लगाया है। बता दें कि जगरगुंडा एरिया कमेटी की सीएमएम अध्यक्ष गंगी और पीएल 9 पार्टी सदस्य नागेश चिपुरभट्टी में ग्रामीणों की बैठक लेने गए थे। जहां सुबह 4 बजे सोए हुए कार्यकर्ताओं को निहत्थे पकड़कर गोली मारने का आरोप लगाया। बता दें कि बीते दिनों बीजापुर के चिपुरभट्टी में नक्सलियों और सुरक्षाकर्मियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। नक्सलियों ने दो पार्टी कार्यकर्ताओं समेत 6 निहत्थे को गोली मारने का आरोप लगाया। दक्षिण बस्तर डिविजन कमेटी के सचिव गंगा ने बयान जारी किया है। गरगुंडा एरिया कमेटी की सीएमएम अध्यक्ष गंगी और पीएल 9 पार्टी सदस्य नागेश चिपुरभट्टी में ग्रामीणों की बैठक लेने गए थे।

क्षीर सागर दुग्ध सहकारी समिति में वित्तीय अनियमितता

■ धुरली के डेयरी किसानों ने कलेक्टर से की शिकायत, जांच की मांग

बचेली/दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिले के बहुचर्चित क्षीर सागर दुग्ध सहकारी समिति के वर्तमान संचालकों पर वित्तीय अनियमितता सहित लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इसके बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पशुधन विभाग ने जांच कमेटी का गठन कर जांच प्रारंभ कर दी है।

तस्वीरे साझा कर किसानों ने टेकनार स्थित गौ शाला में पशुओं की दयनीय स्थिति और कुपोषण को लेकर जताई चिंता लापरवाही का भी लगाया आरोप। दरअसल दुग्ध उत्पादन सहकारी समिति मर्यादित धुरली के सदस्यों ने बीते दिनों कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, उपसंचालक पशु चिकित्सा एवं सहायक पंजीयन संस्था में पत्र के माध्यम से वर्तमान में संचालित क्षीर सागर दुग्ध सहकारी मर्यादित संस्था में वित्तीय अनियमितता एवं घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र सौंपा था। इसमें कहा गया कि क्षीर सागर दुग्ध सहकारी समिति मर्यादित दंतेवाड़ा में विगत वर्षों से किसानों का भुगतान लंबित है और दुग्ध कलेक्शन के लिए वाहन भी नहीं भेजा जा रहा है। समिति के सदस्यों की बैठक नहीं होती और ना ही किसी प्रकार की जानकारी दी जाती है। जिला प्रशासन की ओर से विगत वर्ष किसानों को भुगतान हेतु 25,00,000/- (पच्चीस लाख रुपए) दिया गया था पर न किसानों को भुगतान हुआ ना ही जमा हुआ। इस बात की समिति के सदस्यों को भी कोई जानकारी नहीं दी गई है। जो कि जांच का विषय हैं। किसानों को दुग्ध की राशि न मिलने से सभी किसान निराश है ऐसे में कार्यकारिणी मंडल को भंग कर नया चुनाव कर नए पदाधिकारीगण का गठन कर नियमित रूप से संचालन किया जाएं। चूंकि अभी जो संचालन कर रहे है उनके पास स्वयं की कोई डेयरी नहीं है। चूंकि एक ही व्यक्ति को गौ शाला टेकनार, डेनेक्स वाटर एवं क्षीर सागर संचालन करने दिया गया है, जो जांच का विषय है। चूंकि क्षीर सागर दुग्ध सहकारी समिति मर्यादित दंतेवाड़ा एक कोआपरेटिव सोसायटी है, जिसके नियमों की अनदेखी कर गणेश यादव के द्वारा निरंतर की जा रही है। जांच कर उचित कार्यवाही करें।

जांच कमेटी सदस्य डॉक्टर मनोज यादव ने बताया कि बीते दिनों धुरली के डेयरी किसानों ने जिला प्रशासन को लिखित में शिकायत की थी। इसके बाद जिला पशुधन विभाग ने जांच कमेटी का गठन किया। हमारे द्वारा क्षीर सागर दुग्ध सहकारी समिति को लिखित में जांच हेतु संस्था का लेखा जोखा व आवश्यक जानकारी मांगी जा चुकी है जांच जारी है।

जवानों और नक्सली के बीच मुठभेड़, विस्फोटक छोड़कर भागे माओवादी

पंखाजूर/नवप्रदेश। पिछले कुछ समय से नक्सली लगातार मुठभेड़ और अन्य बड़ी वारदातों को अंजाम देकर अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रहे हैं। सुरक्षाबलों द्वारा लगातार नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है, लेकिन फिर भी नक्सली बड़ी वारदातों को अंजाम देने से पीछे नहीं हट रहे हैं। नक्सलियों द्वारा लगातार बड़ी वारदातों को दिए जा रहे अंजाम से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। वहीं एक बार फिर नक्सलियों और जवानों के बीच मुठभेड़ हुई है। यह मुठभेड़ लगभग 5 घंटे तक चली है। मिली जानकारी के अनुसार, भूमकन जंगल में जवान गस्त पर निकले थे। इस दौरान अचानक नक्सली भी वहां पहुंच गए और जवानों पर फायरिंग कर दी। इसके बाद जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। शाम 6 बजे से रात 11 बजे तक यह मुठभेड़ चली। जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल की आड़ लेकर फरार हो गए। नक्सलियों के फरार होने के बाद जवानों ने सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान जवानों ने भारी मात्रा में नक्सल सामग्री बरामद की है।

अभियान के तहत पुलिस को मिली सफलता, एक माओवादी गिरफ्तार

दंतेवाड़ा। दंतेवाड़ा में नक्सली उन्मूलन अभियान में पुलिस को कामयाबी मिली। पुलिस दल द्वारा एक नक्सली को हिरासत में लिया गया। पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने बताया कि पुलिस को कटेकल्याण थाना अंतर्गत गोपनीय सूचना मिली थी। जिसमें संदिग्ध व्यक्तियों के आवाजाही की सूचना थी। इसके आधार पर कटेकल्याण थाना बल और छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के तुमकपाल दल को रवाना किया गया। पुलिस दल के नड़ेनार पहुंचने पर एक संदिग्ध व्यक्ति भागने लगा।

कोरबा जिला पुलिस ने लौटाए 201 गुम मोबाइल

■ सायबर सेल ने 201 गुम चोरी के मोबाइल को 7 अलग-अलग राज्यों से किये बरामद

■ बरामद मोबाइलों की कुल कीमत करीब 21 लाख

कोरबा/नवप्रदेश। साइबर सेल कोरबा द्वारा गुम और चोरी हुए मोबाइलों को ट्रेस कर रिकव्हर करने की कार्यवाही नियमित जारी है। वर्ष 2021 से साइबर सेल की टीम ने अब तक लगभग 1200 से अधिक गुम और चोरी हुए मोबाइलों को खोजकर उनके वास्तविक स्वामी तक पहुंचाया गया है। इन रिकव्हर किये गये गुम मोबाइलों का वर्तमान बाजार मूल्य लगभग 01 करोड़ रुपए से अधिक है।

गुम/चोरी मोबाइल बरामदी के क्रम में कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन व सायबर सेल प्रभारी सउनि अजय सोनवानी व उनकी टीम द्वारा विगत 2 माह में 201 गुमध्चोरी हुए मोबाइलों को बरामद किया गया है जिसका वर्तमान बाजार मूल्य करीब 21 लाख रुपए है जिसे सायबर सेल द्वारा छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के अलावा सीमावर्ती मध्य प्रदेश, उड़ीसा, झारखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार से कोरियर के माध्यम से मंगवाये गये हैं। चोरीध्गुम हुए मोबाइल के उपयोग करने वालों को साइबर सेल द्वारा कानूनी कार्यवाही की समझाइस देकर बरामद किए गए मोबाइलों में कई महंगे सेट भी है।

कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन पर 201 मोबाइलों को उनके वास्तविक स्वामियों को लौटाया गया। मोबाइल प्राप्त करते समय मोबाइल स्वामी काफी खुश नजर आए। उन्होंने कोरबा पुलिस को धन्यवाद दिया और बताये कि उन्हें विश्वास था कि उनका गुम मोबाइल पुलिस जरूर ढूंढ निकालेगी। गुमध्चोरी मोबाइल बरामदगी के कार्य में सायबर सेल प्रभारी सउनि. अजय सोनवानी, प्रधान आरक्षक गुनाराम सिंहा, चंद्रशेखर पांडे, राजेश कंवर, आरक्षक प्रशांत सिंह, सुशील यादव, आलोक टोप्पो, विकेश्वर प्रताप सिंह, रवि चैबे, रितेश शर्मा, डेमन ओगरे, महिला आरक्षक रेनू टोप्पो की सराहनीय भूमिका रही है।

रामबाग बाजार में नुक्कड़ नाटक के जरिए बताया गया मतदान का महत्व

धमतरी/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश और सीईओ जिला पंचायत तथा स्वीप जिला नोडल अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में जिले में स्वीप गतिविधियां चलाई जा रहीं हैं। इस दौरान लोगों को शत्-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। आज स्थानीय रामबाग बाजार में नेहरू युवा केन्द्र, जननी सेवा संस्थान, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सदस्यों द्वारा सामग्री बेचने वाले और खरीदी करने आये लोगों को आकर्षक नुक्कड़ नाटक के जरिए मतदान के महत्व के बारे में समझाया। इस मौके पर लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आगामी 26 अप्रैल होने वाले मतदान की जानकारी देते हुए लोगों के साथ सभी ने एकसाथ मिलकर नारे लगाए।